✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 171 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 18 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



सोनपुर मेले में अपनी आर्ट के बारे में बताते छपरा के सैंड आर्टिस्ट अशोक कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### लाठी-डंडे व ईंट पत्थर से कूचकर युवक की हत्या

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** भागन बिगहा ओपी क्षेत्र के मोरातालाव गांव में एक युवक की घर में घुसकर लाठी-डंडे व ईंट पत्थर से कूचकर निर्मम हत्या कर दी गई है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि मूंछ ऐंठने को लेकर हुए विवाद में युवक को घर में घुसकर पीट-पीटकर अधमरा कर दिया गया जिससे बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान द्वारिका पासवान के 30 वर्षीय पुत्र पवन कुमार के रूप में की गयी है।

### बेगूसराय में बोरे से मिली महिला की लाश

**बेगूसराय (नबिटा ब्यूरो)।** मटिहानी थाना क्षेत्र के नगर निगम के वार्ड नंबर-18 सिहमा गांव के पास आज एक अज्ञात महिला की बोरे में बंद लाश मिली है। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एफएसएल की टीम को सूचना दी गई है। आसपास के थानों में फोटो भेज कर मृतक के पहचान की कोशिश की जा रही है। सदर-वन डीएसपी आनंद कुमार पांडेय ने बताया लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक के पहचान की कोशिश की जा रही है।

### पिकअप की चपेट में आने से दो चचेरे भाइयों की मौत

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। मृतकों की पहचान किराना दुकानदार कृष्णा प्रसाद के पुत्र साहिल कुमारके तौर पर हुई है।

# बिहार में नई सरकार का शपथ ग्रहण 20 को, कल भंग हो जायेगी विधानसभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद नई सरकार बनाने की कवायद शुरू हो गई है। नीतीश कुमार ने सोमवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर पत्र सौंपा है जिसमें 19 नवंबर को विधानसभा भंग किए जाने की जानकारी दी गई है। इससे पहले आज आखिरी कैबिनेट मीटिंग हुई जिसमें मौजूदा विधानसभा को 19 नवंबर को भंग भंग करने का प्रस्ताव पास हुआ। जदयू के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में तीन प्रस्ताव पास हुए हैं। वर्तमान विधानसभा 19 नवंबर के प्रभाव से भंग करने की अनुशंसा कैबिनेट ने की है। मुख्यमंत्री जी के द्वारा महामहिम को अनुशंसा दे दिया गया है।

## जदयू-भाजपा विधायक दल की बैठक आज



दूसरा प्रस्ताव पूरे कार्यकाल में बिहार के पदाधिकारियों-कर्मियों ने जो सकारात्मक सहयोग दिया। सरकार की नीतियों को सफलतापूर्वक पालन किया, मुख्य सचिव के साथ तमाम कर्मियों के सेवा की सराहना की गई। तीसरा प्रस्ताव, संपन्न चुनाव में एनडीए को नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो भारी सफलता, प्रचंड बहुमत मिला, उसके लिए मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया गया। आज मंगलवार को जदयू विधायक दल की बैठक भी बुलाई गई है। बीजेपी विधायक दल की भी बैठक होगी। इसके बाद कल होनेवाली एनडीए की बैठक में विधायक दल का नेता चुना जाएगा, उसके बाद नई सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। 20 नवंबर को गांधी मैदान में नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने बताया कि नई कैबिनेट में 36 मंत्री होंगे, जिसमें 16 भाजपा से, 15 जदयू से, 3 लोजपा (आर) से, हम और रालोमो से 1-1 मंत्री होंगे। गांधी मैदान में इसकी तैयारी चल रही है। शपथ ग्रहण में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। मौजूदा सरकार का कार्यकाल 22 नवंबर को खत्म हो रहा है इसलिए उससे पहले हर हाल में नई सरकार का गठन करना जरूरी होगा। इसी बीच चुनाव आयोग ने सभी विजयी उम्मीदवारों की सूची राजभवन को सौंप दी है और राज्य में आचार संहिता भी खत्म हो चुकी है जिससे सरकार गठन की प्रक्रिया अब तेज होने वाली है।

# उत्तर कोयल जलाशय परियोजना की प्रगति में लाएं तेजी : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में सोमवार को उत्तर कोयल जलाशय परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह परियोजना 1367.61 करोड़ की लागत से झारखंड और बिहार के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर-राज्यीय सिंचाई और जल संसाधन परियोजना है। यह मुख्य रूप से बिहार के गयाजी और औरंगाबाद जिलों में सिंचाई की सुविधा प्रदान कर कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य सचिव ने परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक और समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि परियोजना से संबंधित भू-अर्जन का कार्य 15 दिसंबर 2025 से पहले हर हाल में समाप्त हो जाना चाहिए। उन्होंने गयाजी और औरंगाबाद के जिलाधिकारियों को निदेश दिया कि वे सभी रैयतों के भुगतान की प्रक्रिया को साथ-साथ जारी रखें और इसके साथ ही निर्माण कार्य को भी आगे बढ़ाते रहें। मुख्य सचिव ने मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे जल संसाधन विभाग और गयाजी एवं औरंगाबाद के जिलाधिकारियों के साथ लगातार समन्वय स्थापित करें ताकि इस महत्वपूर्ण परियोजना को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जा सके और समय पर पूरा किया जा सके। समीक्षा बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल, योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव के. सेंथिल कुमार, गयाजी एवं औरंगाबाद के जिलाधिकारी, अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण और वाबकोस के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# राजद विधायक दल के नेता बने तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में हार के तीन दिनों बाद तेजस्वी यादव को विधायक दल का नेता चुना गया है। पटना में एक पोलो रोड स्थित तेजस्वी के सरकारी आवास पर विधायक दल की बैठक हुई जिसमें यह फैसला लिया गया। बैठक में जीते और हारे दोनों विधायकों को बुलाया गया। बैठक में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, पूर्व सीएम राबड़ी देवी, मीसा भारती, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, बाहुबली नेता सूरजभान सिंह समेत सभी वरीय नेता मौजूद थे। करीब 4 घंटे तक चली बैठक में चुनाव में हार की समीक्षा भी की गई। राजद नेता रामानुज यादव ने बताया कि बैठक में मेन टू मेन टॉक हुआ। हार की समीक्षा की गई। तेजस्वी यादव को नेता प्रतिपक्ष चुना गया। इसके साथ ही चुनाव के रिजल्ट को लेकर कोर्ट जाने पर भी चर्चा हुई। इसे लेकर महागठबंधन के नेताओं की भी राय ली जाएगी। तेजस्वी आवास पहुंचे विधायक आलोक मेहता ने कहा कि चुनाव में गड़बड़ी हुई है, इसलिए इस तरह का रिजल्ट आया है। वहीं मटिहानी से जीतकर आए राजद के विधायक बोगो सिंह ने कहा कि एनडीए ने जीविका दीदियों का वोट खरीदा है।

# कार से ढ़ाई लाख कैश व 14 किलो चांदी जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के दीघा जेपी सेतु पर मंगलवार देर शाम वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक एक्सयूभी कार से ढाई लाख रुपए नकद और 14.100 किलोग्राम चांदी बरामद की। इस मामले में गाड़ी में सवार एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गंगा पार से आने वाले वाहनों की जांच के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा था। जेपी सेतु पर नियमित चेकिंग के दौरान एक तेज रफ्तार



एक्सयूभी को रोका गया। तलाशी के दौरान कार के डैशबोर्ड के अंदर से नकदी और चांदी की ईंटे मिलीं। बरामद चांदी का बाजार मूल्य लाखों में बताया जा रहा है। पुलिस ने तत्काल आयकर विभाग को इसकी सूचना दी। दीघा थानाध्यक्ष के अनुसार हिरासत में लिया गया व्यक्ति मूल रूप से मुजफ्फरपुर का निवासी है। वह गंगा पथ से होते हुए दीघा की ओर आ रहा था। फिलहाल, पुलिस और आयकर विभाग इस मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं।



# एनडीए की वापसी से विपक्ष में घबराहट : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि प्रचंड बहुमत से बनने जा रही एनडीए सरकार से विपक्ष बौखला गया है। उनके अनुसार चुनाव परिणाम आने के बाद विपक्षी दलों में अफरा-तफरी और सिर-फुटौवल की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कोई इवीएम पर सवाल उठा रहा है, कोई वोट चोरी का आरोप लगा रहा है तो कोई चुनाव आयोग पर ठीकरा फोड़ रहा है जबकि यह सब जनता के स्पष्ट जनादेश की अवहेलना है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार की बहुसंख्यक वोटरों ने चुपचाप एनडीए के पक्ष में मतदान किया और इसके पीछे दो प्रमुख कारण रहे–पहला, विकास और उसकी



तेज रफ्तार और दूसरा, समाज में 'माय समीकरण' के नाम पर भय और दबाव का माहौल बनाने की विपक्ष की कोशिश। उन्होंने कहा कि लोगों को डर था कि कहीं राज्य में फिर से जंगलराज न लौट आए, इसीलिए सभी तबके के मतदाताओं ने शांतिपूर्वक एनडीए को समर्थन दिया। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग अपने एक परिवार को एकजुट नहीं रख सकते, जो जनता को मालिक नहीं बल्कि मनोरंजन का साधन समझते हैं जिन्हें सेवा नहीं बल्कि सत्ता का मेवा चाहिए–वे अब कुर्सी के लिए छटपटा रहे हैं। लेकिन बिहार के प्रबुद्ध मतदाताओं ने स्पष्ट जनादेश दिया है जिसे नकारने की कोशिश लोकतांत्रिक भावनाओं के विपरीत है। मंत्री ने कहा कि बूथों पर तैनात विपक्षी पोलिंग एजेंट और काउंटिंग हॉल में मौजूद उनके प्रतिनिधि भी यह समझ चुके हैं कि इस बार सभी वर्गों ने लगभग एकमुश्त मतदान किया है। उन्होंने बिहार के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने विकास, शांति और समावेशी प्रगति के पक्ष में जनादेश दिया है जिसे सम्मानपूर्वक स्वीकार करना चाहिए।

## आगामी सरकार का मुख्य लक्ष्य 'विकसित बिहार' के सपने को साकार करना : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की अहम बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि 19 नवंबर को विधानसभा भंग करने की सिफारिश राज्यपाल को भेजी जाएगी जिससे आगे की संवैधानिक प्रक्रिया सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। इसके साथ ही कैबिनेट ने यह भी तय किया कि 20 नवंबर को बिहार की नई सरकार का गठन होगा और शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री के साथ नई मंत्रिपरिषद के सदस्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में शपथ लेंगे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आगामी सरकार का मुख्य लक्ष्य 'विकसित बिहार' के सपने को साकार करना है। उन्होंने बताया कि सभी सहयोगी दलों ने एक स्वर में यह स्पष्ट कर दिया है कि बिहार का भविष्य विकास पर निर्भर है और इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए संयुक्त रूप से निर्णय लिए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, आधारभूत संरचना और तकनीकी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सुधार आगामी सरकार की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त दृष्टि व नेतृत्व में बिहार तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने, औद्योगिक विकास को गति देने और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# मोदी-नीतीश सरकार जनता की आकांक्षाओं पर खरी उतरेगी : प्रेम रंजन पटेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने कहा है कि बिहार की जनता ने इस चुनाव में एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि उनका भरोसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुभवी एवं विकास-प्रधान नेतृत्व पर कायम है। जनता का यह विश्वास सिर्फ मतदान का निर्णय नहीं, बल्कि राज्य को तेज गति से प्रगति की राह पर आगे बढ़ता देखने की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि बनने जा रही एनडीए सरकार केवल राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक नहीं, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता, रोजगार सृजन और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ने वाली सरकार होगी। पटेल के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रीय दृष्टि और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रशासनिक अनुभव का संयोजन आने वाले वर्षों में बिहार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सरकार केवल वादों की नहीं, बल्कि डिलीवरी और परफॉर्मेंस की सरकार होगी। केंद्र और राज्य के समन्वित प्रयासों से विकास की रोशनी गांव-गांव तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि बिहार की जनता ने जिस भरोसे के साथ एनडीए को जनादेश दिया है, वह सरकार के लिए जिम्मेदारी भी है और संकल्प भी। मोदी-नीतीश की यह भरोसेमंद सरकार बिहार की जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगी।

## 'कचरे से सृजन, सृजन से प्रेरणा' : बी.डी. कॉलेज में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' प्रदर्शनी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्टार्ट-अप सेल, बी.डी. कॉलेज, पटना द्वारा 17 नवम्बर 2025 को कॉलेज परिसर में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' प्रदर्शनी का भव्य एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में हुआ जिनके सतत प्रोत्साहन ने संस्थान में नवाचार आधारित गतिविधियों को सशक्त बनाया है। कार्यक्रम का संचालन स्टार्ट-अप सेल प्रभारी डॉ. विशाल विजय एवं को-ऑर्डिनेटर सचिन राज ने किया जिनके प्रयासों से विभिन्न विभागों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनी में प्रस्तुत मॉडलों का मूल्यांकन एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया जिसमें उषा झा (अध्यक्ष, बिहार महिला उद्योग संघ), प्रो. नूपुर बोस (पूर्व विभागाध्यक्ष, भूगोल) तथा प्रो. प्रीति कश्यप (विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय) शामिल थीं। छात्रों ने अपशिष्ट एवं पुनर्चक्रण योग्य सामग्री से नवोन्मेषी, उपयोगी एवं पर्यावरण-सम्मत वस्तुएं तैयार कर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। निर्णायकों द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर शाहब बाबू प्रथम, गुलाम सुहानी एवं आदित्य राज द्वितीय तथा अनु कुमारी, निशा कुमारी एवं रवीशंकर प्रताप तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलने हेतु प्रेरित किया। निर्णायकों ने छात्रों की कल्पनाशीलता, सूझ-बूझ और उत्कृष्ट प्रस्तुति की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसमें निर्णायकों, अध्यापकों, छात्र प्रतिनिधियों तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## अग्रसेन सेवा न्यास के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 115 लोगों की हुई जांच



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में कुल 115 से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'बी' की जांच के लिए 22 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 70 मरीजों के आंखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया। इनमें 11 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था। इन सभी का निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 17 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया।

## महाप्रबंधक ने किया सोनपुर मेला में 'रेल ग्राम प्रदर्शनी' का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सोनपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में 'रेल ग्राम प्रदर्शनी' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह भी उपस्थित थीं। महाप्रबंधक ने रेल ग्राम में आकर्षण का केंद्र बने वाणिज्य यांत्रिक, सिग्नल,संरक्षा, सुरक्षा एवं चिकित्सा विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में यात्री सेवा एवं रेल परिचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं एवं यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं सहित रेलवे से संबंधित जानकारियों को पोस्टर द्वारा दर्शाया गया है। रेल ग्राम में



लगाये गये टॉय ट्रेन बच्चों के मध्य विशेष आकर्षण का केंद्र है। रेल ग्राम परिसर में श्रद्धालू यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष टिकट काउंटर भी खोला गया है। रेल ग्राम प्रदर्शनी को सम्मिलित रूप देते हुए जम्मू-कश्मीर के पीर पंजाल रेलवे सुरंग का रूप दिया गया है जिसमें मेलार्थियों को रेल कोच का अनुभव प्राप्त होगा। साथ ही सभी कंपार्टमेंट में अलग-अलग विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई है। पीर पंजाल टनल में कवच सुरक्षा प्रणाली से आप अवगत होते हुए विभिन्न विभागों के प्रदर्शनियों से रूबरू होते है । यहां 'रेल स्मृति केंद्र' भी खोला गया है जहां से रेलवे से संबंधित स्मृति खरीद सकते हैं। यहां बच्चों के मनोरंजन हेतु गेमिंग जोन, सेल्फी पॉइंट आदि लगाए गए हैं। सेल्फी के लिए हवा में लटकते इंजन वंदे भारत का मॉडल इत्यादि उपलब्ध है।

## गया जिले में अब तक 33 राइस मिलों का किया गया रजिस्ट्रेशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत किसानों से सरकारी स्तर पर धान खरीद की खरीद की जा रही है।किसानों से धान खरीद की जाने के साथ ही धन से चावल तैयार करने की भी प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए जिले में अब तक 33 राइस मिलों का रजिस्ट्रेशन किया गया है।इसमें से 27 उसना और छह अरवा चावल राइस मिल हैं।इन राइस मिलों से तैयार किए गए चावल एसएफसी के गोदाम में जमा कराया जाएगा। फिर इस चावल को जनवितरण प्रणाली के लाभुकों के बीच वितरण किया जाएगा।मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि पैक्स और व्यापार मंडल सहकारी समिति द्वारा संचालित धान क्रय केंद्र में धान बिक्री करने वाले जिले में अभी तक तीन हजार 875 किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराए हैं।इसमें से दो हजार 504 रैयत किसान हैं और एक हजार 371 गैर रैयत किसान शामिल हैं। धान क्रय केंद्रों पर वैसे ही किसानों से धान की खरीद की जाएगी जो किसान कृषि विभाग के माध्यम से निबंधित है।

# पीपीयू में 41 कर्मचारियों को मिला प्रमोशन, 2020 से लंबित प्रक्रिया पूरी

### दस्तावेज कमी वाले कर्मचारियों को सुधार का मौका, कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय (पीपीयू) में लंबे समय से लंबित प्रमोशन प्रक्रिया को आखिरकार आगे बढ़ाते हुए 41 कर्मचारियों को पदोन्नति दे दी गयी है। वर्ष 2020 में प्रारंभिक रूप से प्रमोशन के लिए आवेदन मांगे गये थे, लेकिन कई कारणों से प्रक्रिया अधर में पड़ी रही। इसके बाद 2023 में पुनः आवेदन का मौका दिया गया जिस पर कुल 136 कर्मचारियों ने आवेदन किया था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दो चरणों में उनकी स्क्रूटनी की और आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद 41 कर्मचारियों को प्रमोशन के योग्य पाया। इसमें अधिकांश एलडीसी से यूडीसी में प्रमोशन पाये हैं। इसमें दो जूनियर इंजीनियर को भी प्रमोशन मिला है। प्रमोशन कमिटी की बैठक पीपीयू के कुलपति प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें कुलसचिव डॉ अबू बकर रिजवी, सीसीडीसी प्रो शिव कुमार, सरकार के प्रतिनिधि अरुण कुमार और प्रतिमा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में सभी आवेदनों की समीक्षा की गयी और मेरिट, सेवा रिकॉर्ड एवं आवश्यक कागजात के आधार पर पदोन्नति के फैसले लिये गये। कुलसचिव ने कहा है कि जिन कर्मचारियों के दस्तावेज अधूरे पाये गये हैं, उन्हें सुधार और आवश्यक प्रमाण उपलब्ध कराने के लिए समय दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेज पूर्ण होने के बाद उनके मामलों पर भी विचार किया जायेगा। ताकि योग्य उम्मीदवारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**आगे की सभी प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी तय समय पर**

प्रमोशन मिलने से लाभान्वित हुए 41 कर्मचारियों में उत्साह देखा जा रहा है। कई कर्मचारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा वर्षों से लंबित प्रक्रिया को पूरा करना एक सकारात्मक कदम है जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और कार्यप्रणाली में भी सुधार आयेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि आगे की सभी प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी तय समय पर बेहतर तरीके से पूरी की जायेंगी।

**कर्मचारी किसी भी संस्थान की रीढ़ होते हैं**

कुलपति प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय कर्मचारी किसी भी संस्थान की रीढ़ होते हैं और उनके कैरियर विकास से संस्थान के कामकाज में गुणवत्ता स्वतः बढ़ती है। उन्होंने बताया कि पारदर्शिता और नियमों के अनुरूप प्रमोशन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। कुलसचिव ने भी कहा कि कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। यूनिवर्सिटी व कॉलेज स्तर पर कर्मचारी काफी काम करते हैं। अब आगे समय पर सभी को परमोशन मिलेगा। पीपीयू में प्रमोशन प्रक्रिया के पूरा होने के बाद अन्य प्रशासनिक सुधारों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने संकेत दिया है कि जल्द ही और भी लंबित मामलों का निपटारा किया जायेगा जिससे कर्मचारी और शैक्षणिक कार्य दोनों सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।

# महिलाओं को ही नहीं बल्कि पुरुषों को भी होता है ब्रेस्ट कैंसर

### मेदांता पटना ने जागरूकता का नया अभियान शुरू किया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। स्तन कैंसर को अक्सर केवल महिलाओं की बीमारी माना जाता है, लेकिन चिकित्सा विज्ञान के अनुसार पुरुष भी ब्रेस्ट कैंसर से प्रभावित हो सकते हैं। इसी महत्वपूर्ण तथ्य को सामने लाने के उद्देश्य से जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना ने आज 'आओ देखो सीखो' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य स्तन स्व-जांच के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, लेकिन इस बार विशेष रूप से यह संदेश दिया गया कि स्तन स्वास्थ्य पर ध्यान केवल महिलाओं के लिए ही नहीं, पुरुषों के लिए भी



उतना ही आवश्यक है। कार्यक्रम का आयोजन पटना हाई कोर्ट में किया गया जिसमें हाई कोर्ट के न्यायाधीश, वकीलों और कर्मचारियों के अलावा डॉ. रवि शंकर सिंह (मेडिकल डायरेक्टर, मेदांता पटना) और डॉ. निहारिका रॉय (सीनियर कंसल्टेंट, ब्रेस्ट सर्विसेज, मेदांता कैंसर इंस्टीट्यूट) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. रवि शंकर सिंह ने कहा पुरुषों में भी ब्रेस्ट टिश्यू होता है, इसलिए पुरुष ब्रेस्ट कैंसर से अछूते नहीं हैं। दुर्भाग्य से जागरूकता की कमी के कारण पुरुषों में यह बीमारी अक्सर देर से पकड़ी जाती है। हमारी कोशिश है कि समाज समझे-स्तन स्वास्थ्य सभी का मुद्दा है, केवल महिलाओं का नहीं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक पहचान से उपचार की सफलता कई गुना बढ़ जाती है, इसलिए पुरुषों को भी स्तन क्षेत्र में किसी भी गांठ, दर्द, सूजन या बदलाव को गंभीरता से लेना चाहिए। कार्यक्रम की विशेषज्ञ वक्ता डॉ. निहारिका रॉय ने बताया स्तन स्व-जांच बेहद सरल है और पुरुष भी इसे आसानी से कर सकते हैं। शुरुआती लक्षणों को पहचानना ही ब्रेस्ट कैंसर के खिलाफ सबसे मजबूत हथियार है-चाहे महिला हो या पुरुष। उन्होंने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर अब उम्र, लिंग या सामाजिक वर्जनाओं का विषय नहीं रह गया है। जितनी जल्दी लक्षण पहचान लिए जाएं, उतना बेहतर परिणाम मिलता है। कार्यक्रम के बाद 17 और 18 नवंबर को स्तन स्व-जांच का व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों को विशेष सिम्युलेटर पर सही विधि सिखाई गई। सैकड़ों प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया जिनमें महिलाओं के साथ पुरुष कर्मचारियों ने भी सक्रिय रुचि दिखाई। कार्यक्रम में अनेक बुद्धिजीवियों ने भाग लिये जिनमें न्यायमूर्ति राजीव रॉय, न्यायमूर्ति सोनी श्रीवास्तव, पी. के. शाही, महाधिवक्ता, बिहार, रमाकांत शर्मा, अध्यक्ष, बिहार बार काउंसिल, शैलेन्द्र सिंह, अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ, निवेदिता निर्विकार, वरिष्ठ अधिवक्ता,अजय कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता, अर्चना सिन्हा, अध्यक्ष, बिहार महिला महासंघ शमा सिन्हा, सचिव, बिहार महिला महासंघ अनुराधा सिंह, कोषाध्यक्ष, बिहार महिला महासंघ इत्यादि। मेदांता पटना का 'आओ देखो सीखो' अभियान अब स्तन स्वास्थ्य को केवल महिलाओं तक सीमित नहीं रख रहा, बल्कि यह संदेश दे रहा है कि 'ब्रेस्ट कैंसर किसी को भी हो सकता है- समय पर जांच हर किसी के लिए जरूरी है।'

## सभी सरकारी वाहन चालकों को दिया जायेगा सुरक्षित ड्राइविंग का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** परिवहन विभाग द्वारा सोमवार को विश्वेशरैया भवन स्थित सभाकक्ष में राज्य के सभी सरकारी वाहन चालकों के लिए सड़क सुरक्षा के नियमों, संकेतकों तथा सुरक्षित ड्राइविंग से संबंधित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों एवं विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में सरकारी विभागों के वाहन चालक शामिल हुए। यह प्रशिक्षण इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग रिसर्च द्वारा दिया गया। राज्य परिवहन आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि विकास आयुक्त के निर्देश के आलोक में राज्य के सभी सरकारी वाहन चालकों एवं अन्य श्रेणी के चालकों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी ताकि सरकारी वाहन चालक न केवल कुशल चालक बन सकें बल्कि सरकारी प्रणाली के अनुरूप सड़क सुरक्षा के नियमों, प्रावधानों एवं नवीनतम अद्यतन जानकारियों से अवगत रह सकें। पूर्व से यातायात उल्लंघनकर्ताओं को सड़क सुरक्षा के नियमों व संकेतों से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्य परिवहन आयुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता का विषय है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु नियमों की समझ, व्यवहारगत सुधार और यातायात संकेतों का पालन अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से सभी सरकारी चालकों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि महिला वाहन चालकों पर सरकार का विशेष फोकस है।

## संजय यादव पर फूटा राजद कार्यकर्ताओं का गुस्सा, राबड़ी आवास के बाहर हंगामा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में आरजेडी को मिली भारी हार के बाद पार्टी के भीतर नाराजगी खुलकर सामने आ गई है। लालू यादव के समर्थक अब तेजस्वी यादव के सलाहकार और राजद सांसद संजय यादव पर सीधा हमला कर रहे हैं। सोमवार को विधायक दल की बैठक के बाद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राबड़ी देवी के घर के बाहर जुटे और संजय यादव के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। संजय यादव मुर्दाबाद के नारे लगाये। कई कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पार्टी की शर्मनाक हार और संगठन की कमजोरी के पीछे संजय यादव ही जिम्मेदार हैं। इससे पहले राबड़ी आवास पर लालू की बेटी रोहिणी आचार्या और तेजस्वी यादव के बीच संजय यादव को लेकर विवाद हुआ था। रोहिणी ने दावा किया था कि संजय का नाम लेने पर उन्हें गाली दी गई और उन पर चप्पल तक फेंका गया।

# ट्रेड फेयर के बिहार पवेलियन में छाया 'गजानन सिद्धिविनायक फूड'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार पवेलियन के स्टॉल नंबर 12 पर प्रदर्शित 'गजानन सिद्धिविनायक फूड' इस वर्ष ट्रेड फेयर 2025 में लोगों का विशेष आकर्षण बना हुआ है जहां फेमस कतरनी, स्वर्ण मंसूरी एवं सोनम चावल को लोग खूब पसंद कर रहे हैं एवं ऑर्डर बुक करा रहे हैं। यह कंपनी बिहार में पूरी तरह जैविक खेती (ऑर्गैनिक फार्मिंग) के माध्यम से चावल का उत्पादन और विक्रय करती है। बिना किसी



रासायनिक प्रक्रिया के तैयार किए गए इनके चावल 100% शुद्ध, प्राकृतिक और स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित हैं। कंपनी के पास कुल 7 प्रकार के चावल हैं जिनकी कीमत 40 रुपये किलो से 70 रुपये किलो तक है। इनमें सबसे लोकप्रिय मनसूरी चावल (40/किलो), सोनम स्टीम चावल (70/किलो) और कतरनी व्हाइट सेला चावल (50/किलो) हैं जिन्हें उपभोक्ताओं की ओर से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। स्थापना से ही गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने की सोच के साथ काम कर रही इस कंपनी के संस्थापक पवन कुमार झुनझुनवाला हैं जबकि संचालन की जिम्मेदारी गोपाल कुमार झुनझुनवाला संभालते हैं। स्टॉल पर आने वाले आगंतुक न सिर्फ चावल की गुणवत्ता और सुगंध से प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि इसके रसायनमुक्त, स्वच्छ और हाइजेनिक उत्पादन की सराहना भी कर रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के बीच यह चावल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। ट्रेड फेयर में मिल रही शानदार प्रतिक्रिया से साफ है कि 'गजानन सिद्धिविनायक फूड' बिहार के ऑर्गैनिक ब्रांड के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है।

इसके अलावा पवेलियन में स्टेट अवॉर्डी नाजदा खातून का सिक्की आर्ट, मंजूर आलम का डिजाइनर लेदर उत्पाद एवं राकेश कुमार के हैंडलूम कढ़ाई शूट उत्पाद को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। बिहार के चंपारण से आए लेदर उत्पाद स्टॉल के मंजूर आलम ने बताया कि लेदर के पर्स, लेडीज पर्स, बैग, ऑफिस बैग, ट्रॉली बैग, बेल्ट एवं अन्य उत्पाद के खास डिजाइन को लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

# ऐतिहासिक होगा शाहाबाद महोत्सव, देश भर से रोहतासगढ़ में बुद्धिजीवियों का होगा जुटान

## आगामी 6 और 7 दिसंबर को ऐतिहासिक धरोहरों को लेकर होगा मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**डिहरी ऑन-सोन।** आगामी 6-7 दिसंबर को रोहतासगढ़ में आयोजित होने वाले शाहाबाद महोत्सव की तैयारी को लेकर सोमवार को रोहतास प्रखंड मुख्यालय स्थित गायत्री मंदिर परिसर में एक बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार ने कहा कि अपने कला संस्कृति, खान-पान और गौरवशाली इतिहास को सहेजना हम सबों का नैतिक दायित्व बनता है। इसी को केंद्र में रखकर तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिछले 6 वर्षों से शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रोहतासगढ़ किला में 6-7 दिसंबर को कार्यक्रम आयोजित की गई है जिसमें कार्यक्रम में कला संस्कृति, राजनीति, चिकित्सा, साहित्य आदि क्षेत्रों में महती भूमिका निभा रहे देशभर से लोग शिरकत करेंगे। इसके लिए आयोजन समिति द्वारा युद्धस्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोहतासगढ़ हमारे इतिहास, विरासत और संस्कृति का प्रतीक है इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार यहां कार्यक्रम आयोजित की गई है। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक और भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवेश राम ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के नेतृत्व में पिछले 6 वर्षों से अभियान चलाया जा रहा है और इसके सुखद तथा सकारात्मक परिणाम भी अब दिखने लगे हैं जिसमें सभी लोगों को मिलजुल कर सहयोग करना चाहिए। इस दौरान युवा नेता और रोहतास नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि तोराब नियाजी ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत बहुत ही गौरवशाली रहा है। रोहतासगढ़ किला, चौरासन मंदिर हमारे धरोहर हैं और इसे राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय पटल पर लाना हम सबों की नैतिक दायित्व बनता है। बैठक के दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रचार प्रसार कैसे हो इस पर भी चर्चा हुई। साथ ही अभियान चलाकर अपनी कला संस्कृति से लोगों को जोड़ने का संकल्प लिया गया। बैठक में पूर्व मुखिया शौकत खान, संतोष कुमार उर्फ भोला जी, भाजपा नेता सुधीर सिंह, टीम सबल के अरूणोश पांडे, मुकेश कुमार, अनिल सिंह, आशिष कुमार, विशालदेव आदि ने भी अपना विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता पूर्व मुखिया कृष्ण कुमार यादव तथा संचालन उदय तिवारी ने की।

# 127.97 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने नगर थाना में प्रेस वार्ता में बताया कि जिला आसूचना इकाई को जानकारी प्राप्त हुई कि गांजा तस्कर, महिन्द्रा कम्पनी का ट्रैक्टर के डाला के नीचे पटरा पर भारी मात्रा में गांजा औरंगाबाद के रास्ते डिहरी की ओर ला रहा है। प्राप्त आसूचना के आलोक में तस्करी की जा रही गांजे की बरामदगी एवं तस्कर की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-01 अतुलेश झा, डिहरी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें शिवेंद्र कुमार थानाध्यक्ष, डिहरी नगर थाना तथा दण्डाधिकारी के रूप में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, डिहरी एवं तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई, रोहतास को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि गठित टीम के द्वारा आवश्यक कार्यवाही के लिए पाली रोड एन०एच०-02 पर लक्ष्मी टी०वी०एस० शो रूम के सामने सघन वाहन चेकिंग प्रारंभ किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान औरंगाबाद की ओर से आ रही एक महिन्द्रा ट्रैक्टर को रूकवाया गया, गाड़ी को दण्डाधिकारी के समक्ष विधिवत तलाशी किया गया। तलाशी के दौरान ट्रैक्टर के डाला के नीचे का पटरा पर बिछाया हुआ अलग-अलग पैकेटों में 127.97 कि.ग्रा. गांजा पाया गया। गाड़ी के ड्राइवर महेन्द्र मुसहर, उम्र-42 वर्ष, पिता-स्व. प्रसादी मुसहर, सा.-मोहम्मदपुर, जिला-रोहतास को अवैध रूप से गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार गांजा तस्कर के द्वारा बताये गये तस्करी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही जारी है।

# आरपीएफ ने चलती ट्रेन के आगे कूदने वाली महिला यात्री की बचाई जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सोमवार को गाड़ी संख्या 13009 अप (हावड़ा - देहरादून एक्सप्रेस) सासाराम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 02 पर प्रवेश करते समय लोको पायलट के द्वारा वॉकी टॉकी पर समय 07:26 बजे सूचना दी गई कि एक महिला इंजन के आगे कूद गई है। प्राप्त सूचना पर ऑन ड्यूटी अधिकारी सहायक उप निरीक्षक दिनेश्वर राम, प्रधान आरक्षी अजीज खान तथा ऑन ड्यूटी पोर्टर अनिल कुमार त्वरित कार्यवाही करते हुए जीआरपी कार्यालय के पास पहुंचे जहां देखा कि एक महिला उम्र करीब 50 वर्ष उक्त ट्रेन के नीचे बीचों बीच पड़ी हुई थी जिसके दोनों पैर घुटने के ऊपर से कट गए हैं। तत्काल वाकी टाकी के माध्यम से ट्रेन मैनेजर से बात कर गाड़ी रुकवाया गया और प्लेटफॉर्म के विपरीत तरफ से ट्रेन के नीचे से निकाला गया। मौके पर घायल महिला के पति मौजूद थे जिनके द्वारा अपना नाम अमरजीत कुमार पुत्र स्व. कृष्णा तिवारी निवासी ग्राम बैजला, थाना-मुफस्सिल सासाराम, जिला रोहतास (बिहार) बताते हुए उक्त महिला यात्री इंदु देवी को अपनी पत्नी बताया जिनका मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और इलाज हेतु हरिद्वार ले जाना बताया। उनका उक्त गाड़ी में कोच संख्या ए1, बर्थ संख्या 5,6 पीएनआर संख्या 6821467392 पर सासाराम से हरिद्वार जाने का यात्रा टिकट था जो कोच संख्या ए1 की तरफ जाने की क्रम में वह जैसे आगे बढ़े तो उनकी पत्नी अचानक इंजन के सामने जाकर कूद गई जो मानसिक रूप से थोड़ी कमजोर थी बताया गया। बाद में महिला को त्वरित कार्रवाई करते हुए एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल ट्रॉमा सेंटर सासाराम में भर्ती करवाया गया जहां प्राथमिक उपचार किया गया। बाद में स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर पटना पीएमसीएच के लिए रेफर कर दिया गया। बाद में उक्त घायल महिला के पति अमरजीत कुमार व अन्य परिजन बेहतर इलाज के लिए पटना लेकर चले गए। उक्त घटना के कारण गाड़ी संख्या 13009 अप (दून एक्सप्रेस) सासाराम रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 02 पर समय 07:26 से 07:36 बजे तक खड़ी रही।

# हमारी हार में भी जनता की जीत छिपी है : गुड्डू चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा के परिणामों को मैं जनादेश के रूप में स्वीकार करता हूं। हमारी हार कर भी जीत हुई है। डिहरी की जनता का प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद खड़ा है। डिहरी राजद के प्रत्याशी गुड्डू चन्द्रवंशी के अनुसार सच्चाई कड़वी है, कुछ लोगों ने आरजेडी को भीतर से खोखला कर बरबाद कर दिया। इसी वजह से आज हमारे नेता तेजस्वी यादव चिंतित हैं। मैं बार-बार कहता हूं जनता ही मां-बाप होते हैं। जनता का फैसला सर-माथे पर और आज भी उसी भावना के साथ मैं अपने मतदाताओं का फैसला स्वीकार करता हूं। हार और जीत अलग बातें हैं, लेकिन इरादा और प्रयास ही असली जीत होती है। डिहरी विधानसभा की जनता से मैंने जो वादे किए थे, उनको निभाने का प्रयास मैं लगातार करता रहूंगा। चाहे मैं विधायक बनूं या नहीं। मेरे दरवाजे हर समय जनता के लिए खुले रहेंगे। बिहार ने सुशासन की सरकार चुनी है हम उसका सम्मान करते हैं और जनता के हित में हर कदम पर रचनात्मक भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बिहार की युवा शक्ति, मातृशक्ति और आप सभी को दिल से धन्यवाद देता हूं। आपने मुझे अपार प्यार दिया– और यह प्रेम मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। जनता की आवाज बनकर, हम और मजबूती से वापस लौटेंगे।

# वृद्ध की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के पुसौली के पास एक सड़क दुर्घटना में घायल एक वृद्ध व्यक्ति की वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान सोनहन थाना क्षेत्र के गौवा गांव निवासी 65 वर्षीय विमल पासवान के रूप में हुई है।

परिजनों ने बताया कि विमल पासवान को एक सटिका बीमारी थी जिसके इलाज के लिए वह दूसरे गांव जा रहे थे। तभी पुसौली के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि विमल पासवान के शव का पुलिस की उपस्थिति में सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है। इस मामले को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से विमल पासवान घायल हुए थे जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं वर्षगांठ उत्साहपूर्वक मनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में कुलसचिव डॉ कुमार अलोक प्रताप ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में बिरसा मुंडा की जीवनी और आदिवासी समुदाय के लिए जमींदारों से लड़कर उनका जमीन वापस दिलवाए। ऐसे ऐतिहासिक महत्व पर विभिन्न वक्ताओं ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लगभग 150 छात्र उपस्थित रहे। नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के स्वयंसेवक राजा बाबू और आशीष रंजन के द्वारा इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा क्विज प्रतियोगिता और स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एन एस एस स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और प्रतियोगिता में पार्टिसिपेट भी किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा कुमारी, द्वितीय स्थान सुसेन कुमार, तृतीय स्थान श्रुति कुमारी, चतुर्थ स्थान शुभांगी चंद्रा और पंचम स्थान ज्ञांशु कुमार ने प्राप्त किया। इसके साथ ही स्पीच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृष्णा कुमार, द्वितीय स्थान शुभांगी चंद्रा, तृतीय स्थान सलोनी कुमारी, चतुर्थ स्थान आकांक्षा कुमारी और पंचम स्थान धीरज कुमार ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन आयुष कात्यान द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वेदांत कुमार प्रजापति ने किया। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से 'भारत माता की जय' और राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# मुरारी प्रसाद गौतम की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी, एक दूसरे को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी।** विधानसभा चुनाव में मुरारी प्रसाद गौतम की ऐतिहासिक जीत के बाद सोमवार को सुबह 9 बजे चेनारी बाजार में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी और मिठाइयां बांटी। एनडीए के मुरारी प्रसाद गौतम चेनारी विधानसभा के विधायक के ऐतिहासिक जीत पर चेनारी में भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सावित्री गुप्ता के द्वारा सैकड़ों महिलाओं के बीच चेनारी में मिठाइयां बांटकर एवं अबीर गुलाल लगाकर खुशियां मनाई गई। महिला मोर्चा सावित्री गुप्ता के नेतृत्व में सभी महिलाओं ने खुशियां जाहिर की। सावित्री गुप्ता महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष ने कहा कि इस जीत को विकास की जीत बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में लगातार विकास कार्य हुए हैं वहीं राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार साथ मिलकर केंद्र और राज्य स्तर पर चौतरफा विकास को गति मिली है। इसी का परिणाम है कि जनता ने एक बार फिर एनडीए पर भरोसा जताया है। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं का भी जिक्र किया। जीविका दीदियों को रोजगार के लिए 2 दो लाख रुपए की व्यवस्था 10 हजार रुपए की त्वरित सहायता, मुफ्त बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी, उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन, मुफ्त अनाज योजना और किसान सम्मान निधि इन योजनाओं का सीधा लाभ आमजन को मिला जिससे जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नेतृत्व की सराहना की।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. एमसी/40/सी/आरओएच / 5500 / 2025 – 26, दिनांक 13.11.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. एमसी–40–सी–कॉन्ट्रैक्चुअल–5500, कार्य का नाम:** "अण्डाल, पीबी के आइटम नं. 519 (25–26) में 5500 वैगनों का आरओएच।" **निविदा मूल्य :** रु. 10,23,44,834.20, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 6,61,700/– **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 15.12.2025 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-240/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# बीएसपी विधायक ने काउंटिंग में धांधली, लाठीचार्ज और निर्दोष समर्थकों पर एफआइआर का लगाया आरोप

## डीजीपी-डीआईजी से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के रामगढ़ विधानसभा के बिछिया स्थित अपने आवास पर बीएसपी से जीते विधायक सतीश कुमार सिंह उर्फ पिंटू यादव ने प्रेस वार्ता कर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को मतगणना के दौरान धांधली का प्रयास किया गया और विरोध करने पर उनके शांतिपूर्वक बैठे समर्थकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज, आंसू गैस और फायरिंग तक करवाई जिसमें सैकड़ों लोगों को चोटें आईं। साथ ही निर्दोष समर्थकों पर अलग-अलग थाने में 197 और 50 नामजद एफआईआर दर्ज कर दी गई। विधायक ने बताया कि 25 राउंड की गिनती में 24 राउंड का परिणाम घोषित होने के बाद अंतिम राउंड को रोक दिया गया। दावा किया कि प्रशासन दबाव बनाकर बीजेपी प्रत्याशी को विजयी घोषित करने का प्रयास कर रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन नियमों के विरुद्ध मोहनियां डीएसपी प्रदीप कुमार लगभग 50 पुलिसकर्मियों के साथ काउंटिंग हॉल में घुस आए और बीएसपी एजेंट को बाहर निकालने का प्रयास किया। विरोध करने पर पुलिस पीछे हट गई, लेकिन बाहर मौजूद समर्थकों पर कार्रवाई की गई। यादव ने कहा कि कई नामजद ऐसे लोग हैं जो मतगणना हॉल में रात 11 बजे तक उनके साथ थे जिसका सबूत सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि शाम 5 बजे तक हुई जीत के छह घंटे बाद तक अधिकारियों पर बार-बार आ रहे फोन कॉल के दबाव में परिणाम रोका गया। विधायक ने कहा कि वे डीजीपी, डीआईजी और वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर मामले की जांच, निर्दोषों पर दर्ज एफआइआर वापस लेने और मोहनियां डीएसपी पर कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि 2020 में उनके अभिभावक अंबिका यादव के साथ भी कथित रूप से ऐसा ही अन्याय हुआ था।

# छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बाबा गणिनाथ महाविद्यालय जमुहार में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के द्वारा इंटर्नशिप को सफल संचालन करने के लिए मनोविज्ञान विभाग, गृह विज्ञान, संगीत विभाग, अर्थशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप की जानकारी दी गई। कालेज प्रभारी प्राचार्य डॉ अखिलेश कुमार सिंह एवं मार्गदर्शन पर्यवेक्षण प्रो. आनंद कुमार मौजूद थे। कॉलेज के नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि द्वारा छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य चर्चा की गई इसमें छात्र-छात्राओं को 120 घंटे का अनिवार्य रूप से इंटर्नशिप करना है। इसके लिए जानकारी सभी विभाग अध्यक्ष, सभी विषयों के शिक्षकों को कराने हेतू जनकारी दी गई। बैठक में प्रो. लक्ष्मी शर्मा, प्रो. अनिता कुमारी, प्रो. राखी कुमार, प्रो. मीरा कुमारी, प्रो. अनामिका, प्रो संगीता सहित कई लोग उपस्थित थे।

# इवीएम का वीडियो बनाने पर प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिला साइबर थाना में इंटरनेट मीडिया पर बिहार विधानसभा के मतदान के दौरान इवीएम का वीडियो बनाकर पोस्ट करने के आरोपी डब्लू भैया पर रविवार शाम को प्राथमिकी किया गया है। साइबर थानाध्यक्ष डीएसपी गौरव कुमार यादव ने कहा है कि इंटरनेट मीडिया पर मनीष माल्या, ऋतुराज कुमार सिंह व रोहतास मिशन नामक ग्रुप में डब्लू भैया के द्वारा चुनाव से संबंधित पोस्ट किया गया है जिसमें बिहार विधानसभा निर्वाचन के मतदान के दौरान इवीएम का वीडियो बनाकर पोस्ट किया गया है जो आदर्श आचार संहिता एवं भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन है। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया है। समाज में राजनीतिक माहौल बिगड़ता, उन्माद फैलाने एवं शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शहर में जाम की समस्या बनी नासूर, शहरवासी परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** शहर में जाम की समस्या नासूर बनी हुई है। जाम की समस्या से शहरवासी हर दिन परेशान हैं। रोजाना सड़कों पर लगने वाले जाम आम राहगीरों के साथ तीर्थ यात्रियों के लिए सबसे बड़ी समस्या बनी है। सोमवार को शहर की सड़कें जाम से बेहाल रहीं। सुबह से लेकर देर शाम तक केदारनाथ मोड़, गोल पत्थर, कोर्ट रोड, चौक टावर और रमना रोड पर गाड़ियों की रफ्तार रेंगती रही। ऑफिस टाइम हो या स्कूल ड्यूटी, हर जगह वाहनों की लंबी कतारों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। कई जगह तो हालात ऐसे बने कि लोग वाहन छोड़ पैदल निकलना बेहतर समझने लगे। केदारनाथ मोड़ पर अचानक बढ़े वाहनों के दबाव और सड़क किनारे अवैध पार्किंग ने जाम को और विकराल कर दिया। गोल पत्थर से कोर्ट रोड तक दोपहिया-चारपहिया वाहनों की लंबी लाइनें लगी रहीं। चौक टावर क्षेत्र में दुकानों के सामने बेतरतीब खड़े वाहनों ने स्थिति बिगाड़ दी। रमना रोड पर तो घंटों तक ट्रैफिक पुलिस जूझती रही, फिर भी जाम खुलने का नाम नहीं ले रहा था। भीषण जाम के कारण स्कूल बसें और एंबुलेंस भी फंसती रहीं जिससे अभिभावक और मरीज परिजन परेशान दिखे। तेज धूप में खड़े राहगीर हलकान हो गए। कई दुकानदारों ने बताया कि जाम की वजह से ग्राहकों का आना-जाना प्रभावित हुआ जिससे व्यवसाय पर भी असर पड़ा। लोगों का कहना है कि अवैध पार्किंग, अतिक्रमण और सड़कों की कम चौड़ाई के कारण शहर रोजाना जाम की चपेट में रहता है। हालांकि पुलिस ने कई जगहों पर मोर्चा संभाला, लेकिन वाहनों का दबाव इतना ज्यादा था कि स्थिति सामान्य करने में देर लगी। व्यवसायियों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि शहर का ट्रैफिक सिस्टम ठप न हो जाए।

# धार्मिक उन्माद फैलाने की प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंटरनेट मीडिया पर आतंकी दिल्ली में ब्लास्ट करके बिहार में इवीएम चोरी करने का प्लान है जैसे पोस्ट करने वाले धीरेन्द्र यदुबंशी पर रविवार शाम जिला साइबर थाना में प्राथमिकी किया गया है। साइबर थानाध्यक्ष डीएसपी गौरव कुमार यादव ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान यह देखा गया कि धीरेंद्र यदुवंशी ने इंटरनेट मीडिया पर आतंकी दिल्ली में ब्लास्ट करके बिहार में चोरी करने का प्लान है उसे पुलवामा कर सकता है उसके लिए लाल किला ब्लास्ट क्या चीज है एवं स्ट्रांग रूम में डटे रहो लिखकर पोस्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा किए गए स्क्रिप्ट से समाज में राजनीतिक माहौल बिगड़ता अनुवाद फैलाने एवं शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने समाज में राजनीतिक माहौल बिगड़ता उन्माद फैलाने एवं शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में धीरेंद्र यदुवंशी पर प्राथमिकी किया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.: 163_2025-26 और 164_2025-26, दिनांक 12.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्राधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.: 163_2025-26, कार्य का विवरण :** तारकेश्वर–आरामबाग खंड में एलएचएस के स्टैंडर्ड हाइट गेज में नॉन स्टैंडर्ड हाइट गेज का रूपांतरण एवं एप्रोच में शेड कवर, ड्रेनेज व्यवस्था का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,19,57,618.94, **बयाना राशि:** रु. 2,59,800/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 08 (आठ) माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 164_2025-26, कार्य का विवरण :** आरामबाग–गोघाट खंड में एलएचएस के स्टैंडर्ड हाइट गेज में नॉन स्टैंडर्ड हाइट गेज का रूपांतरण एवं एप्रोच में शेड कवर, ड्रेनेज व्यवस्था का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,12,05,128.37, **बयाना राशि:** रु. 2,56,000/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 08 (आठ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 02.12.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। HWH-402/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जनगणना 2027 के पूर्व परीक्षण के तहत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** भारत जनगणना 2027 के पूर्व निरीक्षण को लेकर रजौली प्रखंड में पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से शुरू किया गया है। इस दौरान बिहार के जनगणना निदेशालय, पटना के निदेशक एम. राम चंद्रडूडू, उपनिदेशक संजीव कुमार साव, सहायक निदेशक लोकनाथ भारती के साथ डीएम नवादा रवि प्रकाश एवं एसडीएम रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन ने प्रशिक्षण कार्य का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

**अधिकारियों का किया गया स्वागत**

मध्य विद्यालय पहुंचे अधिकारियों की टोली का स्वागत प्रधानाध्यापिका ममता रानी द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस दौरान शिक्षिका कविता झा, रजनी कुमारी समेत सहायक प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी चन्दन कुमार सिन्हा मौजूद रहे।

**कर्मियों को किया जा रहा प्रशिक्षित**

प्रशिक्षण में 173 गणना ब्लॉक के लिए 173 प्रगणक एवं 28 पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्य 18 ट्रेनरों की मदद से किया जा रहा है।प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में पर्यवेक्षकों का एवं मध्य विद्यालय रजौली के पांच कमरों में प्रगणकों का प्रशिक्षण कार्य चल रहा है।प्रशिक्षण कार्य का नेतृत्व बीडीओ संजीव झा एवं अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी के द्वारा किया जा रहा है।यह प्रशिक्षण कार्य 17 से 19 नवंबर तक चलेगा। प्रशिक्षण की सुविधा हेतु एक बैच में 40 प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है

**मोबाइल ऐप के माध्यम से होगी जनगणना**

निदेशक ने कहा कि भारत जनगणना 2011 के 15 वर्षों बाद वर्ष 2027 में जनगणना कार्य किया जाना है। उन्होंने जनगणना में देरी होने की मुख्य वजह कोविड-19 महामारी बताया है।साथ ही कहा कि वर्ष 2027 में होने वाली जनगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां चल रही है,जिसके पूर्व परीक्षण के तहत पूरे बिहार में नवादा जिले के रजौली प्रखंड,सारण के सोनपुर एवं सीतामढ़ी के डुमरा प्रखंड में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद 20 से 30 नवंबर के बीच में लोग घर-घर जाकर सूचना इकट्ठा करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले पेन-पेपर मोड में जनगणना का कार्य किया जाता था, किंतु इस बार मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से जनगणना का कार्य संपादित होना है। इस दौरान प्रगणक घरों के मैप के साथ डिजिटल मैपिंग के तहत जनगणना का कार्य संपादित होगा। जनगणना से संबंधित आवश्यक बातों की विस्तृत जानकारी सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को दी जा रही है।

## समारोह आयोजित कर सेवा निवृत शिक्षिका को दी गई विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** चंडी प्रखंड में स्थित मध्य विद्यालय बेलछी के पराग्ण में सोमवार को सेवा निवृत शिक्षिका वेरोनिका मिंज का विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षिका को फूल माला, अंग वस्त्र, बुके, स्मृति चिन्ह यदि उपहार से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत शिक्षिका ने वर्ष 2012 में इस विद्यालय में योगदान दिया था। और वह लगातार 30 नवंबर 2025 तक विद्यालय में सहायक शिक्षिका के रूप में कार्यात रहे। वह मूल रूप से झारखंड के गढ़वा जिले के रहने वाले थे। विद्यालय में बच्चों को पढ़ने के लिए उनका एक अलग पहचान रहता था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल पासवान समेत विभिन्न स्कूलों के शिक्षक ने उन्हें सम्मानित कर उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। विदाई समारोह के दौरान विद्यालय के छात्रा के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया।सेवा निवृत शिक्षिका को बैंड बाजा बजाकर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने पुष्प की वर्षा एवं तिलक लगाकर अभिनंदन किया। सेवा निवृत शिक्षिका वेरोनिका मिंज ने कहा कि उन्हें विद्यालय की ओर से जो सम्मान, प्रेम और स्नेह और आशीर्वाद मिला है उसे कभी भूल नहीं सकते हैं।

# नालंदा के डीएम को आज दिल्ली में राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

### जल संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्हें किया गया चयनित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जल संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहे नालंदा जिले को राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर बड़ी उपलब्धि मिलने जा रही है। ग्रामीण विकास विभाग के राष्ट्रीय जल शक्ति मिशन ने नालंदा को वर्ष 2025 के लिए राष्ट्रीय सम्मान के लिए चुना गया है। यह सम्मान 18 नवंबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित विशेष समारोह में प्रदान किया जाएगा, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु स्वयं नालंदा के डीएम कुंदन कुमार को यह पुरस्कार देंगी। यह चयन जल संरक्षण एवं सामुदायिक भागीदारी के क्षेत्र में जिले द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर हुआ है। नालंदा के डीएम कुंदन कुमार ने बताया कि जिला का चयन 'जल शक्ति अभियान 1.0 – जल शक्ति, जन भागीदारी श्रेणी' में किया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को एक नई दिशा दी है और जल संरक्षण के क्षेत्र में नालंदा ने नए मानक स्थापित किए हैं। इसके परिणामस्वरूप जिले में जल संसाधनों में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है और जागरूकता भी बढ़ी है। डीडीसी श्रीकांत कुण्डलिक खांडेकर ने बताया कि जिले ने जल संरक्षण के लिए कई नवाचार किए हैं। चेक डैम निर्माण, आहर–पाइन की उड़ाही, सोख्ता निर्माण, जल संचयन संरचनाओं का विकास और व्यापक स्तर पर पौधरोपण जैसे कार्यों ने नालंदा में जल सुरक्षा को मजबूत किया है। इन प्रयासों की बदौलत नालंदा न केवल बिहार बल्कि देशभर के जिलों के लिए एक प्रेरणादायी माडल के रूप में उभरकर सामने आया है। सामुदायिक सहभागिता, नवाचार और सतत प्रयासों की वजह से मिलने वाला यह राष्ट्रीय सम्मान नालंदा की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# बोर्ड तोड़ने के कारण उपजे विवाद में दुकानदार के साथ मारपीट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के माहुरी टोला में सोमवार की सुबह दुकान के होर्डिंग बोर्ड तोड़ने से उपजे विवाद को लेकर दुकानदार के साथ जमकर मारपीट की गई। इस मारपीट में दुकानदार का दाहिना पैर टूट गया।परिजनों के सहयोग से घायल दुकानदार को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. श्यामनंदन प्रसाद ने बताया कि घायल दुकानदार की पहचान सोनारपट्टी रोड निवासी स्व. परशुराम प्रसाद के 40 वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार उर्फ गुड्डू के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि घायल दुकानदार का प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई व दवाई देकर चोटिल दाहिने पैर का एक्सरे करवाने की सलाह दी। एक्सरे के बाद दाहिने पैर का घुठना टूटा हुआ पाया गया, जिसके बाद बेहतर इलाज हेतु घायल दुकानदार को रेफर किया गया है। वहीं पीड़ित दुकानदार ने कहा कि सोनारपट्टी रोड में उनका ज्वेलरी की दुकान है। बीते रविवार को माहुरी टोला निवासी महेश राम के पुत्र गोल्डी कुमार अपना मैजिक वाहन ले जाने के क्रम में तोड़ दिया था। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी भी हुई थी। इसी को लेकर समझाने के उद्देश्य से वे गोल्डी के भाई बिट्टू कुमार और पिता महेश कुमार से बातचीत करने सोमवार को उसके घर गए थे। बातचीत के दौरान गोल्डी, बिट्टू और महेश गाली गलौज करने लगे, जिसका विरोध करने पर वे लाठी से हमारे पैर और सिर पर वार कर दिया। सिर को किसी तरह बचाया, किंतु पैर गम्भीर रूप से चोटिल हो गया। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि वे अपना इलाज करवाकर थाने को लिखित आवेदन देकर दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाएंगे। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित दुकानदार द्वारा लिखित आवेदन मिलने पर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मेडिकल स्टोर से शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड स्थित आर्य समाज मंदिर के समाने साहू मेडिकल से पुलिस बलों ने 42 बोतल शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान साहू मेडिकल नामक दुकान के अंदर दो लोग थे और एक युवक बाहर बाइक पर था एवं दुकान में प्रवेश हेतु दरवाजा पर बाहर से ताला लगा हुआ था। मेडिकल दुकान के बाहर बाइक पर बैठे युवक को पुलिस बलों ने हिरासत लिया गया। साथ ही मेडिकल दुकान की जांच करने पर एक बैग शराब के बोतलों से भरा हुआ था। वहीं बाइक की डिक्की से भी शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद शराब में 375 एमएल वाले रॉयल स्टेज की 20 बोतल एवं ब्लेंडर प्राइड के 22 बोतल है।शराब के साथ गिरफ्तार लोगों में दो शराब पहुंचाने वाला बौढी कला गांव निवासी अनिल प्रसाद के पुत्र अजीत कुमार, भाईजी भित्ता गांव निवासी नंदलाल प्रसाद के पुत्र अनोज कुमार एवं एक शराब खरीदने वाला मेडिकल दुकानदार पुरानी बस स्टैंड निवासी अरुण साव के पुत्र सानू कुमार है। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार लोगों से आवश्यक पूछताछ के बाद प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर चौकीदार मनोज पंडित समेत दर्जनों सशस्त्र बल मौजूद रहे।

# एक ही रात में दो हत्याकांड

### पुलिस जांच में जुटी रास्ते के विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस ने एक मामले में मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे शव की गुत्थी सुलझाने के लिए एफएसएल टीम की मदद ली जा रही है। बताया जाता है कि भागनबीघा थाना क्षेत्र के मोरातालाब गांव में एक मामूली रास्ते का विवाद रविवार देर शाम खूनी रूप ले गया। यहां बदमाशों ने घर में घुसकर पवन पासवान को ईंट-पत्थरों से पीट-पीटकर मार डाला। स्वजन ने बताया कि पवन पासवान पानीपत में मजदूरी करता था और शनिवार को ही गांव लौटा था। उनका आरोप है कि पिछले तीन वर्षों से गली और रास्ते को लेकर उनके ही गोतिया (पड़ोसियों) से विवाद चल रहा था, जो रविवार को हिंसक हो उठा। स्वजन ने पुलिस पर शुरुआती लापरवाही का भी आरोप लगाया है। घटना के दौरान मौके पर तनाव इतना बढ़ गया था कि पुलिस को स्थिति संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। सूचना मिलने पर भागनबीघा थानाध्यक्ष दल-बल के साथ पहुंचे और तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित सरयुग पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं दूसरी घटना खुदागंज थाना क्षेत्र के बरदाहा गांव में सोमवार सुबह गांव के बाहर खेत के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। युवक की पहचान 25 वर्षीय इशू कुमार के पुत्र सुभाष चौरसिया के रूप में हुई है। परिवार वालों ने इशू की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी समेत स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। डीएसपी ने बताया कि यह हत्या है या कुछ और यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल, मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीम को बुलाकर हर पहलू से छानबीन की जा रही है।

# पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर कई कार्यक्रमों का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** फुलवरिया जलाशय के अंदर भानेखाप, खुटवा बाबा का मैदान रजौली में श्री राज कृष्णा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा अध्यक्ष राजबल्लभ प्रसाद के 64वें जन्मदिन के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में कबड्डी प्रतियोगिता के साथ-साथ बच्चों के बीच चादर वितरण और केक कटिंग का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। फैंसी कबड्डी प्रतियोगिता में रामदेव प्रसाद एवं मुकेश विद्यार्थी की टीम ने राजबल्लभ प्रसाद की टीम को हराते हुए शानदार विजय हासिल की और 2025 के ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। रामदेव प्रसाद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजबल्लभ प्रसाद की टीम को 6 अंक के मुकाबले 7 अंक से मात दे दी। इन दोनों टीमों को ट्रस्ट की ओर से विजेता और उपविजेता का ट्रॉफी प्रदान किया गया। इसके पूर्व बच्चों का कई मनोरंजक और आकर्षक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ऊंची कूद, लंबी कूद, 100 मीटर की दौड़ सुई धागा प्रतियोगिता, मिष्ठान दौड़, गणित दौड़, आवाज पहचानो प्रतियोगिता इत्यादि का आकर्षक आयोजन किया गया। जिसमें रजौली वन क्षेत्र के सैकड़ों प्रतिभागी बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सभी खेलों में विजेता उपविजेता एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1100 रुपए से 500 रुपए तक नकद राशि प्रदान की गई। जबकि सभी प्रतिभागी बच्चों को पांच - सौ रुपए सांत्वना पुरस्कार एवं एक एक चादर दिए गए। प्रतियोगिता का आयोजन बालक और बालिका वर्ग के सीनियर और जूनियर वर्ग में विभाजित कर किया गया। खेल प्रतियोगिता के उपरांत रजौली प्रक्षेत्र के दर्जनों बच्चों ने पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद के साथ 64 पाउंड का केक काटकर जन्मदिन मनाया और उनके लंबी स्वस्थ और सक्रीय जीवन की कामना की। मौके पर राजबल्लभ प्रसाद ने घोषणा की कि इस क्षेत्र के बच्चों में खेल प्रतिभा उभारने के लिए ट्रस्ट के द्वारा प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने उम्दा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिला से लेकर राष्ट्रीय खेलो तक पहुंचाने में भी ट्रस्ट मददगार साबित होगा। इस कार्यक्रम के दौरान नवादा विधायक विभा देवी, एमएलसी अशोक यादव, रजौली के पूर्व विधायक प्रकाश वीर, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देव, भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष गौरी रानी, लोजपा की प्रदेश महिला उपाध्यक्ष खुशबू सिन्हा, प्रोफेसर प्रमिला प्रजापति, प्रीति कुमारी, कृष्णा रानी वर्मा सहित अनेक महिलाएं भी इस मौके पर मौजूद रही।

## केविके के कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर की कलमबंद हड़ताल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत बाजार में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में केविके कर्मियों की लंबित मांगों की पूर्ति को लेकर फॉरम ऑफ़ केविके और एआइसीआरपी के आह्वान पर सोमवार को एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल रहा। इस दौरान केवीके प्रधान सह वरीय वैज्ञानिक डॉ सीमा कुमारी समेत अन्य वैज्ञानिक व कर्मियों ने प्रशासनिक भवन में ताला लगाकर धरना पर बैठें व अपनी नाराजगी जताई। धरना पर बैठे कृषि विज्ञान केन्द्र के कर्मियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में ससमय वेतन, एकसमान राष्ट्रीय नीति, परोदा समिति की रिपोर्ट को लागू करना, समान कार्य समान वेतन, भेदभाव से मुक्ति, प्रोन्नति, पेंशन अंशदान, चिकित्सा भत्ता का भुगतान, रिटायरमेंट लाभ सुनिश्चित करना एवं और देशभर के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों में एकसमान निष्पक्ष नीति लागू करना आदि शामिल हैं।

# स्लम बस्ती के बच्चों संग हेल्पिंग हैंड नालंदा ने मनाया खुशियों भरा बाल दिवस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्थानीय होटल ममता इंटरनेशनल के सभागार में हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन द्वारा स्लम बस्ती के बच्चों को यहाँ लाकर उनके मनोबल बढ़ाने का कार्य किया। बच्चों ने खेल का खूब आनंद लिया खेल में अब्बल आए बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण भी किया गया साथ हो हेल्पिंग हैंड के नौजवानों ने बच्चों के बीच पठन सामग्री का भी वितरण किया राज रसोई रेस्टोरेंट के द्वारा बच्चों को स्वादिष्ट भोजन करवाया गया। बच्चों को स्नातक अधिकार मंच के द्वारा भी शुभकामना दिया गया। यह कार्यक्रम हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस पर आयोजित किया जाता है पर इस साल चुनाव के काउंटिंग के चलते बच्चों ने आज 16 नवंबर को बाल दिवस मनाया। संस्था के संस्थापक आशुतोष कश्यप ने कहा हमारा प्रयास यही रहता है कि इन बच्चों के जीवन में खुशियां, आत्मविश्वास और बेहतर अवसर पहुंचाए जा सकें। संस्था पहले भी इनके साथ थी और आगे भी इसी तरह सहयोग करती रहेगी। कार्यक्रम में स्नातक अधिकार मंच के दिलीप कुमार, अमन राज, अभिषेक, सुबोध, ऋषि, तरुण, पलवी, खुशी, स्वीटी, शुभंकर, आलोक, प्रिंस, सीधी, माही, धीरज, रिया, सोनाली, सोनी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा रहा तांता





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** प्रदेश के पूर्व मंत्री राजवल्लभ प्रसाद के 64वें जन्मदिन पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सुबह से ही उनके आवास पर समर्थको और उनके चाहने वालों की भीड़ लगी रही। कांग्रेस नेता राजू यादव, पूर्व वार्ड पार्षद मनोज चंद्रवंशी के साथ-साथ भाजपा नेता नवीन केसरी, अवनीकांत भोला, जितेंद्र पासवान, बृजेंद्र कुशवाहा, मुखिया नवल चौहान, जयशंकर चंद्रवंशी, मुकेश विद्यार्थी, शशि कुमार शेष, संजय साव, जितेंद्र साव सहित अनेक लोग इस मौके पर पूर्व मंत्री राजवल्लभ प्रसाद को बधाई देकर उनके लंबे उम्र की कामना की।

# रविकांत पूनम बीएड कॉलेज में सेमिनार कल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** रविकांत पूनम बीएड, डीएलएड एवं डिग्री कॉलेज दोसुत नवादा में 19 नंवबर को सेमिनार आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. रविकांत एवं प्राचार्य डॉ. रामजतन यादव ने बताया कि विकसित भारत@2047 विषय पर सेमिनार आयोजित की गई है। सेमिनार में विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधान पार्षद प्रो. नवल किशोर यादव एवं मुख्य अतिथि के रूप में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही आ रहे हैं। इसके अलावा प्रो. सुशील कुमार सिंह निदेशक शिक्षा विभाग मगध विश्वविद्यालय, प्रो. उपेन्द्र कुमार कुलानुशासक मगध विश्वविद्यालय, प्रो.एसएनपी यादव डीन विज्ञान संकायाध्यक्ष मगध विश्वविद्यालय भी सेमिनार में शामिल हो रहे हैं। सेमिनार की सफलता को ले तैयारी जोर- शोर से चल रही है। सेमिनार के आयोजन को ले क्षेत्र के शिक्षाप्रेमी, शिक्षाविद एवं शिक्षा अनुरागी काफी खुश हैं।

# चाचा की हत्या के आरोप में युवक की हुई गिरफ्तारी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के हसनगंज गांव निवासी एवं हत्या के नामजद आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार नामजद आरोपित कुंदन कुमार यादव पिता सरयुग यादव है। उस्की गिरफ्तारी झारखंड के धनबाद में नाटकीय ढंग से की गई है। बताया गया कि 22 जून को हसनगंज गांव के सत्येंद्र प्रसाद यादव को पोल्ट्री फार्म देखने की बात बोलकर गांव के ही अजय यादव और संजय यादव ले गए थे। वहीं गांव के स्कूल के पास पहले से घात लगाए नामजद आरोपितों ने मारपीट शुरू कर दी। कुंदन कुमार यादव अपने हाथ में कुदाल से सतेंद्र प्रसाद यादव के सिर पर वार कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। शोर शराबा सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपितभाग खड़े हुए। घायल व्यक्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र सुरेंद्र कुमार द्वारा पकरीबरावां थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में कुल 7 लोगों को नामजद बनाया गया था। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में तीन नामजद आरोपित को गिरफ़्तार किया जा चुका है। अन्य चार नामजदों की गिरफ्तारी के पुलिस लगातर छापेमारी कर रही है।

# मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल का किया निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में पैनल अधिवक्ता गौरव कुणाल, अधिवक्ता कन्हैया कुमार, मनजीत कुमार, सहायक जिला विधिक सेवा प्राधिकार कौशल किशोर तथा पीएलवी राजीव कुमार शामिल थे। नगर निगम की ओर से नगर प्रबंधक साकेश कुमार सिन्हा, नगर मिशन प्रबंधक, सहायक और कोषपाल मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने आश्रय स्थल में रह रहे सभी वृद्धजनों से बातचीत की और उन्हें उपलब्ध सरकारी लाभों एवं योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सदस्यों ने आश्रय स्थल की सुविधाओं का जायजा लेते हुए नगर निगम द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं को संतोषजनक और बेहतर बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी वृद्धजनों के अधिकारों और सुविधाओं की निगरानी एवं संरक्षण के लिए ऐसे निरीक्षण जारी रहेंगे।

## नवादा में क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार के निदेशक एम. रामचंद्रुडु ने जनगणना 2027 के पूर्व परीक्षण चरण-1 (मकान सूचीकरण) हेतु क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सटीक जनगणना देश की नीतियों की नींव है, इसलिए प्रशिक्षण की गुणवत्ता सर्वोपरि है। कार्यक्रम में डीएम रवि प्रकाश सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को पहली बार लागू होने वाली पूर्णतः डिजिटल प्रणाली—एचएलओ मोबाइल ऐप, डिजिटल लेआउट मैप, जियो-टैगिंग प्रक्रिया—की विस्तृत जानकारी दी गई।

# वरीय नागरिक संघ, नवादा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में, विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देश पर आज दिनांक 17 नवम्बर 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे, वरीय नागरिक संघ, नवादा में NALSA (Legal Services to the Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act–2007) विषय पर एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मो० साजिद अयुब खान, पी०एल०वी० रवि रंजन, वरीय नागरिक संघ के बचन पांडेय, अन्य गणमान्य व्यक्तियों, नवादा नगर पंचायत के आमजन एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। अपने संबोधन में डिफेंस काउंसिल के सदस्य मो० साजिद अयुब खान ने कहा कि आमलोगों के बीच विधिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कानून की जानकारी नहीं होने के कारण कई बार लोग शोषण के शिकार होते हैं। इसलिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा निरंतर शिविर आयोजित कर लोगों को विधिक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कानूनी सहायता दिलाने में सहयोग करें, ताकि उनका शोषण न हो सके। मो० साजद अयुब खान एवं पी०एल०वी० रवि रंजन ने अपने वक्तव्य में बताया कि भारत में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा हेतु कई कानूनी प्रावधान हैं, जिनमें माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों ने अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में प्रश्न भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

# माइलेज भत्ते में 25% की वृद्धि की मांग में हो रहे विलंब को लेकर धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के अव्वाहन पर संपूर्ण भारतवर्ष में रनिंग कर्मचारियों के माइलेज भत्ते में 25% की वृद्धि की मांग में हो रहे विलंब के कारण प्रत्येक लोको रनिंग लॉबी के समक्ष सोमवार को धरना प्रदर्शन किया गया। धरना स्थल पर मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय कोषाध्यक्ष हाजीपुर सह कार्यकारिणी सदस्य ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन नई दिल्ली कामरेड मिथिलेश कुमार उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित सैकड़ों रनिंग कर्मचारियों के समक्ष कहा कि ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की विभिन्न स्तरों पर वार्ता एवं सहमति होने के बावजूद रेलवे के रनिंग कर्मचारियों को माइलेज भत्ते में 25% की बढ़ोतरी का लाभ अभी तक नहीं मिल पा रहा है जो काफी दुखद है। इसी के सापेक्ष में आज हम लोग संपूर्ण भारतवर्ष के लोको रनिंग रूम के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकार को चेतावनी दे रहे हैं कि यदि हमारी मांगे अविलंब नहीं मानी गई तो हम लोग कोई ठोस कदम उठाने के लिए विवश हो जाएंगे। वैसे तो रेलवे के सभी विभागों के कर्मचारी काफी दबाव में काम करते हैं, लेकिन रनिंग कर्मचारियों को काफी दबाव में कार्य करना पड़ रहा है। प्रत्येक दिन स्पाद घटना, 72 घंटे के बाद हेड क्वार्टर लौटना, लाइन में एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन के लिए कार्य हेतु स्पेयर कर देना दूसरे स्टेशन से तीसरे स्टेशन तीसरे से चौथे स्टेशन वह भी हेड क्वार्टर के विपरीत दिशा में काफी आसानी पीड़ा देती है। आज इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गया शाखा द्वारा रनिंग कर्मचारियों के माइलेज अलाउंस में 25% में बढ़ोतरी के लिए हम लोग एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जो सभी कर्मचारियों के सहयोग से सफल होगा और सरकार को अपनी मांग को पूरा करना होगा जिसके वाजिब हकदार रनिंग कर्मचारी हैं। शाखा सचिव मुकेश सिंह ने कहा कि यह धरना प्रदर्शन शौख या मजे के लिए नहीं कर रहे, हमें मजबूर किया गया है। हम रेलवे कर्मचारी इस देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। चाहे कैसी भी परिस्थिति हो, विपदा हो, हमलोग अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटते। देश की रफ्तार हम कर्मचारियों से चलती है लेकिन अफसोस की बात है कि हमलोग की मेहनत का वह सम्मान हमें नहीं मिलता जिसका हमलोग हकदार है जिस लोको पायलट की एक गलती से हजारों लोगों की जान चली जाने का डर हो। रेलवे की इमेज देश विदेश में खराब होती हो जिसकी एक गलती के लिए उसकी पत्नी बच्चों के मुंह का निवाला छिन लेने का नियम हो। जिस स्टाफ की सीसीटीवी द्वारा हर सेकंड की मॉनिटरिंग अति आवश्यक समझी जा रही हो जिसके कुछ सेकंड के ध्यान भंग होने से भी दुर्घटना हो जाने का डर हो। पैसेंजर ट्रेन हो या लगातार चलने वाली गुड्स ट्रेन हो जिससे स्टाफ को एक मिनट का भी शारीरिक व मानसिक आराम नहीं मिलता। इसके बावजूद उसे माइलेज अलाउंस में बढ़ोतरी से वंचित रखना रनिंग के साथियों के साथ अन्याय है जब रेलवे का राजस्व बढ़ रहा है जब नई ट्रेनों का उद्घाटन हो रहा है जब रेलवे आधुनिकीकरण पर करोड़ों खर्च कर रहीं है तो अपने कर्मचारियों का हक देने में इतनी हिचक क्यों। इस धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता गया शाखा के अध्यक्ष कामरेड लक्ष्मण प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, अरुण कुमार ओझा, विनोद कुमार, श्रीनिवास सिंह, प्रमोद कुमार, राजीव कुमार अवस्थी, कुणाल रंजन, एम ए अंसारी, देवेश कुमार, नागवंत कुमार, जेके चौबे, जेपी मेहता, मंटू कुमार, गया शाखा सचिव मुकेश सिंह के अलावे बहुत सारे रनिंग कर्मचारी उपस्थित थे।उक्त जानकारी उत्तम कुमार, मीडिया प्रभारी, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन शाखा गया ने साझा की।

# छात्रों के लिए सीखने की जिज्ञासा, अनुशासन, नवोन्मेषी सोच जरूरी : एस. पी शाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग में सोमवार, 17 नवंबर 2025 को एमएससी सत्र 2025ऽ27 के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने सभी नवागंतुक छात्रों को अपने संदेश के माध्यम से शिक्षा, अनुसंधान और जीवन मूल्यों पर आधारित प्रेरणादायी मार्गदर्शन दिया। कुलपति ने अपने संदेश में कहा कि दीक्षारंभ केवल किसी पाठ्यक्रम की शुरुआत नहीं, बल्कि ज्ञान, खोज, अनुशासन और आत्म-विकास से भरी एक नई यात्रा का प्रवेशद्वार है। उन्होंने छात्रों से सीखने की जिज्ञासा, अनुशासन, नवोन्मेषी सोच और टीमवर्क की भावना को बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को केवल कुशल पेशेवर ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक एवं संवेदनशील मानव के रूप में भी तैयार करना है। प्रो. शाही ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को आधुनिक प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, शोध अवसर, खेल सुविधाएं और विविध सांस्कृतिक मंच प्रदान करता है–जिनके माध्यम से वे अपने व्यक्तित्व को बहुआयामी बना सकते हैं। उन्होंने छात्रों को समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार वर्मा द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई। उन्होंने विश्वविद्यालय और भौतिकी विभाग की शैक्षणिक परंपरा, उपलब्धियों और सुविधाओं का परिचय छात्रों को दिया। इसके बाद विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. तन्मय लाहिड़ी ने चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, परीक्षा पैटर्न, एमएससी सिलेबस और मूल्यांकन पद्धति का विस्तृत परिचय दिया। विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. श्रद्धा प्रसाद ने जीवन मूल्यों पर आधारित पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों को उच्च नैतिक मूल्यों, सकारात्मक व्यवहार और आत्म-विकास की दिशा में प्रेरित किया। इसके बाद सहायक प्राध्यापक डॉ. विमल कुमार तिवारी ने साइबर क्राइम के खतरों और उनसे बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने छात्रों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। विभाग के शिक्षकों ने नवागंतुक छात्रों को नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने, प्रयोगशालाओं और पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. रेनू रानी, डॉ. शिल्पी बनर्जी, डॉ. विश्वतोष मिश्र और डॉ. प्रीति भी उपस्थित रहीं। दीक्षारंभ समारोह में बड़ी संख्या में एमएससी के नए छात्र शामिल हुए और कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को दिया गया है।

# एससी-एसटी एक्ट का आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के एक पुराने मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील कुमार के रूप में हुई है जो बसावन नगर, पाटलिपुत्र का निवासी बताया जाता है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे उसके ठिकाने से दबोच लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील कुमार के खिलाफ शेरघाटी कांड संख्या में 130/22 नंबर के मामले में आरोपी था और लंबे समय से फरार चल रहा था। एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज इस मामले में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद थाने में आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की गई और उसे न्यायिक प्रक्रिया के लिए कोर्ट में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** बहेरा थाना कांड संख्या 160/25 के तहत दर्ज आर्म्स एक्ट की कार्रवाई में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त जिशान रागीब, उम्र लगभग 22 वर्ष, पिता नजीरुद्दीन अंसारी, सा0 दाउदनगर वार्ड संख्या-4, थाना दाउदनगर, जिला-औरंगाबाद को गिरफ्तार किया।

# अजय दांगी की वर्षों की निष्ठा पर जनता ने जताया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच/टिकारी।** विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार अजय दांगी ने बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने हम पार्टी के निवर्तमान विधायक डॉ. अनिल कुमार को पराजित किया। जनता ने उनके ढाई दशक से अधिक के राजनीतिक जीवन की निष्ठा और समर्पण पर भरोसा जताया है। अजय दांगी का राजनीतिक सफर काफी लंबा रहा है। वर्ष 2000 में उन्होंने दिल्ली स्थित सामाजिक संगठन 'बिहार जागरण मंच' के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 2011 में बिहार लौटने के बाद वे राजद की मुख्यधारा से जुड़े और पार्टी की जिला कार्यकारिणी के सदस्य बने। इस दौरान उन्होंने टिकारी जिला संगठन में प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी भी संभाली। पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने महागठबंधन के उम्मीदवारों जिनमें उदय नारायण चौधरी भी शामिल थे के पक्ष में सक्रिय भूमिका निभाई थी। वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में उनकी भभू अर्चना कुमारी डुमरिया क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि चुनी गई थीं और गया जिला पार्षद के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव लड़ीं, लेकिन सफल नहीं हुए। इस बार महागठबंधन ने टिकारी सीट से अजय दांगी को अपना प्रत्याशी बनाया था। उन्होंने अपने संगठनात्मक अनुभव और क्षेत्र में सक्रियता के दम पर यह महत्वपूर्ण जीत हासिल की। क्षेत्र की जनता ने उनके वर्षों के समर्पण और सेवा भावना पर विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें विजयी बनाया। जीत के बाद सोमवार को अजय दांगी ने कहा कि टिकारी विधानसभा क्षेत्र के कई गांव अभी भी सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने 'नल-जल योजना' की जमीनी हकीकत पर भी चिंता व्यक्त की, कहा कि कागजों पर दुरुस्त होने के बावजूद कई स्थानों पर हालात संतोषजनक नहीं हैं। दांगी ने टिकारी विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने का आश्वासन दिया। उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को हल करने की प्रतिबद्धता जताई। बता दें कि वे इमामगंज ब्लॉक के निवासी हैं और गया में रहते हैं। उनके पिता किसान हैं।

# सड़क हादसे में डिलीवरी ब्वॉय की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में रविवार देर रात सड़क हादसे में डिलीवरी ब्वॉय की मौत हो गई। ब्लिंकिट में का काम करता था। कस्टमर को डिलीवरी देकर लौट रहा था, इस दौरान अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। घटना सिक्स लेन पुल की है।

सहयोगियों ने बताया रोहित कुमर ऑर्डर डिलीवर करके मानपुर सिक्स लेन पुल के रास्ते स्टोर आ रहा था। रास्त अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। बुरी तरह से जख्मी हो गया। राहगीरों ने मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए है, शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पोस्टमार्टम भी नहीं कराया। इस घटना से कर्मियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि अगर परिवार को उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो गयाजी में कंपनी चलने नहीं देंगे। रोहित अपने घर में इकलौता काम करने वाला लड़का था। पिता दिव्यांग है। पूरा परिवार शहर के मिर्चिया गली में किराए के मकान में रहता है। वहीं, ब्लिंकिट के मैनेजर अविनाश मिश्रा का कहना है कि कंपनी की ओर से मुआवजा दिए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इंश्योरेंस के तहत जो भी विधिवत संभव होगा, वह दिया जाएगा। 24 घंटे के अंदर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद की जाएगी। परिवार को तत्काल में कर्मचारियों के बीच कैश कलेक्ट करके दिया गया है।

# ससुर पर बहू से छेड़छाड़ का आरोप

## ग्रामीण बैंक से पैसा निकालने से भी रोकने की बात कही

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के डुमरा गांव निवासी रेनू देवी ने अपने ससुर विजय यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि 14 नवंबर को रात लगभग 8 बजे वह अपने घर में थीं, उसी दौरान उनके ससुर विजय यादव (50 वर्ष) घर में घुस आए और गंदी नीयत से छेड़छाड़ करने का प्रयास करने लगे। शोर मचाने पर उन्होंने अपने देवर धर्मेंद्र यादव को फोन कर बुलाया, जिस पर वह मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। रेनू देवी का आरोप है कि उनके ससुर पहले भी उनके साथ अशोभनीय हरकत कर चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके ससुर ने मध्य बिहार ग्रामीण बैंक में उनके पासबुक को अपने पास रखकर पैसा निकालने से रोक दिया है और जान से मारने की धमकी भी देते हैं। रेनू देवी का कहना है कि वह अलग रहती हैं और उनके पति मृत हैं। उन्होंने पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की है। कोंच थानाध्यक्ष मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुटे हैं।

# तीन फरार वारंटी गिरफ्तार, गए जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान विनोद यादव, योगेंद्र यादव और हरि यादव के रूप में की गई है जो कचौड़ी पंचायत के नयन बीघा का रहने वाला है। प्रभारी थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि ये तीनों विभिन्न मामलों में वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे थे। पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर तीनों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# प्रेम प्रसंग मामले में तीन बच्चों का पिता गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी थाना क्षेत्र के जय रामपुर से पुलिस ने एक सनसनीखेज मामले में तीन बच्चों के पिता राजा कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि राजा कुमार पहली पत्नी के रहते दूसरी युवती से प्रेम-प्रसंग में लिप्त था जिसकी शिकायत उसकी पत्नी ने थाने में दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित पत्नी के लिखित आवेदन के आधार पर कांड संख्या 292/25 दर्ज करते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। जांच के दौरान आरोप सत्यापित पाया गया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को उसके घर जय रामपुर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# लाखों रूपए के गहनों की ठगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** थाना क्षेत्र के सर्वोदय उच्च विद्यालय के पिछे द संस्कार वैली किड्स स्कूल वाली सड़क में सोमवार को दोपहर ठगों ने एक घर में अकेली महिला को ठगी का शिकार बनाया। गौरतलब है कि आर. पी .एफ. सब इंस्पेक्टर जय प्रकाश एवं इनकी पत्नी दो दिनों से अपनी बीमार बुजुर्ग माता को लेकर पटना के अस्पताल में भर्ती हैं। इधर जय प्रकाश की बहन जो घर एवं बच्चों को देखभाल के लिए ससुराल से आयी है। सोमवार को दोपहर दो ठग आये और बोले कि मैं पुराना बर्तन एवं गहना साफ करता हूं। इन ठगों के कहने पर महिला ने अपना पायल साफ करवाया। उसके बाद ठग ने कहा कि और गहना हो तो लाएं, साफ कर दूंगा। महिला ने कनवाली, चैन, झुमका सहित कई गहने लाकर ठगों को दी। ठगों ने महिला से कहा कि थोड़ा गर्म पानी लायें। जैसे ही महिला गर्म पानी लाने घर के अन्दर गई। दोनों ठग सभी गहनें लेकर अपने बाइक पर सवार होकर भाग लिया। महिला द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है। पुलिस द्वारा बगल में स्थित कोचिंग सेंटर के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया तो दोनों ठग भागते हुए नजर आ रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# फुट ओवरब्रिज का निर्माण कराने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया-कोडरमा रेल सेक्शन के वंशीनाला हाल्ट स्टेशन पर यात्रियों को रेल ट्रैक पार करने में सहूलियत हो। इसके लिए रेल प्रशासन ने फुट ओवरब्रिज (एफओबी) का निर्माण कराने का निर्णय लिया है। धनबाद रेल मंडल के पांच सदस्यीय टीम ने सोमवार को बंशीनाला हाल्ट स्टेशन (गया जी जिला क्षेत्र) पहुंचकर एफओबी निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद इसकी रिपोर्ट धनबाद रेल मंडल मुख्यालय कार्यालय भेजी जाएगी। जनवरी से निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। करीब एक करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन पर एक छोर से दूसरे छोर तक फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना है। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि धनबाद रेल मंडल क्षेत्र में सीटीआई कोडरमा बच्चा सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिन्हा, टीआरडी प्रभारी पहाड़पुर मिथलेश कुमार, आईओ डब्ल्यू गझंड़ी राजेश कुमार, टीसीआई पहाड़पुर उदय कुमार और आईओडब्ल्यू कोडरमा गौरीशंकर की संयुक्त टीम सोमवार को करीब 10 बजे बंशीनाला हाल्ट स्टेशन पहुंचे और एफओबी निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया। करीब दो घंटे तक समीक्षा के बाद ज्वाइंट रिपोर्ट बनाकर डिवीजन मुख्यालय भेजी जा रही है।गया-कोडरमा रेल सेक्शन के टनकुप्पा-पहाड़पुर स्टेशन के बीच बंशीनाला हाल्ट स्टेशन पर अप-डाउन लाइन में चार मेमू ट्रेनों का ठहराव होता है। स्टेशन पर एक दूसरे प्लेटफॉर्म पर आने-जाने के लिए रेल ट्रैक पार करना पड़ता है।इस दौरान जान-माल का नुकसान की आशंका बनी रहती है। पूर्व के वर्षों में रेल ट्रैक पार करने के दौरान कई लोगों की ट्रेन की चपेट में आने से जान चली गई है। यात्री सुविधा के तहत रेलवे ने हाल्ट स्टेशन पर एफओबी निर्माण की नीति अपनायी है।

# अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के बहेरा थाना क्षेत्र के कोठवारा पुल के समीप से पुलिस ने सोमवार को अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर वाहन को जब्त किया। हालांकि इस दौरान ट्रैक्टर वाहन का चालक मौके से भाग गया। थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी कि निलांजना नदी से अवैध तरीके से बालू का उठाव कर एक ट्रैक्टर अन्यंत्र जगह पर जा रहा है जिसके बाद कार्रवाई करते हुए बालू लदे ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर थाना लाया गया और मामले की सूचना खनन विभाग के अधिकारियों को दी गई। वहीं, संबंधित मामले में जब्त ट्रैक्टर वाहन के मालिक और चालक की पहचान करने में पुलिस जुटी है।

# लगातार नवीं जीत पर डॉ. प्रेम कुमार को डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गयाजी विधानसभा क्षेत्र से लगातार नौवीं बार ऐतिहासिक विजय दर्ज करने पर बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री एवं भाजपा के कद्दावर नेता डॉ. प्रेम कुमार का भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं फूलों का बुके भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि गया की जनता ने एक बार फिर विकास, विश्वास और सुशासन को आधार बनाते हुए डॉ. प्रेम कुमार को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजा है। उन्होंने कहा कि लगातार नौवीं बार जीतना केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि जनता के अटूट विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रेम कुमार ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में गया शहर के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किया है। आने वाले कार्यकाल में शहर को जामऽमुक्त, स्वच्छ और आधुनिक बनाने की दिशा में और अधिक प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से गया की जनता के विकास के लिए सतत समर्पित रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मंत्री के नेतृत्व में शहर में आधारभूत संरचना, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता और जनसुविधाओं के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे। आज के स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र, संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, बबलू गुप्ता सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता और भाजपा समर्थक मौजूद रहे।

# जानलेवा हमला मामले का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के मगध विश्वविद्यालय थाना की पुलिस ने सोमवार को नवीचक गांव में छापेमारी कर जानलेवा हमला मामले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संदीप चौहान ने बताया कि 9 नवंबर को एक वादी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया की मोबाइल दिख रहे थे, उसी क्रम में आरोपी व उसके साथियों द्वारा लाठी-डंडा व लोहे के रॉड मारकर घायल कर दिया था।


## शपथ पत्र

मैं लालती देवी, पति इशवरी राम ग्राम उचौली, पो-रेगनियां, थाना-मदनपुर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
मेरा नाम आधार कार्ड पर लालती देवी (LALTI DEVI) अंकित है जिसका आधार नं.- 5029 9704 0710 है एवं इंडियन बैंक द्वारा निर्गत पासबुक पर लिलावती देवी LEELAVATI DEVI अंकित है जिसका खाता नं.- 50207594871 है।
मेरा नाम लालती देवी (LALTI DEVI) एवं लिलावती देवी LEELAVATI DEVI है जो मैं दोनों नाम से जानी पहचानी जाती हूं। मेरे गांव में मेरे नाम के अलावा और कोई अन्य महिला नहीं है।
मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 8144 दिनांक 13.10.25

शपथकर्ता
लालती देवी


# शब्दवीणा सृजन त्रिविधा में डॉ रामसिंहासन सिंह के उत्कृष्ट गीत सुन श्रोता हुए भावविभोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा के साप्ताहिक कार्यक्रम शब्दवीणा सृजन त्रिविधा के गत अंक में आमंत्रित रचनाकार के रूप में गया जी के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रामसिंहासन सिंह, शेरघाटी के कवि अजय कुमार वैद्य एवं आमस के कवि प्रवेश कुमार रहे। कार्यक्रम का संयोजन शब्दवीणा की संस्थापिका एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रो. डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने किया। उन्होंने सभी अतिथि रचनाकारों का शब्दवीणा के राष्ट्रीय मंच पर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शब्दवीणा सृजन त्रिविधा प्रभारी व हरियाणा प्रदेश समिति की कवयित्री कीर्ति यादव ने किया। कवयित्री कीर्ति ने सुमधुर स्वर में प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं आमंत्रित रचनाकारों के संक्षिप्त साहित्यिक परिचय से काव्य गोष्ठी का शुभारंभ किया। बतौर प्रथम रचनाकार एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ राम सिंहासन सिंह ने उत्कृष्ट हिन्दी कविताओं के सृजन हेतु अच्छे भावों एवं विचारों के साथ रस, छंद, अलंकार, प्रवाहशीलता, लयात्मकता तथा गेयता को भी आवश्यक तत्व बतलाया। इसी संदर्भ में अपने काव्य संग्रह गीतों के दिन पुनः फिरेंगे से उन्होंने अपनी एक खूबसूरत रचना पढ़ी। डॉ सिंह ने कहा कि आज भले यह सूखी धरती। सूना व्योम निहारा करती, लेकिन ऐसे सूखे क्षण भी, निश्चय समझो करवट लेंगे। गीतों के दिन पुनः फिरेंगे।

# सुर सलिला गया जी ट्रस्ट द्वारा फल्गु महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मोक्ष की नगरी गया जी में रविवार को देर शाम सुर सलिला गया जी ट्रस्ट द्वारा फल्गु महोत्सव 2025 के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित कर पंडित महेश लाल गुपुत, ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित राजन सिजुआर, सचिव राजेश्वर सिंह , प्रो.के.के.नारायण ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वनारस से आई शास्त्रीय संगीत की ख्याति प्राप्त गायिका सुश्री तेजस्विनी वर्णेकर ने शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दी। इन्होंने अपनी गायकी की शुरुआत राग बिहार से किया। फल्गु महोत्सव के दौरान सुश्री वर्णेकर ने दादरा, ठुमरी, पहाड़ी सहित कई प्रस्तुतियां दी। सुश्री तेजस्विनी वर्णेकर हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत गायन में ऑल इंडिया रेडियो की 'ए श्रेणी' की कलाकार है। इन्होंने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा विदुषी जय लक्ष्मी भट्ट जी से प्राप्त की। तत्पश्चात विदुषी लक्ष्मी बाई हेगडे तथा उनके गुरु पंडित जी आर भट्ट बालगद्दे से तालीम प्राप्त की। काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से संगीत में चार स्वर्ण पदक के साथ स्नातकोत्तर की पदवी प्राप्त की तथा वर्तमान में काशी हिंदू विश्वविद्यालय से डॉक्टर रमाशंकर जी के मार्गदर्शन में संगीत में पीएचडी का अध्ययन कर रही है। अखिल भारत गंधर्व महाविद्यालय मंडल के संगीत अलंकार की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन्हें मिनिस्ट्री आफ कल्चरल सीसीआरटी जैसे प्रतिष्ठित छात्रवृतियां इनको मिले हैं। वे अनेक शास्त्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजेता रही है। इन्होंने देश के प्रतिष्ठित मंचों पर गायन की प्रस्तुति दिया है। सुश्री तेजस्विनी वर्णेकर के साथ तवला पर बनारस के पंकज राय और हरमोनियम पर जमना वल्लभ गुजराती ने संगत किया।

सुर सलिला ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित राजन सिजुआर ने फल्गु महोत्सव का उद्देश्य को विस्तार से बताते हुए कहा कि सुर सलिला ट्रस्ट गया घराने की संगीत परंपरा को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रही है, जिसमें काफी हद तक सफलता मिली है।


## पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं. : 29–एसडीएसटीई–एएसएन–2025–26, दिनांक 14.11.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** "आसनसोल मंडल–आसनसोल मंडल के तहत स्टेशनों/केबिनों में डेटा लॉगर और एमएसडीएसी के लिए एनालाइजिंग सॉफ्टवेयर के साथ डायग्नोस्टिक टर्मिनल का प्रावधान"। **विज्ञापित निविदा मूल्यः** रु. 1,39,79,882/– **बयाना राशिः** रु. 2,19,900/–, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 09.12.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः http://www.ireps.gov.in/**

ASN-242/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# वोटरों ने बदल दिया राहुल और तेजस्वी का गेम

चौदह नवंबर की सुबह बिहार के चुनाव परिणाम आते हैं। मतदान के बाद हुए सर्वेक्षण अपने नतीजे दे चुके थे और एकाध को छोड़ सब राजग को जिताते दिखे। कुछ राजग को डेढ़ सौ सीट भी देते दिखे और एकाध ने तो 170 से 180 सीटें तक दीं। आठ बज रहे हैं। सारे खबर चैनल बिहार विधान सभा के चुनाव के आरंभिक रुझानों पर खबर देने की तैयारी कर चुके हैं। कुछ देर में 'डाक मतपत्र' गिने जा रहे हैं। फिर 'ईवीएम' के वोटों की गिनती शुरू और वहां से बहुत-सी सीटों पर राजग की जीत के रुझान नजर आने लगते हैं। महागठबंधन हर पल पीछे होता दिखता है और राजग आगे बढ़ता नजर आता है।

एकाध एंकर को छोड़ अधिकतर एंकरों के चेहरे रुझानों को देख कुछ चकित नजर आते हैं। फिर उनमें से कई अपनी खुशी को नहीं छिपाते, कुछ अपनी खुशी को दबाते हुए महागठबंधन की खबर लेते हैं कि कथित 'एंटी इन्कंबेंसी' यानी सत्ता विरोधी रुझान का क्या हुआ। आपके समीकरणों का क्या हुआ? क्या इस चुनाव ने 'बिहार में जातिवाद निर्णायक है' के 'विचार' को ध्वस्त कर दिया? क्या महागठबंधन का सामाजिक फार्मूला नाकाम हो गया और राजग का पास हो गया? कई एंकर और संवाददाता कल तक नीतीश के 'बीमार' होने, उनके 'अक्षम' होने की कामना करने वालों से सवाल पूछने लगते हैं कि कल तक आप महागठबंधन की बड़ी जीत का दावा कर रहे थे, तो उस दावे का क्या हुआ? महागठबंधन का एक प्रवक्ता किसी तरह संभालता है कि अभी कुछ भी कहना उचित नहीं, अंतिम परिणामों का इंतजार करें। दोपहर के बारह बज रहे हैं। राजग के जीतने के रुझान बताते हैं कि अब आई उनकी इतनी सीटें। आंकड़ा हर पल, कुछ बढ़ता, कुछ घटता नजर आता है। फिर रुझान पलटने लगते है। राजग की बढ़त दो सौ सीटों से घटकर अचानक 190 तक आ जाती है, लेकिन फिर 'बढ़त' नजर आने लगती है। दोपहर के करीब दो बजे राजग 200 पार पर पहुंचा दिखता है, जबकि महागठबंधन कुछ पैंतीस-छत्तीस सीट पाता नजर आता है, जबकि 'जन सुराज' शून्य पर आ जाता है और बाकी सहयोगी दो से पांच के बीच दिखते हैं।

एक निलंबित कांग्रेसी वक्ता कहने लगते हैं कि भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं में जीत की जो भूख है, वह अतुलनीय है। यह उसका ही परिणाम है। उनकी राजनीति से असहमत हुआ जा सकता है, लेकिन उनकी यह कर्मठता तारीफ के योग्य है। एंकर चहकती है कि लीजिए इनका भी हृदय परिवर्तन हो गया। फिर महागठबंधन के एक प्रवक्ता आते हैं और कहने लगते हैं कि अभी जल्दी है, इंतजार करें, लेकिन एक बड़े प्रवक्ता आते हैं जो अपनी असफलता के कारणों का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ कर चले जाते हैं कि यह चुनाव ज्ञानेश गुप्ता (मुख्य चुनाव आयुक्त) बरक्स बिहार की जनता के बीच हुआ है। पत्रकार पूछते हैं तो वे फिर वही 'ज्ञानेश बरक्स बिहार की जनता' की बात को दुहराते रहते हैं। फिर एक पुराने प्रवक्ता आकर यह कहकर बात संभालते हैं कि अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी... सारे परिणाम आने दीजिए..!'

यानी कि फिर वही... 'वोट चोरी' और 'चुनाव चोरी' के आरोप। फिर एक बहस में महागठबंधन के एक वक्ता 'चुनाव चोरी' को 'चुनाव डकैती' में बदल देते हैं। एंकर कहता है कि आपके 'वोट चोरी' के आरोप को तो सुप्रीम कोर्ट तक ने 'नकार' दिया, फिर भी आप इसी पर अटके हैं और अब तो आप 'चोरी' की जगह 'डकैती' कहने लगे हैं, कल को क्या कहेंगे? कुछ एंकर और विपक्षी प्रवक्ता इन परिणामों को 'कौन बनेगा मुख्यमंत्री' की ओर ले आते हैं और भाजपा के प्रवक्ताओं से बार-बार पूछने लगते हैं कि नीतीश मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे या नहीं। एक चर्चा में एक पुरानी पत्रकार पूछती हैं कि कुछ दिन बाद भाजपा नीतीश को हटा कर अपना मुख्यमंत्री बनाएगी, जैसा कि महाराष्ट्र में हुआ। जवाब में राजग के प्रवक्ता साफ करते हैं कि हमारे नेता कह चुके हैं कि न प्रधानमंत्री की जगह खाली है, न मुख्यमंत्री की। एक प्रवक्ता तो यह तक कह देते हैं कि आप हमको आपस में लड़ाने की जुगत न करें। इससे कुछ होने वाला नहीं।

# एनडीए की सुनामी में ध्वस्त हुआ महागठबंधन

**243 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 122 है पर चुनाव परिणामों ने स्पष्ट किया कि यह सीमा इस बार महज एक गणितीय संख्या बनकर रह गई। एनडीए बहुमत से कहीं आगे निकल गया जबकि महागठबंधन का प्रदर्शन तमाम पूर्वानुमानों से बहुत नीचे रह गया, जो 50 सीटें भी हासिल नहीं कर सका। बिहार की राजनीति एक बार फिर ऐसे मोड़ पर पहुंची है, जहां मतदाता ने अपनी पसंद को अभूतपूर्व स्पष्टता, दृढ़ता और राजनीतिक परिपक्वता के साथ दर्ज किया है। 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव सामान्य जनादेश नहीं बल्कि एक गहरा राजनीतिक संदेश है, जहां नीतीश कुमार के सुशासन ने अविश्वास को पछाड़ दिया, स्थिरता ने प्रयोगधर्मिता को और सामाजिक सुरक्षा ने जातीय ध्रुवीकरण को दृढ़ता से मात दे दी।**

योगेश कुमार गोयल



बिहार का यह जनादेश बताता है कि बिहार का मतदाता भावनात्मक राजनीति, जातिगत उत्तेजना और चुनावी वादों की चमक-दमक से परे निकल चुका है और वह केवल उसी नेतृत्व को स्वीकार करता है, जो उसके जीवन में वास्तविक बदलाव लाए, सुरक्षा दे, भरोसा कायम रखे और विकास को धरातल पर उतारे। इसी कसौटी पर यह समझना कठिन नहीं कि एनडीए को ऐतिहासिक जीत क्यों मिली और महागठबंधन क्यों धराशायी हो गया।

243 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 122 है पर चुनाव परिणामों ने स्पष्ट किया कि यह सीमा इस बार महज एक गणितीय संख्या बनकर रह गई। एनडीए बहुमत से कहीं आगे निकल गया जबकि महागठबंधन का प्रदर्शन तमाम पूर्वानुमानों से बहुत नीचे रह गया, जो 50 सीटें भी हासिल नहीं कर सका। तेजस्वी यादव, जो दो वर्षों से स्वयं को मुख्यमंत्री-इन-वेटिंग के रूप में प्रक्षेपित करते रहे, जनता द्वारा स्पष्ट तौर पर नकार दिए गए। यह हार केवल किसी एक नेता की नहीं बल्कि पूरी उस राजनीतिक रणनीति की असफलता है, जो जातीय समीकरणों, लुभावने लेकिन अवास्तविक वादों और सहयोगियों को हाशिये पर रखकर बनाई गई थी। 2020 में महज कुछ हजार वोटों से पीछे रहने वाली आरजेडी को इस बार उम्मीद थी कि वह आसानी से सत्ता के द्वार तक पहुंच जाएगी लेकिन 2025 ने उसका यह सपना ध्वस्त कर दिया।

इस चुनाव में महागठबंधन की सबसे बड़ी गलती टिकट वितरण की रणनीति रही। आरजेडी ने 144 सीटों में से 52 यादव उम्मीदवार उतारे, जो कुल टिकटों का लगभग 36 प्रतिशत थे। यह संख्या 2020 के मुकाबले कहीं अधिक थी। तेजस्वी यादव का उद्देश्य भले ही अपने कोर वोट बैंक को मजबूत करना रहा हो लेकिन इसका परिणाम उलटा निकला। यादव बिहार की आबादी का मात्र 14 प्रतिशत हैं जबकि चुनाव का फैसला ईबीसी, महादलित, सवर्ण, युवा, महिलाएं, शहरी एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर निर्भर करता है। इतने अधिक यादव प्रत्याशी उतारने से यह संदेश गया कि आरजेडी सत्ता को फिर से एक जाति के हाथों में सौंपना चाहती है। एनडीए ने इसे चुनावी हथियार बनाकर 'यादव राज-भाग 2' का नैरेटिव चलाया, जो शहर से गांव तक गूंजता हुआ जनमत को प्रभावित करता गया। इसके विपरीत उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव ने 2024 में जातिगत संतुलन साधते हुए केवल 5 यादव प्रत्याशी उतारे थे, जिससे व्यापक सामाजिक आधार मिला। तेजस्वी इससे सीख नहीं ले सके और आरजेडी की छवि और भी यादव-केंद्रित बन गई, जिसका सीधा असर 10 से 15 प्रतिशत वोटों के खिसकने के रूप में सामने आया।

दूसरी बड़ी गलती गठबंधन प्रबंधन की विफलता रही। महागठबंधन ऊपरी तौर पर भले ही मजबूत दिखता रहा लेकिन भीतर से बिखरा हुआ था। कांग्रेस से सीट-बंटवारे पर तकरार, वाम दलों को कमजोर सीटें देना और सहयोगियों को प्रचार में हाशिये पर रखना, इन सबने गठबंधन में असंतोष पैदा किया। सबसे बड़ा झटका तब लगा, जब महागठबंधन का घोषणापत्र 'तेजस्वी प्रण' के नाम से जारी किया गया। यह कदम साझेदारी की भावना को ठेस पहुंचाता था। कांग्रेस गारंटी मॉडल पर केंद्रित थी, वाम दल मजदूर-किसान मुद्दों को उभार रहे थे लेकिन तेजस्वी केवल नौकरियों के वादे पर टिके रहे। महागठबंधन एक साझा दृष्टि से वंचित रहा और चुनावों में एकजुट चेहरा न बन सका। तेजस्वी की तीसरी चूक उनके वादों के अविश्वसनीय स्वरूप में दिखी। उन्होंने हर घर में नौकरी, पेंशन, शराबबंदी की समीक्षा, महिलाओं की बड़ी आर्थिक मदद जैसे भारी-भरकम वादे तो किए पर उनके क्रियान्वयन, वित्तीय स्रोत या समय सीमा पर कोई विश्वसनीय उत्तर नहीं दे सके। हर मंच से वे कहते रहे कि ब्लूप्रिंट जल्दी आ जाएगा लेकिन चुनाव समाप्त होने तक वह ब्लूप्रिंट नहीं आया। इससे उनकी विश्वसनीयता पर गहरा आघात हुआ, खासकर युवाओं और शहरी मतदाताओं में। महागठबंधन की मुस्लिम परस्त छवि ने नुकसान को और बढ़ाया। मुस्लिम बहुल सीटों पर तो लाभ मिला पर पूरे राज्य में यह छवि प्रतिकूल साबित हुई। वक्फ बिल को लागू न करने की तेजस्वी की घोषणा और कई संवेदनशील बयानों ने यादव समुदाय के एक वर्ग को भी असहज कर दिया। एनडीए ने इसे भुनाया और लालू यादव के संसद में दिए भाषणों को वायरल कर जनमत को प्रभावित किया। गैर-मुस्लिम और गैर-यादव वोटों ने निर्णायक मोड़ पर महागठबंधन को छोड़ दिया। तेजस्वी यादव की सबसे जटिल रणनीतिक गलती उनके पिता लालू प्रसाद यादव को लेकर उनकी दोहरी राजनीति रही। उन्होंने लालू की विरासत का सहारा भी लिया और उससे दूरी भी बनाए रखी। पोस्टरों में पिता की तस्वीर छोटी रखी गई जबकि मंचों पर उनके नाम का राजनीतिक इस्तेमाल किया गया। यह दोहरापन मतदाता को भ्रमित करता रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तेजस्वी पर 'लालू के पाप छिपाने' का आरोप लगाना इस उलझन को और गहरा कर गया। इसके विपरीत एनडीए ठोस काम और प्रामाणिक शासन मॉडल के साथ मैदान में उतरा। नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में महिला-सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा की जो नींव रखी थी, वही इस चुनाव में निर्णायक बनी। 2006 में शुरू हुई साइकिल योजना, किताब-धन, पोशाक-धन, छात्रवृत्ति, जीविका समूहों का विस्तार, इन सबने महिला मतदाताओं के मन में एक स्थायी भरोसा पैदा किया। 2025 के चुनाव में महिलाओं का मतदान पुरुषों से 9 प्रतिशत अधिक रहा, जो स्पष्ट संकेत था कि महिला मतदाता एनडीए के साथ खड़ी हैं। जीविका समूहों से जुड़ी एक करोड़ से अधिक महिलाओं पर आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभाव सीधा मतदान व्यवहार पर पड़ा। 10,000 रुपये की सहायता और 2 लाख रुपये तक की उद्यम सहायता ने इन्हें राजनीतिक रूप से और भी सक्रिय बनाया। दलित और अति पिछड़ी महिलाओं का समर्थन भी निर्णायक रहा। महागठबंधन की ऊंची-ऊंची घोषणाओं के विपरीत एनडीए की योजनाएं उनके जीवन में ठोस बदलाव ला रही थी, जिससे जातीय ध्रुवीकरण की संभावित रणनीति भी ध्वस्त हो गई।

सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा कानून-व्यवस्था का रहा। बिहार 2005 से पहले जिस बदहाल सुरक्षा व्यवस्था से गुजर रहा था, उसे नीतीश कुमार के शासन ने बदल दिया। अपराध में आई गिरावट, सड़क-बिजली में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और रात में भी महिलाओं की सुरक्षित आवाजाही, ये सब बातें बिहार के सामाजिक मानस में गहराई से दर्ज हैं। एनडीए ने इसका चुनावी लाभ उठाया और जनता ने इसे स्वीकार किया। 2025 का चुनाव इस सबसे महत्वपूर्ण सबक को दोहराता है कि लोकतंत्र में सिर्फ मुद्दे नहीं बल्कि नेतृत्व की विश्वसनीयता मायने रखती है। तेजस्वी युवा और ऊर्जावान हैं लेकिन वे अभी उस परिपक्वता, ठोस दृष्टि और स्थिरता वाले नेतृत्व का विकल्प नहीं बन पाए, जिसकी उम्मीद बिहार का मतदाता करता है। आरजेडी का जाति-केंद्रित चुनाव, महागठबंधन की विफल रणनीति और तेजस्वी की नीतियों का धुंधलापन, इन सबने मिलकर परिणाम तय कर दिए। कुल मिलाकर, यह जनादेश केवल एनडीए की जीत नहीं बल्कि बिहार के मतदाता की राजनीतिक परिपक्वता का प्रमाण है। यहां जनता ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह सिर्फ सरकार नहीं, विश्वास चुनती है। वह सिर्फ घोषणाओं से नहीं, स्थिरता और सुशासन से प्रभावित होती है और 2025 में यह विश्वास एक बार फिर नीतीश कुमार पर जा टिका है, जो कठिन परिस्थितियों में भी व्यवस्था को थामे रहने वाले दीर्घदृष्टि वाले नेता साबित हुए हैं।

अध्यात्म

## जब मन अशांत हो तो कुछ समय मौन रहकर हालात समझें



प्रचलित प्रसंग के अनुसार गौतम बुद्ध रोज अपने शिष्यों को उपदेश देते थे। बुद्ध के प्रवचन सुनने शिष्यों के साथ ही अन्य लोग भी पहुंचते थे। एक दिन जब बुद्ध प्रवचन दे रहे थे, तभी एक व्यक्ति पहुंचा और वह बोला कि तथागत मैं आपसे बहुत सारे प्रश्न पूछना चाहता हूं। मेरा मन बहुत अशांत है। कृपया मेरे प्रश्नों के उत्तर दें, ताकि मेरा मन शांत हो सके।

बुद्ध ने उससे कहा कि मैं तुम्हारे प्रश्नों के उत्तर जरूर दूंगा। लेकिन, तुम्हें एक साल तक मौन धारण करना होगा। एक साल के बाद तुम जो भी पूछोगे, तुम्हें उसका उत्तर जरूर मिल जाएगा। उस व्यक्ति ने कहा कि एक साल बाद आप मेरे प्रश्नों के अवश्य देंगे ना? बुद्ध ने कहा कि मैं अपनी बात का पक्का हूं, तुम्हें सारे प्रश्नों के जवाब दूंगा, लेकिन एक साल बाद।

बुद्ध की बात मानकर उस व्यक्ति ने मौन व्रत धारण कर लिया। धीरे-धीरे वह मौन की वजह से उसका मन एकाग्र होने लगा, वह ध्यान में उतरने लगा। मन भी शांत होने लगा। उसके सभी प्रश्न खत्म होने लगे। एक साल बीत गया।

समय पूरा होने के बाद बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि अब तुम अपने सभी प्रश्न मुझसे पूछ सकते हो। ये बात सुनकर वह व्यक्ति हंसा और कहा कि एक साल पहले मेरे मन में कई प्रश्न थे, लेकिन अब सारे प्रश्न शांत हो गए हैं। अब मेरे पास आपसे पूछने के लिए कोई प्रश्न नहीं है।

बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि जब तक हमारा मन शांत नहीं है, मन में ढेरों प्रश्न उठते रहते हैं, उसकी परेशानियां बनी रहती हैं। अज्ञान और भ्रम की वजह से हमारा मन प्रश्नों के उत्तर तक पहुंच ही नहीं पाता है। कुछ समय मौन धारण करके हम हालातों को समझेंगे तो सारे प्रश्नों के उत्तर स्वतः ही मिलने लगते हैं।

मन शांत हो जाता है तो सभी प्रश्न भी खत्म हो जाते हैं। सारी चीजें हम आसानी से समझने लगते हैं और जीवन में सुख-शांति मिल जाती है।

# फॉसिल फ्यूल लॉबिस्ट्स से पटी सीओपी-30 क्लाइमेट न्याय की आवाज दबने का खतरा बढ़ा

**ग्लोबल साउथ के विशेषज्ञों ने भी कहा कि यह असमानता न सिर्फ अनैतिक है, बल्कि खतरनाक भी है. जलवायु आपदाएं बढ़ रही हैं, लाखों लोग विस्थापित हो रहे हैं, पर बातचीत की मेज पर बैठने का अधिकार उन्हीं के पास है जिनके कारण संकट पैदा हुआ. कई संगठनों ने फॉसिल फ्यूल उद्योग के युद्ध मशीनरी को सपोर्ट करने के तथ्यों को सामने रखा. कुछ प्रतिनिधियों ने कहा कि जलवायु न्याय की लड़ाई का संबंध मानवाधिकार और शांति से भी गहरा है. उनका आरोप है कि कंपनियों की यही शक्ति उन्हें कॉन्फ्रेंस हॉल्स में भी घुसा देती है.**

डॉ सीमा जावेद

हैदराबाद : बेलेम की नमी भरी हवा में इन दिनों अजीब-सी हलचल है. बाहर अमेजन की हरियाली सांस ले रही है, अंदर कन्वेंशन सेंटर में दुनिया की किस्मत तय होने वाली है. पर एक सच्चाई सबके गले में अटक गई है. इस बार सीओपी30 में जलवायु परिवर्तन से लड़ने आए लोग कम और फॉसिल फ्यूल लॉबिस्ट्स ज़्यादा दिख रहे हैं. ताजा विश्लेषण ने साफ कर दिया कि सम्मेलन में आए हर 25 वें व्यक्ति का रिश्ता किसी न किसी फॉसिल फ्यूल कंपनी से है.

कुल मिलाकर 1600 से ज़्यादा फॉसिल फ्यूल लॉबिस्ट्स को सीओपी30 में एंट्री मिली है. यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है. केवल मेजबान ब्राजील की आधिकारिक डेलीगेशन संख्या इनसे बड़ी है. बाकी सभी देश पीछे. इस भारी भीड़ ने वही पुराना सवाल फिर उठा दिया है. आखिर दुनिया की सबसे बड़ी प्रदूषणकारी कंपनियों को उस मंच पर इतना स्पेस क्यों मिलता है, जो धरती को बचाने के लिए बनाया गया है.

सबसे चुभने वाली बात यह है कि फॉसिल फ्यूल लॉबिस्ट्स की संख्या दुनिया के सबसे जलवायु-प्रभावित 10 देशों की कुल डेलीगेशंस से दो तिहाई ज़्यादा है. फिलीपींस जैसे देश, जो अभी भी टाइफून की तबाही झेल रहे हैं, उनके मुकाबले लॉबिस्ट्स की संख्या पचास गुना तक पहुंच गई है. कई ग्लोबल नॉर्थ देशों ने तो अपने आधिकारिक प्रतिनिधिमंडलों में ही फॉसिल फ्यूल कंपनियों के प्रतिनिधियों को शामिल किया है. फ्रांस ने टोटल एनर्जी के पांच प्रतिनिधियों को भेजा, जिनमें सीईओ भी शामिल थे. जापान, नॉर्वे और अन्य देशों में भी यही पैटर्न दिखा.

इतनी बड़ी उपस्थिति ने नागरिक समाज संगठनों की चिंताओं को और गहरा कर दिया है. वर्षों से चली आ रही मांग है कि क्लाइमेट नेगोशिएशन्स से फॉसिल फ्यूल कंपनियों को बाहर रखा जाए, ताकि असली जलवायु समाधान उभर सकें.

केबीपीओ गठबंधन ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि यह पूरी प्रक्रिया का मज़ाक है. फिलीपींस की प्रतिनिधि जैक्स बोंबोन ने कहा कि तीन दशकों की जलवायु वार्ताओं के बावजूद प्रदूषण फैलाने वालों को ताकत मिलती रही है. 'आप उसी समस्या को हल करने की कोशिश कर रहे हैं जिसके मूल में ये कंपनियां खुद बैठी हैं.'

ग्लोबल साउथ के विशेषज्ञों ने भी कहा कि यह असमानता न सिर्फ अनैतिक है, बल्कि खतरनाक भी है. जलवायु आपदाएं बढ़ रही हैं, लाखों लोग विस्थापित हो रहे हैं, पर बातचीत की मेज पर बैठने का अधिकार उन्हीं के पास है जिनके कारण संकट पैदा हुआ.



कई संगठनों ने फॉसिल फ्यूल उद्योग के युद्ध मशीनरी को सपोर्ट करने के तथ्यों को सामने रखा. कुछ प्रतिनिधियों ने कहा कि जलवायु न्याय की लड़ाई का संबंध मानवाधिकार और शांति से भी गहरा है. उनका आरोप है कि कंपनियों की यही शक्ति उन्हें कॉन्फ्रेंस हॉल्स में भी घुसा देती है.

इस साल पहली बार गैर-सरकारी प्रतिभागियों से फंडिंग डिस्क्लोजर की मांग की गई है. पर यह नियम सरकारी डेलीगेशंस की ओवरफ्लो बैज पर लागू नहीं होता. यही छूट 164 लॉबिस्ट्स को सरकारी पास के जरिये अंदर तक पहुंच दे गई.

अंतर्राष्ट्रीय पारदर्शी ने इसे 'भरोसे की नींव हिला देने वाली खामी' कहा है.

ब्राज़ील की अध्यक्षता सीओपी30 को 'सच का सीओपी' बता रही है. पर सच यह है कि जब तक वार्ताओं में प्रदूषण फैलाने वाली कंपनियों की मौजूदगी रहेगी, तब तक सही मायने में क्लाइमेट समाधान सामने आना मुश्किल है. कई संगठनों ने मांग दोहराई है कि:

प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को प्रक्रिया से बाहर रखा जाए

हितों के टकराव की स्पष्ट नीति बने

निर्णयों पर वास्तविक जवाबदेही तय की जाए

धरती इस वक्त सबसे गर्म सालों में से एक झेल रही है. समुद्र उफान पर हैं. तूफानों की रफ्तार बढ़ रही है. जनता को उम्मीद है कि सीओपी30 में उनकी आवाज सुनी जाएगी. पर फिलहाल तो कॉरिडोर में घूमते लॉबिस्ट्स देखकर ऐसा लगता है कि जिनको जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, वही निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बन बैठे हैं. ये क्लाइमेट कहानी यही कहती है. जब टेबल पर जगह कम पड़ने लगे, तो सबसे पहले हकदार लोगों की तरफ देखो. क्योंकि यह लड़ाई धरती बचाने की है. और इसमें जनता की आवाज़ सबसे ऊपर होनी चाहिए.

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

राजनीतिक लोगों से मेलमिलाप बढ़ेगा। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको हल्की परेशानियों के बाद सफलता मिलेगी।

**वृषभ**

व्यवहार कुशलता के कारण आपके सभी कार्य प्रगति में आ जायेंगे। आज अपना समय बर्बाद न करें। दूसरों के भरोसे अपने काम न छोड़ें।

**मिथुन**

आज आपके लिये कार्यक्षेत्र में बहुत अच्छा दिन रहने वाला है। आय के नये स्रोत बनेंगे। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क**

गृहस्थ जीवन की समस्या दूर होंगी। बड़े कार्य को लेकर आप धन की व्यवस्था करेंगे। अपनी रुचि के अनुसार काम करें तो अधिक अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**सिंह**

दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहने वाली है। कारोबार में अपेक्षित लाभ हो सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या**

आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। मन कुछ कारणों से अप्रसन्न रहने वाला है। मौसम में आये परिवर्तन को लेकर थोड़े सावधान रहें।

**तुला**

अपने निर्णयों को लेकर थोड़े असमंजस में रहेंगे। लोग आपकी प्रतिभा की प्रशंसा करेंगे। बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक**

व्यापार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। आपके व्यक्तित्व में अत्यन्त सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। जीवनसाथी को आज उपहार दे सकते हैं।

**धनु**

अपने टार्गेट को लेकर पूरी मेहनत से काम करेंगे। मन में किसी विषय को लेकर चल रही तनातनी दूर होगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में इच्छानुसार परिणाम प्राप्त होंगे।

**मकर**

आपकी रुचि के अनुसार काम नहीं होंगे। जॉब में परेशानियाँ आ सकती हैं। माता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। ऐसी बातों पर ध्यान न दें जो आपकी एकाग्रता भंग करती हों।

**कुंभ**

सम्पत्ति विवाद सुलझने के योग बन रहे हैं। किसी महत्वपूर्ण काम से यात्रा हो सकती है। परिजन आपके प्रति सहयोगात्मक भाव रखेंगे। कारोबार में अपेक्षित वृद्धि होगी।

**मीन**

मानसिक रूप से शान्ति का अनुभव करेंगे। पुराने परिचित मित्रों से आपका मिलना हो सकता है। ऑफिस में आपके काम बहुत ही आसानी से बन जायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### एक किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर पुलिस ने बीते रात गुप्त सूचना पर चुल्हाईचक में छापेमारी कर 1किलो 5 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार तस्कर महानंद महतो चुल्हाईचक निवासी है. थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिला कि चुल्हाईचक में गांजा का बिक्री किया जा रहा है. सूचना पर पुलिस टीम गठित कर चुल्हाईचक निवासी महानंद महतो के घर छापेमारी कर एक किलो 5 ग्राम गांजा बरामद किया गया है. गिरफ्तार महानंद महतो के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. गिरफ्तार महानंद से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोपालपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ई-रिक्शा से लगभग 80 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया है. पुलिस टीम ने शराब से लदा ई-रिक्शा मौके से जब्त कर लिया.अभियान के दौरान पुलिस ने धंधेबाज अमन कुमार, पिता प्रवेश कुमार, ग्राम मितनचक को दबोच लिया. पूछताछ में उसने शराब तस्करी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की. पुलिस के अनुसार यह शराब अवैध तरीके से इलाके में सप्लाई की जानी थी. गोपालपुर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है.गिरफ्तार आरोपी को कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है. पुलिस ने यह भी संकेत दिया कि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और जल्द ही और गिरफ्तारियाँ संभव हैं.

### जमीनी विवाद में मां बेटी से मारपीट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के नवादा घाट गांव में जमीनी विवाद को लेकर भैसुर ने अपनी भतीजी और भाभज को बेरहमी से मारपीट करते हुए दोनों का माथा फोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि अपने मां के हिस्से के जमीन को जबरन कब्जा करते हुए रंगदारी करते हैं और जब दूसरे भाई के द्वारा मां की जमीन पर फसल लगाया जाता है तो उसे नुकसान पहुंचा देते हैं। सोमवार को छोटी बच्ची के साथ छेड़खानी का आरोप लगाने के बाद इसकी शिकायत पीड़ित मनोरमा देवी ने पुलिस से करते हुए आरोपी सुनील कुमार को गिरफ्तार कर पुछताछ करते हुए मामले की छानबीन कर रही है।

### नाबालिक लड़की से छेड़खानी मामले में युवक गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ छेड़खानी और दुष्कर्म के आरोप में खजुरार गांव के 22 वर्षीय युवक शिकेश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर ली है। पुलिस ने लड़की और युवक को अपने कब्जे में लेने के बाद बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में मेडिकल कराने के लिए पहुंची, अस्पताल के मेडिकल टीम के द्वारा पीड़ित लड़की और आरोपी युवक का मेडिकल कराया गया। भदौर थाना की पुलिस सुरक्षा के साथ दोनों को लेकर अस्पताल में मेडिकल कराए जाने के बाद फिर से थाना लेकर पहुंची वहीं गांव में इस तरह की घटना को लेकर दो पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर एम्स पटना ने एनएमओ के सहयोग से किया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय मिर्गी दिवस के अवसर पर एम्स पटना के न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी विभाग ने नेशनल मेडिकोस ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ), एम्स पटना इकाई के सहयोग से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम का उद्देश्य मिर्गी के प्रति जन-

**रानीपुर गाँव में आउटरीच अभियान, 32 मरीजों की स्क्रीनिंग और काउंसलिंग**




जागरूकता बढ़ाना, समय पर पहचान, नियमित उपचार की महत्ता बताना और इस बीमारी से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करना था. जागरूकता अभियान दो चरणों में आयोजित किया गया—एम्स पटना परिसर और फुलवारीशरीफ ब्लॉक के निकट स्थित रानीपुर गाँव. सुबह 7:30 बजे रानीपुर गाँव में आयोजित आउटरीच कार्यक्रम में कुल 32 रोगियों की स्वास्थ्य जाँच, परामर्श और आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया. ग्रामीणों को मिर्गी के लक्षण, उपचार की उपलब्धता, दवाओं के नियमित सेवन और जीवनशैली संबंधी सावधानियों की जानकारी दी गई. एम्स पटना परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ, प्रो. (डॉ.) संजय पांडे, प्रभारी डीन अकादमिक एवं डीन अनुसंधान, प्रो. (डॉ.) ज्योति प्रकाश, रजिस्ट्रार एवं विभागाध्यक्ष सामान्य चिकित्सा, प्रो. (डॉ.) अमित राज, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक एवं विभागाध्यक्ष नेत्र विज्ञान, नीलोत्पल बल, उप निदेशक (प्रशासन), प्रो. (डॉ.) विकास चंद्र झा, विभागाध्यक्ष न्यूरोसर्जरी सहित कई संकाय सदस्यों, चिकित्सकों, रेज़िडेंट डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और स्थानीय लोगों ने भाग लिया. कार्यक्रम में वक्ताओं ने मिर्गी के बढ़ते मामलों, लक्षणों की पहचान, आधुनिक उपचार पद्धतियों और समय पर चिकित्सा सहायता की अनिवार्यता पर विस्तृत जानकारी दी. प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने मिर्गी के दौरे के दौरान सही व्यवहार, भ्रांतियों और मिथकों को दूर करने की सलाह दी. डॉ. संजय पांडे ने मिर्गी के प्रमुख लक्षणों को पहचानने की विधि बताई. प्रो. (डॉ.) ज्योति प्रकाश ने स्पष्ट किया कि दौरे के समय जूते सूँघाना या नाक बंद करना जैसे प्रचलित तरीके गलत और हानिकारक हैं. प्रो. (डॉ.) अमित राज ने जोर दिया कि मिर्गी के दौरे के तुरंत बाद मरीज को सुरक्षित स्थिति में लाकर शीघ्र चिकित्सा सहायता प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है. कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट रहा—मिर्गी एक सामान्य और उपचार योग्य बीमारी है, और सही जानकारी एवं समय पर इलाज से मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं.

# उत्साह के साथ मनाया गया राष्ट्रीय चिकन दिवस




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय और बिहार पोल्ट्री फार्मर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय चिकन दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिवस पद्मश्री डॉ. बी. वी. राव, जिन्हें भारतीय पोल्ट्री सेक्टर का जनक माना जाता है, की स्मृति में मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ. एन. के. सिंह, संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान के अधिष्ठाता डॉ. उमेश सिंह, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. पंकज कुमार सिंह तथा बिहार पोल्ट्री फार्मर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. एन. के. सिंह ने कहा कि पोल्ट्री सेक्टर के विकास के लिए इसके माइक्रो इकोनॉमिक्स पर काम करने, नीतियों पर अध्ययन कर उन्हें धरातल पर उतारने तथा हाइजीन और लागत नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। डॉ. उमेश सिंह ने बताया कि मीट की मांग की पूर्ति में चिकन की भूमिका सबसे अधिक है क्योंकि यह सस्ता, सुपाच्य और आसानी से उपलब्ध होता है। डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पोल्ट्री एक ऐसा क्षेत्र है जो पोषण सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करता है तथा इसकी बायो-सिक्योरिटी पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बिहार पोल्ट्री फार्मर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने कहा कि चिकन आज मानव भोजन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है और बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं-जैसे लेयर फार्म एवं ब्रीडिंग फार्म के लिए सब्सिडी, तथा पोल्ट्री फार्म और हैचरी को कृषि दर पर बिजली उपलब्ध कराना ने इस उद्योग को काफी गति दी है। उन्होंने फीड टेक्नोलॉजी पर काम कर लागत कम करने तथा सस्ते विकल्प विकसित करने की बात कही, जिससे चिकन और उससे बने उत्पाद कम कीमत पर उपलब्ध हो सकें। कार्यक्रम का संचालन बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पशुधन उत्पाद तकनीकी विभाग द्वारा किया गया, जिसने अपना चालीसवाँ स्थापना दिवस भी केक काटकर मनाया। विभाग की ओर से चिकन के कई व्यंजन तैयार कर प्रतिभागियों को परोसे गए और संवेदी मूल्यांकन कराया गया। इस अवसर पर वेटरनरी पब्लिक हेल्थ विभाग की प्रोफेसर डॉ. सिउली शाहा रॉय ने पोल्ट्री हाइजीन पर तथा विश्वविद्यालय के पोल्ट्री रिसर्च एवं ट्रेनिंग सेंटर के हेड डॉ. कौशलेन्द्र ने पोल्ट्री प्रबंधन पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. शुष्मा, डॉ. मोईन अंसारी, डॉ. सरोज, डॉ. संजय, डॉ. देवनारायण सिंह, डॉ. ज्ञान देव सिंह, डॉ. सुधा, डॉ. दीपक, डॉ. शिवराज, डॉ. रोहित, डॉ. गार्गी सहित बड़ी संख्या में पोल्ट्री किसान, उद्यमी और वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

### पत्नी की गला दबाकर हत्या करने का आरोपित पति गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को सडक किनारे फेक दिया था.इस मामले में पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार किया है.गिरफ्तार सोनू कुमार खगडी नरगदा निवासी है. थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि पिछले शनिवार को हनुमानगंज सडक किनारे एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया था. शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था. इसी मामले में पुलिस ने छानबीन कर रही थी कि पुलिस को मृतका का परिजनों ने पहचान खगडी नरगदा निवासी सोनू कुमार के पत्नी प्रियंका कुमारी के रूप में किया. मृतका प्रियंका की मां बबीता देवी भागलपुर जिले निवासी ने अपने दामाद सोनू कुमार पर मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर शव को हनुमानगंज सडक किनारे फेक देने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है. मृतका की मां ने बताया कि चार माह पूर्व ही शादी हुई थी और बराबर मेरी पुत्री के साथ मारपीट कर प्रताडित किया जाता था. गिरफ्तार सोनू ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि मारपीट कर अपनी पत्नी को गला दबाकर हत्या कर दिया था.

## हथियार समेत तीन बदमाश गिरफ्तार



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल की एनटीपीसी थाना पुलिस ने रैली दियारा क्षेत्र में छापेमारी कर तीन हथियारबंद बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एनटीपीसी थाना अध्यक्ष ओंकार नाथ राय को गुप्त सूचना मिली कि एनटीपीसी द्वारा क्षेत्र में कई ऐसा सामाजिक तत्वों के लोग घूम रहे हैं और अपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं एनटीपीसी थाना की पुलिस ने अपने वरिष्ठ पदाधिकारी को सूचना देने के बाद तुरंत दियारा क्षेत्र में छापेमारी शुरू कर दी। पुलिस गश्ती के दौरान दियारा क्षेत्र में तीन संदिग्ध बदमाशों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। पुलिस को देखते ही तीनो बदमाश भागने लगे। पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा कर अमीर यादव, दिनेश यादव और संजीव कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से तीन देसी कट्टा, अठारह जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। पुलिस मामले में पूछताछ करने में डटी हुई है और उसका आपराधिक इतिहास भी पता कर रही है घटना को लेकर बाढ़ 1 डीएसपी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि सभी को जेल भेजा जा रहा है।

## ब्रेस्ट कैंसर सिर्फ महिलाओं की बीमारी नहीं, पुरुष भी हो सकते हैं शिकार

**मेदांता पटना का नया जागरूकता अभियान शुरू**





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्तन स्वास्थ्य को केवल महिलाओं तक सीमित मानने वाली सोच को बदलते हुए जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना ने सोमवार को 'आओ. देखो. सीखो' कार्यक्रम के माध्यम से पुरुषों में ब्रेस्ट कैंसर के खतरे पर विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत की. इस पहल का लक्ष्य स्तन स्व-जांच को व्यवहारिक रूप से समझाना और यह संदेश देना था कि स्तन स्वास्थ्य सभी के लिए समान रूप से आवश्यक है. पटना हाई कोर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में हाई कोर्ट के न्यायाधीश, वकील, कर्मचारी तथा मेदांता पटना के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रवि शंकर सिंह और ब्रेस्ट सर्विसेज की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. निहारिका रॉय उपस्थित रहीं. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रवि शंकर सिंह ने कहा पुरुषों में भी ब्रेस्ट टिश्यू होता है, इसलिए वे ब्रेस्ट कैंसर से अछूते नहीं हैं. जागरूकता की कमी के कारण पुरुषों में यह बीमारी देर से पकड़ी जाती है, जबकि शुरूआती पहचान से उपचार की सफलता कई गुना बढ़ जाती है. उन्होंने पुरुषों से अपील की कि किसी भी प्रकार की गांठ, दर्द, सूजन या बदलाव को हल्के में न लें. विशेषज्ञ वक्ता डॉ. निहारिका रॉय ने बताया कि स्तन स्व-जांच एक सरल प्रक्रिया है और पुरुष भी इसे आसानी से कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर अब उम्र, लिंग या सामाजिक वर्जनाओं तक सीमित विषय नहीं है. जितनी जल्दी लक्षण पहचान लिए जाएँ, उतना बेहतर परिणाम मिलता है. उन्होंने कहा. कार्यक्रम के बाद 17 और 18 नवंबर को प्रतिभागियों के लिए स्तन स्व-जांच का व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें विशेष सिम्युलेटर के माध्यम से सही तकनीक सिखाई गई. सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिनमें पुरुष कर्मचारियों ने भी उत्साह दिखाया. इस महत्वपूर्ण आयोजन में माननीय न्यायमूर्ति राजीव रॉय, माननीय न्यायमूर्ति सोनी श्रीवास्तव, महाधिवक्ता बिहार पी. के. शाही, बिहार बार काउंसिल के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता निवेदिता निर्विकार, वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार, बिहार महिला महासंघ की अध्यक्ष अर्चना सिन्हा, सचिव शमा सिन्हा, कोषाध्यक्ष अनुराधा सिंह सहित कई बुद्धिजीवी उपस्थित रहे. मेदांता पटना का यह अभियान स्पष्ट संदेश दे रहा है कि ब्रेस्ट कैंसर किसी को भी हो सकता है, और समय पर जांच हर किसी के लिए जरूरी है.

## गंगा देवी महिला महाविद्यालय में 'एआई फॉर ऑल' रिफ्रेशर पाठ्यक्रम प्रारंभ

**आईआईटी पटना के सहयोग से 12 दिवसीय कार्यक्रम, सौ से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता**



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना में सोमवार को एमएमटीटीसी, आईआईटी पटना के सहयोग से 'एआई फॉर ऑल- विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी को सशक्त बनाने के नवाचार विषय पर 12 दिवसीय रिफ्रेशर पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया. यह कार्यक्रम प्रत्यक्ष तथा ऑनलाइन दोनों रूपों में चलाया जाएगा. उद्घाटन सत्र में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ आईआईटी पटना के निदेशक डॉ. टी. एन. सिंह ने किया. महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. विजय लक्ष्मी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज की अनिवार्य आवश्यकता है. विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें एआई की उपयोगिता, संभावनाओं और इसकी सीमाओं को समझना महत्वपूर्ण है. पाठ्यक्रम के संयोजक आईआईटी पटना के प्रो. डॉ. एस. के. फरीदा ने 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्राकृतिक बुद्धिमत्ता' विषय पर अपने व्याख्यान में कई महत्वपूर्ण और रोचक बिंदु प्रस्तुत किए. कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अभिनय कुमार सिंह ने बताया कि इस पाठ्यक्रम की संरचना इस प्रकार तैयार की गई है कि यह विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और मानविकी—सभी संकायों के शिक्षकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा. सह-समन्वयक गंगा देवी महिला महाविद्यालय की डॉ. रेणु कुमारी ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता और सार्थकता सुनिश्चित करने में सभी का सहयोग आवश्यक है.

### दानापुर संसद वीणा देवी व नवनिर्वाचित जदयू विधायक कोमल सिंह ने योगेश्वरनाथ धाम में किया पूजा अर्चना



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को लोजपा रामविलास से वैशाली की वीणा देवी व उनकी पुत्री व जदयू के नवनिर्वाचित विधायिका कोमल सिंह खगौल के नेउरा कॉलोनी स्थित बाबा योगेश्वरनाथ धाम पहुंचकर भगवान योगेश्वरनाथ की पूजा अर्चना किया. गौरतलब है कि 2025के विधानसभा चुनाव मे कोमल सिंह ने गाय घाट विधानसभा से जदयू के टिकट पर चुनाव जीत हासिल की है.मौके पर लोजपा रामविलास पार्टी वैशाली की सांसद वीणा देवी ने कहा कि हमारे पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान को शक्ति व उन्नति देने वाल खगौल के बाबा योगेश्वरनाथ मंदिर है .

## अमीरे शरीयत ने मदीना जाते समय हुए बस हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इमारत शरिया,बिहार झारखंड उड़ीसा बंगाल के अमीर शरीयत हजरत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी ने मक्का से मदीना जा रही बस के भीषण हादसे और उसमें हुई जानमाल की क्षति पर गहरा दुःख प्रकट किया है.हजरत अमीरे शरीयत ने सऊदी सरकार और तेलंगाना सरकार से आग्रह किया कि मृतकों के परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए, हादसे की निष्पक्ष जाँच कराई जाए और ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएँ. उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इस दुःख में बराबर का सहभागी हूँ और दुआ करता हूँ कि अल्लाह तआला तीर्थयात्रियों की इस पवित्र यात्रा में किए गए हर नेक अमल को स्वीकार करे, उन्हें जन्नत का सर्वोच्च दर्जा अता फरमाए और परिजनों को धैर्य प्रदान करे. इसी क्रम में ईमारत ए शरिया के नाज़िम मुफ़्ती मुहम्मद सईद-उर-रहमान कासिमी ने भी हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों की मगफिरत तथा प्रभावित परिवारों के लिए सब्र की दुआ की. उन्होंने कहा कि यह त्रासदी केवल कुछ परिवारों की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की पीड़ा है. जानकारी के अनुसार सभी मृतक हैदराबाद, तेलंगाना के निवासी थे और तेलंगाना सरकार ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है.

## दानापुर में बिना प्राक्कलन बोर्ड लगाए योजना का निर्माण किया जा रहा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के 40 वार्डों में बिना प्राक्कलन बोर्ड लगाए सरकारी योजनाओं का निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है.कार्यस्थल पर बोर्ड नहीं रहने से आमलोगों को योजनाओं के बारे में कोई जानकारी नहीं रहती है.ऐसे में संवेदक मनमाना ढंग से कार्यों को अंजाम दे देते हैं. जिससे संवेदकों द्वारा कार्य से पूर्व बोर्ड को नहीं लगाया जा रहा है. जिससे लोगों को कार्यों की गुणवत्ता सहित अन्य चीजों की जानकारी नहीं मिल रहा हैं.इस सबसे बचने के लिए बोर्ड नहीं लगाया जाता है. जबकि, प्रावधान मुताबिक कार्य शुरू करने से पहले कार्य स्थल पर बोर्ड लगाया जाना अनिवार्य है.इसमें निर्माण से संबंधित जानकारी देनी होती है. नगर परिषद क्षेत्र के 40 वार्डों में पीसीसी सड़क, नाला समेत अन्य योजना स्थल पर प्राक्कलन बोर्ड लगाए बगैर कार्यों को अंजाम दे दिया गया.इसको लेकर कार्यों की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह उठाया जाता रहा है.प्रारंभ करने से पहले कार्य स्थल में सूचना पटल लगाया जाता है, लेकिन विभाग द्वारा यहां निर्माण कार्य से संबंधित कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है. जबकि कोई निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले वहां पर कार्य का नाम, सड़क की लंबाई, प्रशासनिक स्वीकृति राशि, अनुबंधक का नाम, अनुबंध क्रमांक, दर, कार्य प्रारंभ व कार्य पूर्ण होने की तारीख, कनीय अभियंता का नाम व मोबाइल नंबर, कार्यपालन अभियंता व विभागीय अधिकारी का नाम व मोबाइल नंबर की जानकारी प्रदर्शित करना होता है ताकि निर्माण कार्य में पारदर्शिता बनी रहे और लोग गड़बड़ी की शिकायत संबंधित अधिकारी से कर सकें. मगर यहां तकनीकी विवरण का कोई भी सूचना पटल नहीं लगाया गया है. परिषद के ईओ ने बताया कि सभी संवेदकों व कनीय अभियंता को सख्त निर्देश दिया गया है कि निर्माण कार्य से पूर्व शिलापट्ट लगाना अनिवार्य है.

# बिहटा ईएसआईसी अस्पताल में डॉक्टरों ने की ओपीडी सेवा बाधित

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहटा के सिकंदरपुर स्थित भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के द्वारा चल रहे ईएसआईसी अस्पताल में 118डॉक्टरों की टीम ने सोमवार से ओपीडी सेवा बाधित कर दी है। उनकी कई

**पीछले कई महीनो से नहीं मिला वेतन, ओपीडी सेवा बंद होने से बढ़ी लोगों की परेशानी**




मांगों के कारण आक्रोशित डॉक्टरो ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया और ओपीडी सेवा बाधित कर दिया। इधर ओपीडी सेवा बाधित होने के बाद दूर दराज से आए मरीजों की लंबी कतार लग गई। एरक्ठ में काम कर रहे डॉ.महफूज आलम ने बताया कि हम लोग 7 साल से मेडिकल की पढ़ाई किया और पैसे खर्च किया उसके बाद ईएसआई अस्पताल जैसे संस्थान में हम लोग काम करना अपनी सेवा दे रहे हैं ।लेकिन पिछले 5 से 6 महीने हो चुके हैं।लेकिन अभी तक विभाग के तरफ से हमें वेतन नहीं दिया गया है। जब भी हम लोग बात करने जाते हैं।अधिकारी से तो वह लोग केवल बातें बना रहे हैं। आज और कल की बात करें लेकिन कब तक हम लोग अपने परिवार पर निर्भर रहेंगे। इसलिए आज हम लोग सभी डॉक्टर की टीम निर्णय लेकर ओपीडी को पूरी तरह से बाधित कर दिया है।हालांकि इमरजेंसी सेवा पूरी तरह से चालू रहेगी ।लेकिन ओपीडी सेवा पूरी तरह से बंद रहेगा जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती है। कॉलेज के डिन डॉ विनय विश्वास ने बताया कि हम किसी का वेतन नहीं रोक सकते हैं। विभाग के तरफ से इन नए डॉक्टरों की वेतन 25 दिसंबर से पहले देने का आदेश दिया गया है। लेकिन यह डॉक्टर समझने को तैयार नहीं है ।फिलहाल अस्पताल में इमरजेंसी सेवा चालू है ।इसके अलावा और भी सेवा सभी चालू है।डॉक्टर मरीज को देख रहे हैं ।हालांकि इस संबंध में विभाग को सूचना दी गई है ।आगे विभाग जो आदेश देगा उसके साथ काम किया जाएगा।

## बेखौफ चोरों ने एचडीएफसी एटीएम काट कर 14 लाख रुपए उड़ाए




**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एटीएम काटकर रुपए उड़ाने वाले गिरोह ने रविवार की देर रात थाना क्षेत्र के मिथिला कॉलोनी मोड़ निवासी स्व विजय के मकान के नीचे स्थित एचडीएफसी एटीएम मशीन काट कर करीब 14 लाख रुपए चोरी करने का मामला सामने आया है. इस संबंध मे एटीएम सिक्योरिटी इंचार्ज प्रवीण भारती ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है. दर्ज प्राथमिकी में बताया कि रविवार की देर रात चोरों ने एचडीएफसी एटीएम मशीन काट कर करीब 14 लाख रुपए चोरी कर लिया गया है. उन्होंने बताया कि एटीएम 24 घंटे खुला रहता है और सोमवार की अहले सुबह जब एटीएम मशीन टूटे हुए देखा तो स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी. सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष दल बल के साथ पहुंचे और छानबीन शुरू कर दिया. बताया जाता है कि एटीएम में सुरक्षा गार्ड नहीं रहता है. थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि इसकी सूचना बैंक के अधिकारी और एटीएम के सिक्योरिटी इंचार्ज को दी गई. सूचना मिलने के बाद एचडीएफसी बैंक के अधिकारी और एटीएम सिक्योरिटी इंचार्ज प्रवीण भारती पहुंचे.

## संक्षिप्त समाचार

### हंगामा करते पांच शराबी धराए

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना पुलिस ने शराब पीकर हंगामा कर रहे पांच शराबी को जोलगांवा चौक से पकड़ा। मिली जानकारी के अनुसार सभी नेपाल से शराब पीकर आ रहे थे। जोलगांवा चौक के समीप हंगामा कर रहे थे जिसे जितना पुलिस ने पकड़ा।



जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने सुधीर कुमार ने बताया कि पकड़े गए शराबियों की पहचान थाना क्षेत्र के कोदरकट निवासी गौतम साह, पिपरा निवासी संदीप माझी, दरपा थाना क्षेत्र निवासी मुन्ना मंसूरी, एबरान आलम व पश्चिमी चंपारण के मझौलिया थाना क्षेत्र निवासी पप्पू कुमार है। पकड़े गए सभी पर शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

नियमित कार्यों पर प्राथमिकता से दें ध्यानः डीएम
लंबित कार्यों को अविलंब करें निष्पादित

### भंगहा बार्डर से 400 अवैध कीपैड मोबाइल जब्त

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा पुलिस ने भंगहा बार्डर से रविवार की शाम तस्करी की नियत से नेपाल से लेकर आ रहे 400 अवैध कीपैड मोबाइल को जब्त किया है। हालांकि पुलिस को देख तस्कर कार्टून फेंक फरार हो गए। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया क 14 कार्टून में 400 कीपैड मोबाइल को जब्त कर कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है। इधर जब्त मोबाइल की किमत लगभग आठ लाख रूपए आंकि गई है।

### महिला की संदिग्ध मौत पोस्टमार्टम में भेजा गया

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा थाना के इनरवा गांव में एक महिला की मौत संदिग्ध हालत में हो गई। मृत महिला की पहचान गुड्डू शर्मा की पत्नी अंतीमा देशी 25 वर्ष बतायी जाती है। वहीं थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि डेड बॉडी को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को दिल्ली में किया जायेगा सम्मानित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय जल मिशन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, जल संचय जन भागीदारी 1.0 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुरस्कार विजेता जिलों को राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में आमंत्रित किया गया है। इस वर्ष खरखइ 1.0 अवार्ड के लिए जिलों/राज्यों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं जल संरक्षण के प्रति उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया जा रहा है। यह पुरस्कार समारोह 18 नवम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित होगा। कार्यक्रम में विजेता जिलों को यह सम्मान जल शक्ति मंत्री द्वारा दिया जाएगा। राष्ट्रीय जल मिशन ने सभी विजेताओं से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया है, ताकि देश को जल - सुरक्षित भविष्य की दिशा में किए गए उनके मूल्यवान योगदान का सम्मान किया जा सके।

## मोतिहारी में भोजपुरी फिल्म मांग भरो सजना का प्रमोशन



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भोजपुरी फिल्म 'मांग भरो सजना' का भव्य प्रमोशन मोतिहारी स्थित पायल सिनेमा में रविवार को आयोजित किया गया ।फिल्म की मुख्य स्टार कास्ट राहुल शर्मा और मेघाश्री विशेष रूप से मौजूद रहे। दर्शकों की भीड़ और उत्साह के बीच फिल्म का प्रदर्शन सफल रहा और चहेते कलाकारों को देखकर मोतिहारी के फिल्मप्रेमियों में इसे लेकर खास उत्सुकता देखी गई। बाबा मोशन पिक्चर्स प्रा. लि. प्रस्तुत 'मांग भरी सजना' एक भावनात्मक सामाजिक-परिवारिक ड्रामा है, जिसे राकेश त्रिपाठी ने निर्देशित किया है। प्रीमियर के दौरान अभिनेता राहुल शर्मा ने कहा कि भोजपुरी सिनेमा को अक्सर गलत धारणा में देखा जाता है, जबकि यह फिल्म पूरी तरह पारिवारिक और साफ-सुथरी कहानी पर आधारित है। राहुल ने जोर देते हुए कहा कि भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री और एल्बम इंडस्ट्री दोनों अलग हैं, इसलिए पूरे उद्योग को वल्गर कहना उचित नहीं है। फिल्म की अभिनेत्री मेघाश्री ने भी कहा कि यह फिल्म परिवार के साथ देखने योग्य है और इसमें मनोरंजन के साथ-साथ एक मजबूत सामाजिक संदेश भी है। उन्होंने दर्शकों से आग्रह किया कि वे फिल्म देखकर भोजपुरी सिनेमा की बदलती दिशा को महसूस करें। फिल्म "मांग भरो सजना" के निर्देशक राकेश त्रिपाठी ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की बदलती दिशा और बेहतर कंटेंट का उदाहरण है। उन्होंने बताया कि कहानी, संवाद और प्रस्तुति-सब कुछ परिवार को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। राकेश ने कहा कि भोजपुरी सिनेमा को अक्सर अनावश्यक रूप से बदनाम किया जाता है, जबकि कई फिल्में सकारात्मक संदेश और सशक्त कथानक के साथ बनाई जा रही हैं। फिल्म के निर्माण से जुड़े नाम भी उल्लेखनीय हैं। फिल्म के निमार्ता प्रदीप के. शर्मा, निर्देशक राकेश त्रिपाठी, सह-निर्मात्री अनिता शर्मा, तथा टीम के अन्य सदस्य- साजन मिश्रा, जानुतोष तिवारी (शेरपुर), धरम हिन्दुस्तान, महेश बैंकट, कोमल वर्मा, वली बाद, रिक्की गुप्ता और विजय श्रीवास्तव- पी आर ओ रंजन सिन्हा मौजूद थे।

# तेज रफ्तार कार ने मारी ठोकर दूल्हे के फूफा समेत तीन की मौत

## ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान भीड़ में घुसी कार



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के लौरिया थाना क्षेत्र के विशुनपुरवा के समीप सड़क किनारे खड़े बारातियों को तेज रफ्तार कार ने रौंद डाला जिससे बारात में आये दूल्हे के फूफा समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि नौ लोग घायल हो गये है।इनमें से आधा दर्जन की हालत चिंताजनक बतायी गयी है। मृतको में शादी तय कराने वाले अगुवा भी शामिल है। घटना रविवार की रात की है। पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि घायलों को इलाज के लिए जीएमसीएच पहुंचाया गया है। मृतकों की पहचान नेपाल के कलेया थाना क्षेत्र के भवली चौक एकवनिया निवासी सत्यनारायण महतो के पुत्र हरिशंकर कुशवाहा (40), टेढ़ीकुइयां वार्ड छह निवासी उमेश महतो के पुत्र राजेश महतो (25) व लौरिया थाना क्षेत्र के बिशनपुरा निवासी मुंशी कुशवाहा के पुत्र दिनेश कुशवाहा (25) के रूप में की गई है। हरिशंकर कुशवाहा दूल्हे के फूफा थे। जबकि राजेश महतो बस मालिक थे। उनकी बस बारात में आई थी। घायलों में बैरिया थाना क्षेत्र के पकड़ी धांगढ़ टोली निवासी विकास कुमार (30), नरकटियागंज के धूमनगर लालगढ़ निवासी राजेश सोनी (45), अखिलेश कुमार पडित (32), रवि रंजन कुमार (25), राजेश कुमार (36), सुनील साह (40), लौरिया की पूनम देवी (30), मझौलिया थाना क्षेत्र के परसा निवासी मुन्ना कुमार (22) व लौरिया बिशुनपुरवा के रिशु कुमार (14) का नाम शामिल है। मृतक दिनेश के बड़ं भाई अशोक प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि नरकटियागंज के धूमनगर लालगढ़ निवासी विनोद महतो के पुत्र सोनू कुमार की शादी लौरिया प्रखंड के बिशनपुरवा गांव निवासी अमेरिका कुशवाहा की पुत्री से तय हुई थी। रविवार को बारात आई थी। द्वार पूजा के बाद कुछ बाराती खाना खाकर वापस लौटने की तैयारी में थे। लौरिया-बगहा पथ पर विशुनपुरवा स्थित टोल प्लाजा के समीप सड़क किनारे बारात में शामिल लोग वाहनों पर बारात में आयी बस पर चढ़ने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान बगहा से लौरिया की ओर आ रहे एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े बारातियों को रौद दिया। अफरातफरी में मौके का फायदा उठाकर कार चालक कार छोड़ फरार हो गया। गुस्साए बारातियों ने कार को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार को जब्त कर ली। पुलिस घायलों को अस्पताल पहुंचाई। लौरिया थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि तीन लोगों की मौत हो गई है। कुछ लोग घायल हैं, उनका उपचार कराया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए जीएमसीएच भेज दिया गया है।

## चिरैया की पांच पंचायतों में धान अधिप्राप्ति शुरू, 2369 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा मूल्य

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में इस वर्ष धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही है। प्रखंड क्षेत्र के 23 पंचायतों में से फिलहाल पांच पंचायतों—दिपही धरहरवा, रामपुर दक्षिणी, रुपहरा, महुआवा पश्चिमी और खोढ़ा में धान खरीद की औपचारिक शुरूआत कर दी गई है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अशोक कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इन चयनित पंचायतों में सरकारी केंद्रों पर किसानों से धान की खरीद निर्धारित दर पर की जा रही है, ताकि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का पूरा लाभ मिल सके। सहकारिता पदाधिकारी के अनुसार, सरकार द्वारा तय किए गए मूल्य के तहत किसानों को 2369 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धान की नमी (मॉइश्चर) अधिकतम 17 प्रतिशत तक स्वीकार्य है। यदि किसी किसान के धान में इससे अधिक नमी पाई जाती है, तो उन्हें धान सुखाकर पुनः केंद्र पर लाने की सलाह दी जा रही है। इससे धान की गुणवत्ता सुनिश्चित रहेगी और किसानों को भी उचित दर प्राप्त होगी।दूसरी ओर कई किसान समय रहते अपनी उपज को सरकारी केंद्रों तक नहीं पहुंचा पाए और मजबूर होकर स्थानीय व्यापारियों को औने-पौने दाम पर बेच दिया। किसानों का कहना है कि मौसम की मार ने इस बार स्थिति और भी खराब कर दी। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश से धान की फसल काफी प्रभावित हुई, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। खेतों में कटाई के समय हुई लगातार बारिश के कारण फसल भीग गई, कई जगहों पर दानों की गुणवत्ता पर भी असर पड़ा और किसानों के सामने भंडारण से लेकर बिक्री तक की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई। राजू यादव, सोनालाल राय, विनोद यादव, रामेश्वर राय किसानों ने बताया कि यदि सरकारी खरीद समय पर शुरू हो जाती या अधिक पंचायतों में केंद्र खोले जाते, तो उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल पाता। कई किसानों ने यह भी मांग की है कि बेमौसम बारिश से हुए नुकसान का आकलन कर तत्काल राहत दी जाए। वहीं सहकारिता पदाधिकारी का कहना है कि शेष पंचायतों में भी जल्द ही धान खरीद प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी चल रही है, ताकि अधिक से अधिक किसान योजना का लाभ उठा सकें। कुल मिलाकर, प्रखंड में धान अधिप्राप्ति की शुरूआत किसानों के लिए राहत का संदेश लेकर आई है, लेकिन मौसम की मार और समय पर बिक्री न होने की परेशानियां अब भी उनके सामने एक बड़ी चुनौती बनकर खड़ी हैं।



## कटे होंठ तालु वाले बच्चों के निःशुल्क इलाज की हुई शुरूआत

### 13 जिले के बच्चों की होगी सर्जरी' 75 बच्चों की सर्जरी कराई जा चुकी है



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरबीएसके कार्यक्रम के तहत कटे होंठ तालु वाले बच्चों के निःशुल्क ईलाज की डंकन हॉस्पिटल रक्सौल से शुरूआत की गई। इस दौरान चिन्हित जिले के कटे होंठ व तालु वाले बच्चों के ईलाज चिकित्स्कों की टीम द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम का उद्घाटन जिले के सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव, एसडीएम रक्सौल मनीष कुमार, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर सीएस, डीपीएम,डंकन हॉस्पिटल के प्रबंधक, आरबीएसके डीसी ने वार्ड में जाकर बच्चों के स्क्रीनिंग, ईलाज व्यवस्था की जानकारी डॉ, परिजनों एवं स्टॉफ नर्स से जानकारी लीं। मौके पर सीएस ने कहा की कटे होंठ व तालु वाले बच्चों के निःशुल्क ईलाज से अभिभावकों के चेहरे पर मुस्कान देखी जा रही है, उन्होंने बताया की यह काफी खुशी की बात है की अपने जिले में ही ईलाज की सुविधाएं उपलब्ध है। पिछली कैंप कुल 75 बच्चों की सर्जरी कराई जा चुकी है जिसमें पूर्वी चम्पारण के 40 बच्चे शामिल थें।उन्होंने बताया की नजदीकी क्षेत्र में निःशुल्क ईलाज से लोग परेशानीयों से बचेंगे और समय की काफी बचत होगी।डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने बताया की रक्सौल के डंकन हॉस्पिटल में प्रशिक्षित चिकित्सकों के द्वारा होंठ तालु कटे बच्चों की सर्जरी प्रशिक्षित चिकित्सकों की टीम द्वारा निःशुल्क हो रही है साथ ही भोजन, रहने का भी प्रबंध किया गया है। आरबीएसके के जिला समन्वयक डॉ शशि मिश्रा ने कहा की (आरबीएसके) के अंतर्गत बच्चों में जन्मजात दोष, डिफिसियेंसी, बाल रोग आदि को समय पर पहचानकर उन्हें निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। जन्मजात कटे,होठ के बच्चे का आपरेशन बिहार सरकार के खर्चे पर इलाज कराया जाता है।ऐसे बच्चों को चिन्हित करने के लिए आरबीएसके की टीम आंगनबाडी केंद्र एवं सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर बच्चों की जाँच करती है, चिकित्सकों की माने तो जन्मजात होने वाली यह बीमारी काफी बच्चों में होती है। सही समय पर इसका इलाज न किए जाने पर इसका इलाज काफी मुश्किल हो जाता है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दिल के छेद सहित 42 प्रकार की बीमारियों से ग्रसित बच्चों के ईलाज की व्यवस्था पटना एवं अहमदाबाद जैसे स्वास्थ्य संस्थानों में कराया जाता है। मौके पर मनीष कुमार, एसडीएम रक्सौल, डॉ प्रभु जोसफ, मैनेजिंग डायरेक्टर, डंकन हॉस्पिटल, समीर दीगल,लाइजिंग ऑफिसर जोसफ जॉन, डीएस डॉ स्वाति,एमओआई सी, डॉ राजीव रंजन, डॉ विजय कुमार, समीना सैयद, सिद्धांत कु, व अन्य लोग उपस्थित थें।

## दहेज लोभी ससुरालवालों ने मूकबधिर बहू को घर से निकाला

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मझौलिया थाना क्षेत्र के रतनमाला में दो लाख रुपये दहेज के लिए मुकबधिर बहू को दहेज लोभी ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। रतनमाला निवासी चंदेश्वर प्रसाद साह की पत्नी सीमा देवी ने मझौलिया थाना में मामले में प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी में पति चंदेश्वर प्रसाद साह, मंटू प्रसाद, कलावती देवी, लालसा देवी, बिंदा प्रसाद की पत्नी को आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में सीमा देवी ने बताया है कि वह गरीब परिवार की दिव्यांग मुकबधिर युवती है। दो वर्ष पूर्व उसकी शादी चंदेश्वर प्रसाद साह से हुई। शादी के समय उसके मायके वाले ससुराल वालों को उपहार स्वरूप दो लाख के कपड़ा, बर्तन आदि सामान दिए। बारात के खर्च के लिए नकद एक लाख रुपये भी दिए। शादी के छह माह बाद ससुराल वाले दो लाख रुपये दहेज के लिए उसे प्रताड़ित कर जान मारने का षड्यंत्र रचने लगे। कुछ माह पूर्व स्त्री धन छीनकर उसे मायके पहुंचा दिए। ससुराल वाले उसे घर पर रखने से इनकार कर दिए हैं। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। छानबीन आरंभ कर दी गयी है।

## जर्जर सरकारी भवनों की सूची मांगी, विभागीय योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जिला टास्क फोर्स (सोमवारीय) की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की शुरूआत जिला पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए की। उन्होंने कहा कि सभी विभागों ने एक टीम की तरह समन्वित होकर कठिन परिश्रम किया, जिसके परिणामस्वरूप पश्चिम चम्पारण जिले में बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 पूर्णतः निष्पक्ष, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य स्तर पर भी जिले के कार्यों की प्रशंसा की गई है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। अतः सभी विभागीय पदाधिकारी अब अपने नियमित कार्यों पर प्राथमिकता से ध्यान दें और लंबित कार्यो का अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी समय से कार्यालय पहुंचें, अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें और अपने अधीनस्थ कर्मियों की उपस्थिति व कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग करते रहें। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन से संबंधित सभी विपत्रों को जमा कराने हेतु 15 दिनों का समय सभी संवेदकों को दे, ताकि समुचित सत्यापन कराते हुए इसी माह के भीतर भुगतान की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाना है, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाए। बैठक में पंचायत सरकार भवन, ग्रामीण विकास अभिकरण, लोक शिकायत निवारण अधिनियम, लोक सेवा अधिकार अधिनियम, आपूर्ति, सहकारिता, विधि, शिक्षा, स्वास्थ्य, मद्य निषेध, कल्याण, अल्पसंख्यक, भविष्य निधि, जीविका, आईसीडीएस, मत्स्य, कृषि, खनन और सांख्यिकी आदि विभागों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने हर विभाग को निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति तथा योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि सहकारिता समितियों के खातों में सीसी राशि अविलंब अंतरित कराई जाए। जिले के राइस मिलों का भलि-भांति सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा पैक्सों को राइस मिलों के साथ टैग करने की प्रक्रिया को तुरंत पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पदाधिकारियों पर कठोर कार्रवाई होगी। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों से कहा कि जिले में स्थित जर्जर और अनुपयुक्त सरकारी कार्यालयों, आवासों और भवनों की अद्यतन सूची अविलंब उपलब्ध कराएं, ताकि सुरक्षा के दृष्टिकोण से आगे की कार्रवाई की जा सके।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस का किया गया आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के पत्र के आलोक में जिला जनसंपर्क कार्यालय मोतिहारी में राष्ट्रीय प्रेस दिवस का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस देश भर में 16 नवंबर को मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में विभाग द्वारा निर्धारित विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के पत्रकारों द्वारा भी अपने वक्तव्य रखे गए ' इस अवसर पर जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय प्रेस दिवस की सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि आज प्रेस की विश्वसनीयता अत्यंत ही जरूरी हो गयी है। ज्यों-ज्यों तकनीक विकसित होती जा रही है, लोग उसका सही और गलत दोनों इस्तेमाल कर रहे हैं। तकनीक की वजह से लोग किसी भी व्यक्ति की आवाज निकाल कर या वीडिया अथवा फोटो को टैम्पर कर उसमें छेड़छाड़ कर देते हैं और उस वीडियो को वायरल कर देते हैं। ऐसी परिस्थिति में यह जरूरी है कि यदि ऐसी कोई वीडिया अथवा उससे संबंधित कोई न्यूज प्राप्त हो तो उसे मीडिया हाउस द्वारा सूक्ष्मता से जांच कर ही न्यूज चलायी जाए, साथ ही उसमें संबंधित व्यक्ति की बाइट का भी उपयोग किया जाए, ताकि खबर की विश्वसनीयता बनी रहे और खबर तथ्यपरक बनें न कि भ्रामक हो ' इस अवसर पर जिला के वरीय पत्रकारों ने कहा कि प्रेस की विश्वनीयता आज की तारीख में अत्यंत ही जरूरी है, बिना इसके खबर चलाना अपराध की श्रेणी में आता है। इस विषय को जानना अत्यंत ही जरूरी है, विशेष कर उनके लिए जो सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाते हैं। ऐसे यू-ट्यूबर सोशल मीडिया पर व्यूज के चक्कर में भ्रामक तथा तथ्य से परे खबरों को साझा कर देते हैं और उसका दुष्परिणाम देखने को मिलता है। ऐसी परिस्थिति में खबर की विश्वसनीय अत्यंत ही जरूरी है और लोगों को इसके लिए खबर की गहराई तक जाना चाहिए तभी खबर को प्रकाशित करना चाहिए। प्रेस अथवा पत्रकारिता को समाज का दर्पण कहा जाता है। अर्थात पत्रकार वैसी ही खबरों को प्रकाशित करते हैं, जो समाज के बीच आइने की तरह परिलक्षित हो और उसका सकारात्मक असर समाज और आमजन पर पड़े, न कि भ्रामक खबर से वे दिग्भ्रमित हों। इस लिए खबरों की विश्वसनीयता अत्यंत ही जरूरी है और इसके लिए सभी पत्रकारों को भी सजग होकर ही अपनी पत्रकारिता करनी चाहिए।

## असामाजिक तत्वों ने सब्जियों की खड़ी फसल को किया बर्बाद

### चुनाव बाद प्रतिक्रिया का लगा आरोप



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कररीया बैरागी टोला वार्ड नंबर 5 मर्दहटिया बाजार के समीप किसानों के खेतों में लगाई गई फूल गोभी,बंद गोभी एवं बैगन की खड़ी फसल को काट कर खेतों में गिरा के नष्ट कर देने का मामला सामने आया है। घटना को चुनाव बाद की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है।घटना से किसानों में काफी रोष का माहौल है।घटना शनिवार की रात की बताई गई है।बताया गया ह कि किसानो को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।चार किसानों के एक एकड़ में लगे सब्जी की फसल को बर्बाद किया गया है। पीड़ित किसान बैरागी टोला निवासी हीरालाल प्रसाद,सोना लाल प्रसाद ,सुबोध कुमार, हीरा महतो ने बताया कि 12 कट्ठा में लगे बंद गोभी एवं फूल गोभी तथा बैगन के पौधा को काटकर बर्बाद किया गया है। इस तरह के घटना से किसानों में रोष और मायूसी है।मौके पर पहुंचे पैक्स अध्यक्ष किशोर सिंह यादव एवं समिति सदस्य मंटू कुमार यादव ने असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए फसल बबार्दी की निंदा की। किसानों की सूचना पर पहुची कोटवा थाना की 112 टीम के पदाधिकारी बैरिस्टर सिंह ने मामले की जांच की।112 टीम के चालक मुकेश कुमार सिंह महिला सिपाही काजल भारती मौजूद रही। बाद में 112 टीम के पदाधिकारी बैरिस्टर सिंह ने बताया कि उन लोगों ने आरोप लगाया कि चुनाव के कारण यह कार्रवाई हुई है।परंतु किसी ने इस आशय का आवेदन अभी तक थाना में नहीं दिया है।

## इंदौर (ग्रामीण) डीआईजी मनोज कुमार सिंह का एकमा में हुआ भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता







**एकमा/मांझी (सारण)।** मांझी प्रखंड के मुबारकपुर गांव के मूल निवासी एवं शिक्षक स्व. शिव जतन सिंह के पुत्र तथा पूर्व मुखिया राहुल प्रकाश सिंह के अग्रज, मध्य प्रदेश के इंदौर (ग्रामीण) के डीआईजी मनोज कुमार सिंह रविवार की शाम अपने पैतृक जिले पहुंचे। दो दिवसीय पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के क्रम में वे दाउदपुर स्थित महाराणा प्रताप व एकमा स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद एकमा बाजार के हंसराजपुर स्थित सुपर बाजार परिसर पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर डीआईजी श्री सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार के सुशासन सहित सारण पुलिस प्रशासन सराहना की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस-पब्लिक के बीच समन्वय से ही क्षेत्र में सुरक्षित वातावरण संभव है। व्यवसायी अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में फूलमाला पहनाकर एवं अभिनंदन समारोह के माध्यम से डीआईजी मनोज कुमार सिंह का सम्मान किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण, आरती व तिलक लगाने पर एकमा के सुपर मार्केट परिसर में सम्मान समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा। समारोह में एकमा थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह, नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद रानू कुमार, पूर्व मुखिया राहुल प्रकाश सिंह, स्वर्णकार संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रवण प्रसाद वर्मा, मुकेश सोनी, नोनिया समाज के नेता रवि कुमार महतो, नेशनल एथलीट तनुजा विकास राठौर, प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह, शिक्षक कमल कुमार सिंह, मंटू सिंह, प्रदीप कुमार पप्पू, कामेश्वर प्रसाद वर्मा, डॉ. जयप्रकाश प्रसाद, गिरिधर गोपाल सिंह, विनय सिंह विक्की, एबीपीएसएस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह, पत्रकार वीरेश सिंह, के. के. सिंह सेंगर, संजीत अकेला आदि अन्य व्यवसायी व स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने कहा कि डीआईजी मनोज कुमार सिंह का आगमन क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है। सभी गणमान्यजनों ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर प्रगति की कामना की। वहीं सोमवार को दिनभर अपने मुबारकपुर गांव स्थित पैतृक आवस परिसर में जिले भर के अलग-अलग क्षेत्र से आने वाले लोगों से मिलना-जुलना होता रहा। डीआईजी मनोज कुमार सिंह अपने छोटे भाई पूर्व मखिया राहुल प्रकाश सिंह के साथ आने वाले लोगों से उनका कुशल क्षेम जानने के बाद नए बीएनएस कानून एवं क्षेत्र के विकास के लिए लोगों को कर्तव्य बोध कराते हुए जागरूकता फैलाई।

CMYK

# छठ महापर्व के बाद बिहार से पलायन, ट्रेन से 64.65 लाख यात्री लौटे दूसरे प्रदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** छठ महापर्व के बाद दानापुर रेल मंडल से बड़ी संख्या में यात्रियों ने विभिन्न प्रदेशों की यात्रा की। 28 अक्टूबर से 16 नवंबर तक 64 लाख 65 हजार 330 यात्री दानापुर मंडल के स्टेशनों से टिकट लेकर यात्रा किए हैं। इन यात्रियों से मंडल को 126.04 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में 10 लाख 66 हजार 42 यात्रियों ने आरक्षित टिकट से, जबकि 53 लाख 99 हजार 288 यात्रियों ने अनारक्षित (यूटीएस) टिकट लेकर यात्रा की। यात्रियों की सुविधा और भीड़ प्रबंधन के लिए मंडल ने 334 अतिरिक्त फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया।



मंडल रेल प्रबंधक और सभी वरिष्ठ अधिकारी स्वयं पटना जंक्शन, राजेंद्र नगर टर्मिनल तथा दानापुर जैसे व्यस्त स्टेशनों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया, सीसीटीवी निगरानी, 'मे आई हेल्प यू' बूथ, पोर्टेबल मोबाइल टिकटिंग सुविधा, ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, उद्घोषणा प्रणाली और पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई। पिछले साल की तुलना में लगभग छह लाख अधिक यात्री इस अवधि में यात्रा किए हैं।

**भीड़ प्रबंधन के लिए की गई विशेष व्यवस्था**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने बताया कि छठ के स्वागत में स्टेशनों और ट्रेनों में छठ गीत बजाए गए, जबकि विदाई के समय विरह गीतों से माहौल को भावुक बनाया गया।

भीड़ प्रबंधन के लिए रेलवे कर्मचारियों के साथ-साथ आरपीएफ, जीआरपी, स्काउट-गाइड और अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी लगाया गया। यात्रियों को कतारबद्ध करके ट्रेन में चढ़ाने की व्यवस्था की गई। प्रमुख स्टेशनों पर टीटीई, आरपीएफ के अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई। यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्य स्टेशनों पर 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी की गई।

**यात्रियों के लिए मेडिकल बूथ स्थापित**

पटना जंक्शन पर यात्रियों की सुविधा के लिए महावीर मंदिर की ओर वाली मुख्य पार्किंग को 24 अक्टूबर से दो नवंबर तक पूरी तरह बंद रखा गया ताकि यात्री बिना किसी अवरोध के आवागमन कर सकें। इस दौरान वैकल्पिक पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई।

चिकित्सा सहायता के लिए स्टेशनों पर मेडिकल बूथ स्थापित किए गए। ट्रेनों और स्टेशनों पर लगातार उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को ट्रेनों की जानकारी दी जाती रही। भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधा को लेकर मंडल स्तर पर लगातार समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

दानापुर मंडल के अधिकारी और कर्मचारी पूरे 20 दिनों तक चौबीसों घंटे ड्यूटी पर डटे रहे। रेलवे की इन कोशिशों से छठ यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा का लाभ मिला।

## मारपीट व फायरिंग का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** दाउदनगर पुलिस द्वारा दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग मामले में घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान केसराढ़ी गांव निवासी कुंदन यादव के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया गया कि 13 नवंबर को केसराढ़ी गांव में पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी थी जिसमें एक पक्ष के द्वारा फायरिंग की गई। इस संबंध में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। वीडियो की पुष्टि होने पर त्वरित कार्रवाई की गई। आज घटना के एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि इसके पूर्व दो अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है तथा तीन नाबालिग किशोर को निरूद्ध किया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया।

## मारपीट के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के बड़ौखर गांव टोले बेला विगहा से रंधीर पासवान को मारपीट के मामले में हसपुरा पुलिस ने रविवार की रात गिरफ्तार किया है। जिसे सोमवार को कागजी प्रक्रिया पूरी कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि रंधीर पासवान ने गांव के ही एक व्यक्ति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसे लेकर उसके खिलाफ मारपीट का मामला हसपुरा थाना में दर्ज हुआ था।

# अखंड भारत सेवा सम्मान से मधुबनी में सम्मानित हुए रक्तसेवक बमेन्द्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के अवसर पर सम्राट अशोक सेवा संस्थान, झंझारपुर,मधुबनी द्वारा आयोजित एक दिवसीय रक्तदान कार्यशाला सह सम्मान समारोह में पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेन्द्र कुमार सिंह को अखंड भारत सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।मिथिला पाग,अंगवस्त्र,मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर बमेंद्र को यह सम्मान देश में स्वैच्छिक रक्तदान आंदोलन की अलख जगाने एवं अन्य सामाजिक क्रियाकलापों के प्रति उनकी सक्रियता व समर्पण तथा उनके निःस्वार्थ सेवाभाव को देखते हुये प्रदान किया गया है। समारोह में बमेंद्र कुमार सिंह के साथ-साथ देश के अन्य प्रदेशों के लगभग अस्सी रक्त सेवकों को उनके उल्लेखनीय सामाजिक सरोकार से जुड़ी क्रियाकलापों के लिये सम्मानित किया गया। बमेन्द्र ने इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिये सम्राट अशोक सेवा संस्थान के संस्थापक आचार्य ललित शास्त्री के प्रति आभार प्रकट करते हुये इस सम्मान को अपने समस्त सहयोगी, शुभचिंतक तथा स्वैच्छिक रक्तदानियों को समर्पित किया



है जिनके निःस्वार्थ सहयोग की बदौलत पीड़ित मानवता की सेवा तथा स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम निरंतर सफलतापूर्वक क्रियान्वित हो पा रहा है। देश में रक्तक्रांति लाने के उद्देश्य से औरंगाबाद की स्वयं सेवी संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा अभियान मिशन रक्तदान हिंदुस्तान के तहत देश के अलग अलग राज्यों एवं शहरों में रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। बमेन्द्र ने बताया कि रक्तदान क्षेत्र में सेवा दे रही संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा अभी तक दो सौ से ज्यादा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा चुका है। औरंगाबाद, हसपुरा की रक्त सेविका विजेता पटेल को भी इस समारोह में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। आयोजक आचार्य ललित शास्त्री ने जानकारी दी की अखंड भारत सेवा सम्मान समारोह का आयोजन लगातार पिछले चार वर्षों से किया जा रहा है जिसमें देश में रक्तदान क्षेत्र में सेवा दे रहे समाजसेवियों को सम्मानित कर उनका हौसला अफजाई किया जा रहा है।

# स्काउट-गाइड के विधिवत संचालन के लिए विद्यालय में प्रशिक्षित शिक्षक के साथ पंजीयन आवश्यक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड कार्यालय परिसर जहानाबाद में स्काउट- गाइड के साथ सोमवार को समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार ने बताया कि भारत स्काउट और गाइड ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में जिला प्रशासन द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी पूर्वक किया है, वहीं इसके उत्थान के लिए प्रत्येक विद्यालय में स्काउट-गाइड से प्रशिक्षित शिक्षक/ शिक्षिका के साथ विद्यालय दल पंजीयन की आवश्यकता होती है। इस संबंध में क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक मगध प्रमंडल गया के द्वारा पत्र निर्गत कर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि निर्गत पत्र के अनुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी



जहानाबाद ने उच्च माध्यमिक, उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक को इसके लिए निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने आगे बताया कि, अगर निर्देशित विद्यालयों से शिक्षक/ शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित के लिए सूची प्राप्त होने के साथ विद्यालय पंजीयन जमा होता है, तो स्काउट और गाइड की यूनिट सभी विद्यालयों में प्रारंभ की जाएगी और आगे आने वाले समय में प्रशासनिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक स्तर पर भारत स्काउट और गाइड अपने दायित्वों का निर्वहन करने में मजबूती के साथ सक्षम होगा।

वहीं उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय जमुरी में स्काउट-गाइड जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार के नेतृत्व में 23 नवंबर से 29 नवंबर 2025 तक भाग लेंगे। बैठक में सहायक जिला संगठन आयुक्त शुभम कुमार, कंपनी कमांडर खुशी कुमारी, दलनायक संजीव कुमार के साथ स्काउट- गाइड बैठक में भाग लेकर अपना-अपना विचार व्यक्त किया।

# ठंड के शुरुआती दौर में ही बुज़ुर्ग और बच्चे सहित, हृदय व सांस के रोग से ग्रसित रोगी बरतें सावधानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** सामान्यतः सर्दी का मौसम बहुत सुहावना होता है क्योंकि अधिक कपड़ा पहनना और खूब खाने पीने की आजादी इस मौसम में होती है, लेकिन ठंडक बढ़ जाने से कई बार यही मौसम लोगों के सेहत पर भारी पड़ने लगता है। फिलहाल इलाके में ठंड अपना दस्तक दे रही है और कई तरह की तकलीफें भी लोगों को अभी से शुरु होने लगी है। ऐसे में हम सबको अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरी है। पिछले दो - तीन दिनों में तापमान में अचानक गिरावट के कारण ठंड का प्रकोप बढ़ने है। अगले हफ्ते तक ठंड और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है, तब मौसम का तापमान न्यूनतम 10 डिग्री से भी नीचे हो सकती है। ऐसे मौसम में बुजुर्गों एवं बच्चों को विशेष परहेज और बचाव की जरूरत होती है। आने वाले दिनों में शीतलहरी



का प्रभाव बढ़ने से ठंड और भी बढ़ सकती है। ऐसे में जरा सी भी लापरवाही हमारी सेहत को काफी नुकसान पहुंचा सकती है। जहानाबाद के प्रसिद्ध फिजिशियन डॉ गिरिजेश कुमार बताते हैं कि जिन लोगों को हर्ट और बीपी की दिक्कत है वो एकदम से सुबह ठंड में बाहर घूमने ना जाएं। कमरे से बाहर निकलने की जरूरत हो भी तो पहले गर्म कपड़े पहन ले। वही सुबह उठने के बाद थोड़ा व्यायाम करना ज्यादा लाभप्रद होगा। उन्होंने बताया कि बीपी के मरीज खाने में नमक की मात्रा अत्यंत सीमित रखें। इस मौसम में कम नमक खाना सामान्य लोगों के लिए भी लाभकारी हो सकता है।

**सर्दियों की तकलीफें**

ठंड में कब्ज की समस्या भी सामान्य होती है। ठंड के कारण सिर और बदन में दर्द होना भी लोगों में एक आम तकलीफ होती है। सर्दी में त्वचा का फटना, रूखापन रहना, एड़ियों का फटना यह भी आम बात हो जाती है। सर्दियों में खास करके अस्थमा के मरीजों के लिए काफी दिक्कतों भरा होता है। कफ की परेशानी लोगों को रहती है। सर्दी, जुकाम, बुखार से लोग परेशान रहते हैं। ठंड में जोड़ों में भी दर्द की शिकायत रहती है। सर्दी में दिल के मरीजों को भी अपना खास ख्याल रखने की जरूरत रहती है।

**ठंड में खाने पीने में बरतें विशेष सावधानी**

हुलासगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश गुप्ता बताते हैं कि ठंड के मौसम में खाने पीने में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है। ठंड के मौसम में हमेशा गर्म खाना ही खाएं। प्रोटीन की प्रचुरता, दूध- अंडे का सेवन काफी लाभप्रद रहता है। ठंड में बादाम बहुत ज्यादा फायदेमंद होता है। गरम पेय पदार्थ लेना भी इस मौसम में काफी फायदेमंद माना जाता है। चाय पीते समय अदरक का इस्तेमाल जरूर करें। ठंड में शहद भी शरीर के लिए काफी अच्छा होता है लिहाजा इसका इस्तेमाल भी लाभप्रद होगा। खाने में हरी सब्जियों की मात्रा अधिक रखें। मेथी, गाजर , चुकंदर ,पालक ,लहसुन, बथूआ इन सबके नियमित सेवन से सर्दियों में स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है।

**बुजुर्गों और बच्चों का रखें विशेष ध्यान।**

डॉक्टरों का कहना है कि सर्दियों के मौसम में सबसे अधिक बुजुर्गों और बच्चों को केयर करने की जरूरत है। घर के तापमान को नियंत्रित रखने का प्रयास करें। इसके साथ ही बाहर निकलने से पहले गर्म कपड़े से पूरे शरीर को ढक लें। अगर कोई गंभीर रोग से ग्रसित हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बिना डॉक्टर से पूछे किसी दवा का सेवन ना करें।

# यायावारी जीवन की कठिन परिस्थितियों में जीते हैं भेड़ पालक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** औधोगिक क्रांति के बाद बढ़ते शहरीकरण के बीच सामाजिक परिवेश में भी तेजी से बदलाव आया। औपनिवेश काल से पहले समाज का बड़ा हिस्सा पशुचारक के रूप में था लेकिन यायावार जनजाति भी रोजी रोटी की बढ़ती समस्याओं के कारण धीरे धीरे स्थायी आवासीय व्यवस्था को अपनाकर अपना जीवन यापन करने लगे। सरकार भी यायावारी जन जातीय समूहों के पुनर्वास के लिए दृढ़ संकल्पित रही है। इन प्रयासों के बावजूद आज भी गड़ेरिया जनजाति का एक बड़ा वर्ग आज भी यायावारी जीवन गुजर बसर करने को विवश है। सैंकड़ों की संख्या में भेड़ों को खुले मैदानों में चरते देखना भले ही मनोहारी लगता हो लेकिन पशुचारकों का जीवन उतना ही कठिनाइयों से भरा होता है। बर्षात के दिनों में कड़कते बिजली और



झमाझम बारिश हो या गर्मी के दिनों में लू और आंधी से भरा मौसम हर परिस्थिति में उसे अपने भेड़ों के साथ खुले में जीवन यापन करना पड़ता है। परिस्थितियां पहले से अब जरूर बदल गया है। भेड़ पालक का एक समृद्ध वर्ग चरवाहे की नौकरी पर गरेड़िए को रखने लगा है। पशुचारक और पशुपालक दो वर्ग भेड़ पालन में देखने को मिलते हैं। ऐसे ही भेड़ों के 600 समूहों को चराने वाले 10 चरवाहों के एक झुंड में से चरवाहा सुरेंद्र पाल और सत्येंद्र पाल से पूछने पर कि भेड़ों से साल में कितनी आमदनी हो जाती तो बड़ी मायूसी से बतलाता है की हमलोग मजदूर हैं साहेब आमदनी का हिसाब तो मालिक जाने हमलोगों को महीने में मजदूरी मिल जाती है जिससे किसी तरह जीवन बसर हो जाता है। भेड़ों के मालिक के बारे में पशुचारकों ने बताया की घोसी प्रखंड के गोडसर गांव के ललित भगत का भेड़ है। जिसके लिए भेड़ चराने के एवज में उन सबको 8 से 10 हजार प्रति माह मिलता है। बताया गया कि भेड़ों के मालिक कोलकाता में अच्छे कारोबारी हैं और भेड़ पालन के व्यवसाय की देखभाल के लिए ललित भगत ने मुंशी मैनेजर रख रखे हैं। भेड़ों के चरवाहा के रूप में काम कर रहे वासुदेव भगत ने बताया कि भेड़ पालन उनका पुश्तैनी रोजगार था लेकिन गरीबी और आर्थिक संकट के कारण उनका अपना भेड़ धीरे धीरे करके बिक गया बाद में वो अपने मालिक के भेड़ को चराने लगे। चरवाहा युवक जीतन भगत ने बताया कि वो गरीबी के कारण पढ़ लिख नहीं सका इसलिए मजबूरी में मालिक का भेड़ चराने लगा। महीनों तक भेड़ के झुंड को हांकते मिलों की सफर तय करने वाले भेड़ चराने वाले गड़ेरियों के लिए जीवन दुसवारियों से न सिर्फ भरा होता है बल्कि कई कई महीनों तक वे अपने परिवार और बाल बच्चों से नहीं मिल पाते। प्राकृतिक आपदा से जीवन की जद्दोजहत करते हुए जीवन यापन करने वाले गड़ेरियों के इस समूह में फिर भी चेहरे पर कोई शिकन नहीं। भविष्य के लिए न कोई सपने न कोई उम्मीद फिर भी जीवन से कोई गिला शिकवा नहीं जो मिला उसी को मुकद्दर समझकर आगे बढ़ने की प्रेरणा कोई इनसे सीखे।

# मारपीट के आरोप में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के विसुनगंज थाना की पुलिस ने मारपीट के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मिश्र बीघा गांव से मारपीट एवं छेड़खानी का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार के जेल भेजा है। इस आशय की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों में मिश्रा बीघा गांव निवासी सत्येंद्र यादव एवं राजेश यादव शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों लोगों का मेडिकल जांच करा कर उन्हें जेल भेजा गया है।

**शूटिंग में एमडी कारमेल की छात्रा को गोल्ड मेडल**

**आरा।** नालंदा जिले के कल्याण बिगहा में बिहार सरकार की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय शूटिंग ओपन ट्रायल में एम.डी. कारमेल स्कूल जगदीशपुर की नौवीं कक्षा की छात्रा पलक सिंह को गोल्ड मेडल मिला है। नालंदा जिला प्रशासन के सहयोग से कल्याण बिगहा हरनौत में राज्यस्तरीय शूटिंग ओपन ट्रायल (बालक-बालिका) 2025 का आयोजन किया गया था। इसमें बिहार भर के विद्यालयों से बच्चों ने भाग लिया था। इसमें दुलौर (जगदीशपुर) स्थित एम.डी. कारमेल स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा पलक सिंह को अंडर 14 में शूटिंग ओपन ट्रायल में गोल्ड मेडल मिला है।

# चुनाव में खर्च का 10 दिसंबर को उम्मीदवारों को देना होगा अंतिम ब्योरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** विधानसभा चुनाव की समाप्ति के बाद अब अंतिम रूप से सभी उम्मीदवारों से इस अवधि में खर्च की गई राशि का ब्योरा लिया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से इसकी तिथि और समय जारी कर दिया गया है।

चुनाव परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के अंदर प्रत्येक उम्मीदवारों को अपना अंतिम निर्वाचन व्यय लेखा देना अनिवार्य है। इस दौरान उम्मीदवारों को अपने दैनिक व्यय लेखा रजिस्टर, बिल–वाउचर, साक्ष्य फोल्डर, आवश्यक दस्तावेज समेत भाग एक से चार तक का ब्योरा, शपथ पत्र एवं पावती रसीद जमा करना होगा।

इस प्रक्रिया की सटीकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उम्मीदवारों और उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं लेखा समाधान बैठक आयोजित की गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चार दिसंबर को जिला समाहरणालय सभा कक्ष में प्रशिक्षण आयोजित होगा। दोपहर एक से तीन बजे तक गायघाट, औराई, बोचहां, सकरा, कुढ़नी और मुजफ्फरपुर एवं इसके बाद दोपहर 3:30 बजे से 4:30 बजे तक मीनापुर, कांटी, बरूराज, पारू तथा साहेबगंज क्षेत्र के उम्मीदवार और अभिकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद 10 दिसंबर को कौटिल्य भवन, वाणिज्य कर विभाग के प्रथम तल स्थित सभा कक्ष में सुबह 10:00 से शाम 5:00 बजे तक सभी 11 विधानसभा क्षेत्रों के लिए लेखा समाधान बैठक आयोजित की जाएगी। इसके लिए सभी उम्मीदवार एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं से समय पर उपस्थिति अनिवार्य है।डीएम सुब्रत कुमार सेन ने सभी को समय से निर्धारित तिथि को आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होने को कहा है।

**तीन बार हो चुकी है जांच**

विदित हो कि मतदान की तिथि से पूर्व सभी उम्मीदवारों द्वारा खर्च की राशि की जांच तीन बार की जा चुकी है। इसके अनुसार उस समय तक सबसे अधिक पारू से रालोमो उम्मीदवार मदन चौधरी ने सबसे अधिक करीब 23 लाख रुपये खर्च किए थे। हालांकि अंतिम रूप से ब्योरा देने के बाद ही सही आंकड़ा सामने आएगा।

## मारपीट व हत्या के प्रयास मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** मारपीट व हत्या प्रयास मामले में दो अभियुक्तों को रिसियप थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के नेवरा सूरजमल गांव निवासी संजीत कुमार एवं मृत्युंजय कुमार के रूप में की गई है। इन दोनों के ख़िलाफ़ मारपीट व हत्या प्रयास मामले में नेवरा सूरजमल गांव निवासी राजू कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करवाई थी जिसमें बताया कि दोनों अभियुक्तों ने घर पर बुलाकर आपसी रंजिश में मारपीट की। इस घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया तथा उसका सिर फट गया। मामले की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अस्पताल में इलाज़ करवाया। थानाध्यक्ष संजीत कुमार राम ने बताया कि अभियुक्तों ने पहले धोखे से अपने घर पर बुलाया और फिर जान मारने की नीयत से धारदार हथियार से वार किया जिसमें उसका सिर फट गया। तत्पश्चात चिकित्सकों ने उसका इलाज किया।

# नहर के तटबंध को पीसीसी करने की मांग

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा सं।** प्रखंड के माली नहर वितरणी में मुटुरविगहा से टाल नहर पुल तक नहर तटबंध को पीसीसी ढलाई की मांग टाल गांव के ग्रामीणों ने सांसद , राज्यसभा सांसद, विधायक सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से की है। ग्रामीण नंदकिशोर सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, सुदर्शन सिंह, दिनेश सिंह, सुदेश्वर सिंह, नागेन्द्र सिंह बताते हैं की सलेमपुर से नहर तटबंध का पीसीसी ढलाई शुरू हुआ तो लगा कि प्रखंड मुख्यालय पहुंचाना आसान हो जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ।मुटुरविगहा पुल तक पीसीसी बना कर छो दिया गया। मुटुरविगहा से इतनी भयावह स्थिति है कि जाड़ा गर्मी में तो आना जाना हो जाता है वहीं बरसात के दिनों में मोटरसाइकिल, साईकिल तो क्या पैदल भी चलना मुश्किल हो जाता है। जिसे लेकर टाल गांव के ग्रामीणों ने नहर के जीर्ण शीर्ण ड़ पीसीसी ढलाई की मांग ग्रामीणों ने सरकार व जनप्रतिनिधियों से की है। ग्रामीणों ने बताया कि पीसीसी ढलाई की मांग किया है।

# सिपाही को दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 15वीं बैच के कांस्टेबल महेंद्र पासवान के पार्थिव शरीर को औरंगाबाद पुलिस केंद्र में श्रद्धांजलि दी गयी। पुलिस के पदाधिकारियों और कर्मियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। महेंद्र पासवान औरंगाबाद में कार्यरत थे। वैसे वह रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के देव मार्केडेय गांव के रहने वाले थे। जानकारी मिली कि सितंबर माह में ही स्थानांतरण के बाद उन्हें औरंगाबाद में पदस्थापित किया गया था। ज्ञात हो कि रविवार को रोहतास जिले के राजपुर-डेहरी रोड में ऑटो व बाइक की टक्कर में बाइक सवार 37 वर्षीय सिपाही महेंद्र पासवान की मौत हो गयी थी। सासाराम में ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया था।




मिली जानकारी के अनुसार, सिपाही महेंद्र पासवान अपने गांव से बाइक पर सवार होकर डेहरी की ओर जा रहे थे। बीपीजेपी महिला कॉलेज गेट के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया,जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गये। कुछ लोगों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां के डॉक्टरों ने नब्ज टटोलते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। औरंगाबाद के पुलिस जवानों में भी शोक की लहर दौड़ गयी। इधर पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर को औरंगाबाद पुलिस केंद्र लाया गया, जहां श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने परिवार के प्रति संवेदना जतायी। जवानों ने उनके साथ गुजारे पल को याद किया। वैसे जिस वक्त पार्थिव शरीर को सलामी दी जा रही थी उस वक्त पुलिस जवान भावुक थे।

# दो स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

## बुज़ुर्गों की देखभाल सिर्फ कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के सचिव एवं न्यायाधीश तान्या पटेल के निर्देश पर सोमवार को दो स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य विषय था—'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण एवं भरण-पोषण अधिनियम, 2007' पर विधिक जागरूकता। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, उनके प्रति समाज और परिवार के कर्तव्य तथा कानून के तहत उपलब्ध संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि यह अधिनियम बुजुर्गों के लिए सुरक्षा कवच की तरह है, जो उनके सम्मानजनक जीवन, भरण-पोषण और देखभाल की कानूनी गारंटी प्रदान करता है। पहला कार्यक्रम पेंशनर भवन, औरंगाबाद में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता निजामुद्दीन औलिया ने की। कार्यक्रम का संचालन पारा विधिक स्वयंसेवक कुमारी ममता ने किया। उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, शिकायत निवारण प्रक्रिया और जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध निःशुल्क सेवाओं की जानकारी दी गई। दूसरा शिविर सामुदायिक भवन, इटवा (हसपुरा) में आयोजित हुआ, जहां ग्रामीण स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक करने पर विशेष फोकस रहा। वक्ताओं ने कहा कि बुजुर्गों की देखभाल सिर्फ कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। दोनों शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और बुजुर्गों के अधिकारों से जुड़े कई सवाल भी पूछे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता शिविर लगातार आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग कानूनी जानकारी से लाभान्वित हो सकें।

# एलएन मिथिला विश्वविद्यालय में 21 को होगा दीक्षांत समारोह

## समारोह की तैयारी को लेकर कुलपति ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने आज अपराह्न काल में विश्वविद्यालय में आगामी 21 नवंबर, 2025 को होने वाले दीक्षांत समारोह से संबंधित स्थल का भौतिक निरीक्षण किया। मुख्य समारोह स्थल डॉ नगेन्द्र झा स्टेडियम का निरीक्षण कर उन्होंने एक-एक अधिकारी से तैयारी का विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश भी दिया। कुलपति ने अधिकारियों के द्वारा संपादित कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण क्रम में उनके साथ वित्तीय परामर्शी इन्द्र कुमार, कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा,



वाणिज्य के डीन प्रो एच के सिंह, डब्ल्यूआईटी के निदेशक प्रो अजय नाथ झा, डीएसडब्ल्यू प्रो अशोक कुमार मेहता, कुलानुशासक प्रो विजय कुमार यादव, महाविद्यालय निरीक्षक प्रो अरुण कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ इंसान अली, दीक्षांत के मीडिया प्रभारी डॉ आर एन चौरसिया, उप परीक्षा नियंत्रक (व्यावसायिक) डॉ मनोज कुमार एवं उप परीक्षा नियंत्रक (शोध) डॉ सुरेश पासवान, दीक्षांत के मीडिया इंचार्ज डॉ आर एन चौरसिया, उप कुलसचिव (प्रथम) डॉ उमाकांत पासवान, पेंशन पदाधिकारी डॉ अताउर रहमान, खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा, पीजी एथलेटिक्स के अध्यक्ष डॉ प्रियंका राय, विश्वविद्यालय प्रेस प्रभारी डॉ देवेश कुमार शर्मा, भू संपदा पदाधिकारी डॉ कामेश्वर पासवान, विश्वविद्यालय अभियंता ए के सिंह एवं केशव कुमार, डॉ अरविन्द कुमार मिलन, रामागर ठाकुर, सैयद मोहम्मद जमाल अशरफ, कृष्णा मुरारी, विजय कुमार लाल विद्याकर, उमेश चन्द्र झा, मनीष राज, सुमित झा आदि भी उपस्थित थे।

# अंतर प्रमंडल फुटबॉल-14 बालक प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** गांधी स्टेडियम में जिला प्रशासन खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल फुटबल-14 बालक खेल प्रतियोगिता का शानदार आगाज सोमवार को हुआ। आज पहला मैच भागलपुर और तिरहुत के बीच खेला गया। जिसमे भागलपुर की टीम ने तिरहुत को 3-0 से हराया। भागलपुर की ओर से पहला गोल जर्सी नंबर-8 गोविन्द कुमार सहनी, जर्सी नंबर- 11 इन्द्रजीत कुमार ने दूसरा गोल एवं तीसरा गोल जर्सी नंबर- 1 अरमान कुमार ने किया। आज दूसरा मैच मुंगेर बनाम कोशी प्रमंडल के बीच खेला गया जिसमे मुंगेर की टीम ने कोशी प्रमंडल को 2-0 से हराया। मुंगेर की ओर से पहला गोल जर्सी नंबर-7 भारत कुमार एवं दूसरा गोल जर्सी नंबर-10 मोहम्मद फैज ने किया। आज का तीसरा मैच दरभंगा बनाम मगध प्रमंडल के बीच खेला गया जिसमे दरभंगा की टीम ने मगध प्रमंडल को 1-0 से हराया। दरभंगा की ओर से पहला गोल जर्सी नंबर-83 नितिन आनंद ने किया। चौथा मैच पूर्णिया बनाम पटना प्रमंडल के बीच खेला गया जिसमे पूर्णिया की टीम ने पटना प्रमंडल को 2-0 से हराया। पूर्णिया की ओर से पहला गोल जर्सी नंबर-10 साही सोरेन एवं दूसरा गोल जर्सी नंबर- 5 रिपंदर हंसदा ने किया। पांचवा मैच सारण एवं भागलपुर प्रमंडल के बीच खेला गया जिसमे कोई भी टीम ने गोल नहीं किया। मैच का नतीजा ड्रा रहा। उन्होंने कहा कि खेल से एकता का संदेश मिलता है। जिला प्रशासन बेगूसराय और खेल विभाग बेगूसराय द्वारा हर तरह से इस प्रतियोगिता की शानदार तैयारी की हुई है। उद्घोषक और मंच संचालक की भूमिका शिक्षक अरविन्द कुमार एवं दीपक कुमार दीप ने निभाई। कार्यक्रम में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के द्वारा प्रतिनियुक्त तकनीकी पदाधिकारी शशि कुमार सुमन के नेतृत्व में सफलता पूर्वक आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक विश्वजीत कुमार, चिरंजीवी ठाकुर, शशिकांत, शुभम, रितेश आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# नशा मुक्त भारत की पांचवीं वर्षगांठ आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन योजना के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष में मंगलवार को देशभर में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर उपरोक्त शपथ ग्रह्ण कार्यक्रम का आयोजन जिलास्तर एवं प्रखंडस्तर भी किया जाएगा। सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, बेगूसराय ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त भारत अभियान की उपलब्धियों को उजागर करना, समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा देना तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को और प्रभावी बनाना है। जिले में इस दिवस पर शपथ ग्रह्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए क्युआर कोड को स्कैन कर जिले के सभी जिला, प्रखंड एवं पंचायत पर पदाधिकारियों और आम जनसाधारण द्वारा मंगलवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे नशा विरोधी शपथ का ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से सामूहिक आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने अधिकाधिक लोगों से इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है ताकि जिला नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर सके।

# 50 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नियोजन कैंप**

**बेगूसराय।** जिला नियोजनालय सह मॉडल केरियर सेन्टर में सोमवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी ने की। उक्त कैंप में निजी कंपनी ब्लिंकित के प्रतिनिधि बिमलेश कुमार ने उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 50 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 108 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 50 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत चयन किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया एवं बताया कि नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही श्री राणा अमितेष ने बताया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते है। एनसीएस पोर्टल द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं एवं विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में जेएसए राहुल कुमार एवं वाईपी पंकज कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डीएसएम सामंत कुमार, सतीश पटेल, रंजय सिंह देव रामप्रीत उपस्थित थे।

# ऐतिहासिक जनादेश पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने सांसद डॉ. अशोक यादव को दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार आए ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व परिणाम को लेकर आज भाजपा जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना ने मधुबनी के सांसद डॉ. अशोक यादव से मुलाकात की। उन्होंने सांसद डॉ. यादव को जन-समर्थन से मिली बड़ी जीत पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यो, पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने सांसद डॉ. अशोक यादव के मार्गदर्शन और नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि मधुबनी सहित पूरे क्षेत्र में विकास की नई गति मिलेगी। जिलाध्यक्ष प्रो. मन्ना ने विधानसभा चुनाव में दिन-रात एक कर मेहनत करने वाले सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों को भी हार्दिक धन्यवाद और बधाई दी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की निरंतर सक्रियता और समर्पण ही इस ऐतिहासिक सफलता की वास्तविक शक्ति है। सांसद डॉ. अशोक यादव ने भी जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनादेश संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को भी इस चुनाव मे अथक परिश्रम करने के लिए बधाई दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर निरंतर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष संतोष सिंह,जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ब्रह्मानंद यादव, अजीत झा, केशव चौधरी उर्फ राजा, संजीव सिंह बबलु उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** सोमवार को फॉरम ऑफ़ के.वी.के और ए.आई.सी.आर.पी के आह्वान पर कृषि विज्ञान केंद्रों की लंबे समय से लंबित मांगों की पूर्ति हेतु एक दिवसीय देशव्यापी कलमबंद हड़ताल का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र अररिया में किया गया। हमारी प्रमुख मांगें हैं: ससमय वेतन, एकसमान राष्ट्रीय नीति, परोदा समिति की रिपोर्ट को लागू करना, समान कार्य समान वेतन, भेदभाव से मुक्ति, प्रोन्नति, पेंशन अंशदान, चिकित्सा भत्ता का भुगतान, रिटायरमेंट लाभ सुनिश्चित करना एवं और देशभर के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों में




एकसमान निष्पक्ष नीति लागू करना। 1974 से भारत सरकार के कार्य हेतु उसी के धनराशि से संचालित अभी फिलहाल देश भर में 731 कृषि विज्ञान केंद्र कार्यरत हैं जिसमें कुल 88 कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मियों को प्रोन्नति, पेंशन, ग्रेच्युटी इत्यादि सभी सुविधाएं दी जाती है लेकिन शेष कृषि विज्ञान केंदों के साथ सौतेलापन व्यवहार करते हुए उनके कर्मियों को संवैधानिक लाभों से वंचित रखा जा रहा है। अभी 2 साल से नवनियुक्त कर्मियों को अंशदायी पेंशन योजना के तहत नियोक्ता अंशदान भी नहीं दिया जा रहा है जो भारत के श्रम अधिनियम के विरुद्ध है। विदित हो कि पूरे देश में कृषि विज्ञान के दो के लिए शत प्रतिशत राशि भारत सरकार द्वारा दी जाती है और एक समान कार्यादेश के अनुसार सभी कृषि विज्ञान केंद्र में काम होते हैं लेकिन कर्मियों के साथ सौतेलापन एवं भेदभाव अपनाया जा रहा है। हाल ही वर्ष 2025 के जनवरी माह में बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के द्वारा कुछ वैज्ञानिकों को समय पूर्व रिटायर कर दिया गया तथा अनेकों वैज्ञानिकों के प्रोन्नतियों को रद्द कर कर दिया गया। परिषद द्वारा 5 अगस्त 2025 को एवं पुनः 13 नवंबर को इस दिशा में निर्देश जारी करने के बावजूद बिहार कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन अपने गलत निकले गए आदेशों को वापस नहीं कर रहा है इन सभी से क्षुब्ध होकर राष्ट्रीय फॉरम के आह्वान पर देशभर में सभी कृषि विज्ञान केंद्र में आज एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल किया जा रहा है। यदि हमारी मांगे ससमय पूरी नहीं की जाती है तो आने वाले समय में जल्द ही हम लोग विश्वविद्यालय प्रशासन का घेराव करेंगे और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अटारी कार्यालय पटना का भी घेराव कर अपनी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# अगलगी की घटना में घर जला, लाखों की संपत्ति राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** बखरी थाना क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के अंतर्गत वार्ड नंबर सात में रविवार की रात्रि 9:00 बजे अचानक मोहम्मद मोबीन पिता मोहम्मद जब्बार के घर में आग लग गई। धीरे-धीरे आग विकराल रूप ले लिया और घर पूरी तरह से जलकर राख हो गई। दस हजार नगदी, दो भरी सोना, दो मोबाइल, सर्दी के तमाम कपड़ा, खाद्य पदार्थ सहित सभी कीमती सामान जलकर बर्बाद हो गया। मोहम्मद मोबीन धूनिया का काम करते थे। सोमवार की सुबह वह बाहर निकलने वाले थे। वह भी सारा सामान घर में ही रखा रह गई, वो भी पूरी तरह जल गई।मोहम्मद मोबीन की पत्नी हफीजा खातून ने बताया कि हम लोग राशन का सामान लेने के लिए चौक पर गए थे। जब घर लौट रहे थे। तो मेरा घर धू-धू कर जल रहा था। शरीर में जो कपड़ा पहने हुए हैं वही बचा है बाकी हमारा सारा खाद्य पदार्थ सहित घर में सभी कीमती सामान जलकर राख हो गई। आपको बताते चले कि मोहम्मद मोबीन के अलावा मोहम्मद यासीन पिता नसीरुद्दीन, मोहम्मद गयासुद्दीन पिता मोहम्मद नसीरुद्दीन, मोहम्मद मुस्तफा मोहम्मद पिता मोहम्मद जब्बार का घर भी आंशिक रूप से आग लगी है लेकिन स्थानीय लोगों के तथा अग्निशमन टीम के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझाने के दौरान जब गैस ब्लास्ट किया उसमें मोहम्मद मुस्तकीम पिता मोहम्मद जब्बार, दूसरा मोहम्मद जियाउल पिता मोहम्मद जलील जख्मी हो गए, जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बखरी इलाज हेतु भेज दिया गया।

# राज्यस्तरीय विद्यालय अंतर प्रमंडल अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ

## मगध ने सारण को 7 विकट से किया पराजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** खेल विभाग बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में यहां आयोजित नौ दिवसीय राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय अंडर 19 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता सोमवार से शुरु हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर इस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, अपर समाहर्ता दिनेश राम, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार, निदेशक डीआरडीए दुर्गा शंकर, वरिए कोषागार पदाधिकारी देवेंद्र कुमार एवं अन्य अतिथिगण मौजूद थे। इधर जिलाधिकारी ने प्रतियोगिता में आए हुए सभी खिलाड़ियों से बारी बारी से परिचय प्राप्त किया और संबोधित करते खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में बेहरतीन प्रदर्शन के लिए शुभकमाना दी। उद्घाटन सत्र में आए सभी आगंतुक अतिथियों का जिला खेल पदाधिकारी द्वारा पुष्पगुच्छ एवं पौधा एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। स्वागत संबोधन जिला खेल पदाधिकारी भागलपुर जय नारायण कुमार के द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान किलकारी, बाल भवन भागलपुर के बच्चों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुति से सभी आगंतुकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर उप विकास



आयुक्त श्री प्रदीप कुमार ने कहा की कभी ना कभी हर एक कोई अपने शुरुआती दिनों में खिलाड़ी रहे हैं और आज खिलाड़ियों को सरकार के द्वारा बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, अपर समाहर्ता श्री दिनेश राम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार, वरीय कोषागार पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, जिला विकास अभिकरण के निदेशक निद दुर्गा शंकर, सचिव जिला क्रिकेट संघ जयशंकर ठाकुर, संयुक्त सचिव जिला क्रिकेट संघ सुबीर मुखर्जी शारीरिक शिक्षक नीरज राय, नवीन भूषण, आलोक कुमार, संजीव कुमार सिंह, अशोक कुमार, देवीशंकर, वरुण गंगोत्री आदि सक्रिय रहे।

उद्घाटन के बाद प्रतियोगिता का प्रथम मैच सारण बनाम मगध के बीच खेला गया। मगध की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सारण बल्लेबाजी करते हुए 18.3 ओवर में पूरे 10 विकेट खो कर 93 रनों का लक्ष्य मगध को दिया। सारण के ओर से चंदन कुमार ने सर्वाधिक 37 बॉल पर 38 रन की पारी खेली। उसके बाद मंजीत कुमार ने 11 गेंदों का सामना करते हुए 18 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में मगध की ओर से प्रिंस आर्य ने 4 ओवर में 19 रन देकर सर्वाधिक 4 विकेट लिए उसके बाद निशांत कुमार ने 23 रन देकर 2 विकेट, आयुष और सोनल ने 1-1 विकेट लिया। जिसके जवाब में मगध ने 3 विकेट खो कर 12 ओवर में 93 रनों का लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। मगध के अभिषेक राज तथा आयुष कुमार ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए क्रमशः 38 रन तथा 27 रन की शानदार पारी खेली। सारण की ओर से शुभम पांडे ने सर्वाधिक 2 विकेट लिया।

# तेज रफ्तार बस ने स्कूटी सवार युवक को मारी ठोकर, मौत

## आक्रोशित लोगों ने सड़क किया जाम, वाहनों की लगी कतार, पुलिस ने बस को किया जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफ्तार का कहर**

**बांका।** टाउन थाना क्षेत्र के बांका-बेलहर मार्ग स्थित देवदा के समीप सोमवार दोपहर तेज रफ्तार शिवकृपा बस ने स्कूटी सवार युवक को सामने से टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। मृतक युवक दुधारी निवासी 24 वर्षीय सन्नी कुमार महतो के रूप में हुई। मृतक दुधारी में हार्डवेयर की दुकान चलाता था। पिता के नहीं रहने के कारण पूरी घर की जिम्मेदारी युवक पर थी। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और परिजनों में कोहराम मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सन्नी कुमार महतो स्कूटी से बांका किसी काम से जा रहा था। इसी दौरान देवदा के पास सामने से तेज रफ्तार यात्री बस ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मौके पर पुलिस पहुंची और बस को दुधारी के पास पकड़ लिया। मौके पर पहुंचते ही परिजन शव देखते ही रोने-बिलखने लगे। इसके बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रखकर बांकाऽबेलहर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतार लग गई और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। करीब 2 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर बांका टाउन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# रजनीश ने वामपंथ के गढ़ में लहराया भगवा

## तेघड़ा में वामपंथ के चक्रव्यूह को परोक्ष एवं प्रत्यक्ष दोनों रूप में रजनीश कुमार ने तोड़ा

**सुमित कुमार सिंह/नबिटा संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले में 90 की दशक तक वामपंथियों का सातो सीट पर कब्जा रहा है। हर इलाका लाले लाल का नारा लगाने वाले वामपंथ का जिले के इतिहास में पहली बार सूपड़ा साफ हो गया। तेघरा विधानसभा जो मिनी लेनिनग्राद और मिनी मास्को के नाम से प्रचलित रहा है। जिसने 2020 की चुनाव में जदयू को 48000 से अधिक मतों से पराजित कर लाल झंडा बुलंद किया था। हालाकि उस समय लोजपा ने बागी उम्मीदवार एनडीए के विरुद्ध उतारा था। जिसमे निवर्तमान भाजपा विधायक ललन कुंवर को उम्मीदवार के रूप में उतार दिया था। जिसके कारण महागठबंधन से सीपीआई उम्मीदवार राम रतन सिंह की इतनी मतों से जीत हुई थी। इस बार इस सीट को बदलकर भाजपा ने लिया। यहां से पूर्व एमएलसी रजनीश



कुमार को उम्मीदवार बनाया। रजनीश कुमार ने वामपंथ के निवर्तमान विधायक राम रतन सिंह को 35364 मतों से पराजित किया। ज्ञात हो की तेघरा विधानसभा में लगातार वामपंथ का कब्जा रहा है। वर्ष 2005 में भाजपा उम्मीदवार ललन कुंवर ने इस गढ़ को तोरने का काम किया। उस समय भी परोक्ष रूप से रजनीश कुमार ही इस रणनीति में शामिल थे। उस समय श्री कुमार भाजपा के प्रदेश मंत्री सह पटरी के राष्ट्रिय मंत्री भी थे। भजपा ने पहली बार इतनी संघर्ष के बाद वामपंथ को हारने का काम किया था। उसके बाद पुनः वामपंथ इस सीट पर काबिज हुई। जिसको 2025 के विधानसभा चुनाव में पुनः रजनीश कुमार स्वय प्रत्यक्ष रूप से हारने का काम किया। वामपंथ का वह गढ़, जिसने दशकों तक जिले की राजनीति पर अपनी पकड़ बनाए रखी थी। 2025 के चुनाव में पूरी तरह ढह गया। बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र के सातों विधानसभा क्षेत्रों तेघड़ा, बछवाड़ा, बखरी, मटिहानी, चेरियाबरियारपुर, साहेबपुरकमाल और बेगूसराय में पहला मौका मौका है जब एक भी वामपंथी विधायक नहीं जीते। 2010 में जब नीतीश लहर थी तब भी बछवाड़ा सीट वाम के खाते में गई थी। तेघड़ा, बछवाड़ा, मटिहानी और बखरी जैसे इलाके कभी सीपीआई के खातों की गारंटी माने जाते थे। भाकपा नेता अनिल अंजान मानते हैं कि गठबंधन की नई रणनीतियों, युवाओं के बदलते झुकाव ने वामपंथ के प्रभाव को कमजोर किया है। बीते दशक में लोकसभा से विधानसभा तक सत्ता समीकरण लगातार बदले और इसकी मार सबसे ज्यादा वाम दलों पर पड़ी। उन्होंने बताया कि अर्थ युग में वामपंथ पीछे हो गया है। अब पार्टी को युवाओं को मौका देना चाहिए। आंदोलन जो कि वामपंथ का मुख्य आधार है उसपर लौटने की जरुरत है। हम परिपेक्ष्य में समझौता नहीं करते इस लिए कमजोर होते जा रहे। बेगूसराय के ग्रामीण इलाकों में आज भी यहां सीपीआई के झंडे हर मोहल्ले में दिखते थे। आज हालात उलट हैं। सातों सीटें एनडीए और राजद के बीच बंट गईं और वामपंथ राजनीति के मुख्य फ्रेम से बाहर हो गया। इसी जमीन ने ऐसे दौर भी देखे हैं। जब सांसद से लेकर विधायक तक वामपंथी होते थे। बरौनी जो कि फिलवक्त तेघड़ा विधानसभा है। वहां 1972 से 2010 तथा फिर 2020 में सीपीआई ने जीत 1990 में भाकपा नेताओं ने जीत का परचम लहराया। चेरिया-बरियारपुर में 1980 दर्ज की थी। बखरी में 1967, 1995 और 2005 व 2020 में वाम ने जीत हासिल की। बछवाड़ा में 1985 और 2010 सहित कुल चार बार सीपीआई ने महत्वपूर्ण जीतें लीं। मटिहानी जैसे क्षेत्र में भी 1977 औरमें सीपीआई का दबदबा दिखा था। बेगूसराय सीट पर भी वाम की छाप रही। लेकिन 2025 तक आते-आते तस्वीर बिल्कुल पलट गई। बखरी में सीपीआई हार गई। तेघड़ा में हार मिली। बछवाड़ा भी नहीं बचा। यह साफ दिखाता है कि कभी सातों सीटों पर प्रभाव रखने वाले वामदल अब जिले में अपनी जमीन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बता दें कि जब बेगूसराय व बलिया लोकसभा सीट हुआ करता था तो यहां भी सीपीआई को जीत मिलती थी।

# मसौढ़ी में 720 बेड का बना आवासीय अंबेडकर विद्यालय

## गरीब बच्चों को अब बाहर जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। जहां नीतीश सरकार ने गरीब छात्रों को एक बड़ी सौगात दी है। दरअसल बिहार सरकार की ओर से मसौढ़ी के सगुनी गांव में 720 बेड वाले आवासीय अंबेडकर विद्यालय का निर्माण कराया गया है जो उच्च शिक्षा और अच्छी शिक्षा के लिए छात्रों को अब बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए 720 बेड का डॉ भीमराव आंबेडकर प्लस टू आवासीय विद्यालय बना है। जहां सज धज कर वह पूरी तरह से तैयार हो गया है, जो बीते 29 सितंबर को ऑनलाइन के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम, एससी एसटी मंत्री ने उद्घाटन किया है। इसे नए साल से विधिवत रूप से सुचारू रूप से पठन पाठन शुरू हो जाएगा। राज्य स्किम की मद से 65 करोड़ 80 लाख 11 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। डॉ भीमराव आंबेडकर टेन प्लस टू आवासीय विद्यालय में इंटरमीडिएट तक के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ रहने खाने की व्यवस्था भी होगी। नामांकित बच्चे विद्यालय परिसर में ही रहकर पढ़ाई करेंगे। एक ही कैंपस में बच्चों को हर तरह की गतिविधि करने का मौका मिलेगा। इससे उनके शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा। एससी आवासीय स्कूल बनने से मसौढी इलाके के छात्र अच्छी शिक्षा हासिल कर सकेंगे क्योंकि एससी आवासीय विद्यालय निर्माण से इस वर्ग के बच्चों को काफी सहूलियत मिलेगी। सरकार और शिक्षा विभाग एससी वर्ग के बच्चों के पढ़ाई-लिखाई के मद्देनजर काफी गंभीर है। इस कड़ी में हर जिलों में आवासीय स्कूल भवन निर्माण कराया जा रहा है ताकि बच्चों को अच्छी तालीम मिल सके।यह आवासीय विद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा. इसमें 720 छात्रों के लिए आवासीय भवन, स्मार्ट कक्षाएं, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, खेल-कूद के मैदान, और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की व्यवस्था होगी. इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने ही जिले में रहकर आगे बढ़ सकें। हर जिले में यह स्कूल खोलने की योजना सरकार एवं शिक्षा विभाग एससी-एसटी वर्ग के बच्चों की शिक्षा को लेकर गंभीर है।

## करंट लगने से युवक की मौत

**चौसा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चौसा थाना क्षेत्र के पैना में सोमवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया। घटना चौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत पैना पंचायत के पैना गांव वार्ड नंबर 13 में घटित हुई जहां घटना में मो तबरेज का पुत्र मोहम्मद शेख (24 वर्षीय) की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मोहम्मद शेख घर में ही कुछ काम कर रहा था तभी वह बिजली के नंगे तार के संपर्क में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। थानाध्यक्ष रवि कुमार पासवान ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सुपुर्द कर दिया गया है। दूसरी ओर युवक की मौत होने के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है।

## अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड बैंक की सुविधा से प्रसूताओं को मिली रही सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अब कोई भी प्रसूति मरीजो को ब्लड की कमी को लेकर पटना रेफर नहीं किया जाएगा दरअसल अनुमंडलीय अस्पताल मसौढी में अप्रैल 2018 में अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी में ब्लड स्टोरेज यूनिट का उद्घाटन किया गया था, लेकिन बाद में रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल नहीं होने के कारण बीच में यह कुछ सालों के लिए बंद हो गया था फिलहाल मरीजों को इसकी सुविधा मिल रही हैं और अब मसौढीवासी भी इसके प्रति रुचि लेते दिख रहे हैं। अस्पताल प्रशासन ने दावा किया है कि अब प्रसूति मरीजों को पटना रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी यहीं पर ब्लड की सुविधा मिल जाएगा। पहले प्रसूता को ब्लड की कमी होने पर पटना रेफर कर दिया जाता था, कई बार रेफर किए गए प्रसूता का ब्लड की कमी के कारण रास्ते मे या अन्य अस्पतालों में मौत भी हो जाती थी, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड बैंक की सुविधा चालू होने पर महिलाएं प्रसव कराने पहुंचते हैं, जहाँ ब्लड बैंक की सुविधा मरीजों दी जा रही है। बताया गया कि अनुमंडलीय अस्पताल में प्रति महिने 70-80 महिला प्रसव कराने पहुंचती है। अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी में चार गायनी स्पेशलिस्ट डॉक्टर है जिनमें डॉ नलिनी, डॉ अनुपमा, डॉ दिव्या और, डॉ मृदुला है। मसूरी और मंडली अस्पताल के प्रबंधक चंद्रशेखर प्रसाद ने बताया कि मसौढ़ी अनुमंडलीय अस्पताल को ब्लड स्टोरेज यूनिट के संचालन का प्रमाणपत्र राज्य औषधि नियंत्रण इकाई,पटना से मिला है। इसे हर साल पीएमसीएच एनएमसीएच से दो हजार यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया जाता। जो भी मरीज को यहां पर ब्लड कि सुविधा दी जाती है उनके परिजनों द्वारा मे एनएमसीएच में ब्लड देना पड़ता है।

## बोरे में भरकर ले जाई जा रही थी शराब, पुलिस ने दबोचा

### लहसुना पुलिस ने100 लीटर देसी शराब के साथ बाइक समेत किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान सोमवार को लहसुना पुलिस ने 100 लीटर देसी शराब के साथ एक शराब सप्लायर को बाइक समेत गिरफ्तार किया है। इस संबंध में लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि घोरहुआ मुसहरी में छापेमारी कर रहे थे तो गुप्त सूचना मिली कि बदरोई से उसमानचक के रास्ते एक व्यक्ति मोटर साईकिल से शराब लेकर मसौढ़ी के तरफ जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन में वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए घोरहुआ मोड से ग्राम उसमानचक स्कूल के पास पहुँचा तो देखा कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल से अपने पीछे एक प्लास्टिक के बोरे बंधा हुआ लेकर मसौढ़ी की ओर जा रहा है। पुलिस कि गाड़ी को आते देखकर मोटर सवार व्यक्ति भागने लगा भाग रहे व्यक्ति को साथ चल रहे बल के सहयोग से पकड़ने एवं रोकने का प्रयास किया गया परंतु मोटर साइकिल सवार व्यक्ति काफी तेजी से भागने लगा जिसे घेर कर मोटर साइकिल सवार व्यक्ति को रोका गया मोटर साइकिल सवार व्यक्ति का नाम/पता पूछने पर अपना नाम उदय कुमार सिंह उम्र करीब 30 वर्ष पिता-विजेन्द्र प्रसाद सा0-हरला थाना-कादीरगंज बताया, मोटर साईकिल में बंधा हुआ बोरा में तलाशी के क्रम में एक 01 छोटा प्लास्टिक का बोरा जिसे खोल कर देखने पर 05 लुज पन्नी में बंधा हुआ देशी महुआ शराब जिसमें 100 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुआ।

## हाईटेंशन तार के संपर्क में आया कंटेनर, चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा/कोईलवर।** भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-छपरा फोरलेन पर जमालपुर के समीप रविवार दोपहर एक पार्सल कंटेनर हाईटेंशन विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया। जिससे कंटेनर के पिछले हिस्से में आग लग गई और करंट की चपेट में आने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों के साथ कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से कंटेनर में लगी आग को बुझाया गया। मृतक की पहचान सारण (छपरा) जिले के मांझी थाना क्षेत्र के आकाश कुमार के रूप में हुई। वे पेशे से चालक थे और पश्चिम बंगाल में कंटेनर चलाते थे। शव का पोस्टमार्टम आरा सदर अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर आकाश पार्सल कंटेनर लेकर कोईलवर से डोरीगंज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जब वह कंटेनर को सड़क किनारे खड़ा करने का प्रयास कर रहे थे, तभी कंटेनर बिजली के खंभे से टकरा गया। खंभे पर गुजर रहे हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से कंटेनर में करंट दौड़ गया और चालक आकाश की मौत हो गई। साथ ही कंटेनर के पिछले हिस्से में आग भी लग गई।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर ड्यूटी से गायब रहने वाली तीन एएनएम पर कार्रवाई

### स्पष्टीकरण पूछते हुए एक दिन का वेतन कटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ड्यूटी से गायब रहने वाले तीन एएनएम पर गाज गिरी है। दरअसल मसौढ़ी प्रखंड के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सगुनी में तीन एएनएम अपनी ड्यूटी से गायब थी, तीनों पर कार्रवाई करते हुए एक दिन का वेतन कटौती करते हुए स्पष्टीकरण जारी किया है, जिसमें आशा कुमारी, पवन कुमारी एवं रेखा कुमारी शामिल है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर रामानुजन के द्वारा जारी आदेश में बताया कि सोमवार को समय 1:30 बजे अपराहन में कार्यालय को सूचना दिया गया कि हेल्प वेलनेस सेन्टर सगुनी बंद है। जो अत्यंत खेद व चिन्ता का विषय है। जबकि सभी अवगत है कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से संध्या 5 बजे तक सेन्टर पर उपस्थित होकर कार्य करना है। परन्तु बार बार आपलोगों के द्वारा उक्त कृत को अंजाम दिया जा रहा है। जो आप सभी के कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। पूर्व में रेखा कुमारी के द्वारा उक्त का सम्पादन किया गया था, जिसकी शिकायत पूर्व में वहां के ग्रामीणों के द्वारा की गई थी जिसमें रेखा कुमारी के द्वारा उचित जबाव प्रेषित नहीं किया गया था, जो असंतोषजनक था परन्तु भविष्य में इसकी पूर्णावृति न करने हेतु आदेशित करते हुये स्पष्टीकरण से मुक्त किया गया है। फिर भी इस प्रकार कि रवैया स्वेच्छारिता व मनमानेपन को प्रदर्शित करना है। सभी के उक्त लापरवाही के कारण दिनांक 17.11.2025 का वेतन कटौती किया जाता है। पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर आप सभी अपना अपना स्थिति स्पष्ट करें।

## मसौढ़ी नगर केशरवानी वैश्य पंचायत का हुआ चुनाव

### तीन पदों के लिए वोटिंग के जरिए हुआ चुनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी नगर केशरवानी वैश्य पंचायत कार्यकारिणी का चुनाव सोमवार को वोटिंग के जरिए संपन्न हुआ, जिसमे चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में पांच चुनाव पर्यवेक्षक की उपस्थिति मे संपन्न हुआ जिसमें अनिल केसरी, गौरी केसरी, पवन केसरी, जय शंकर केसरी, पारस केसरी शामिल रहे वही नवनिर्वाचित हुए अध्यक्ष पद पर संजय कुमार केसरी जीते। महामंत्री सचिव पद पर विशाल केसरी और कोषाध्यक्ष पद पर संदीप केशरी निरविरोध चुने गये। कुल तीन पदों के लिए हुए चुनाव में कुल छह उम्मीदवारों ने नामांकन कराया था। एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। बहरहाल केसरवानी वैश्य पंचायत की ओर से नामांकन तिथि 10 नवंबर से 13 नवंबर तक निर्धारित की गई थी, इसके अलावा नाम वापसी 14 नवंबर से 15 नवंबर निर्धारित की गई थी, इसके साथ ही मसौढ़ी शहर के केसरवानी वैश्य समुदाय से अपील की गई है कि तीन पदों पर होने वाले चुनाव के लिए सभी केसरवानी समुदाय को आमंत्रित किए गए हैं, जो भी इच्छुक उम्मीदवार अपना नामांकन करना चाहते हैं उन सबों के लिए अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर सकते हैं। अध्यक्ष पद के लिए उम्र 40 वर्ष निर्धारित की गई है। महामंत्री पद के लिए उम्र 25 वर्ष निर्धारित की गई है। कोषाध्यक्ष पद के लिए उम्र 25 वर्ष निर्धारित की गई थी।

## राज्यपाल से मिलकर तारेगना में वेधशाला बनाने और रेलवे स्टेशन पर प्रतिमा लगाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** महान खगोल विद आर्यभट्ट की कर्मभूमि रही मसौढी की तारेगना, जहां कभी आर्यभट्ट ने तारों की गणना की थी, के इतिहास को जीवंत करने को लेकर मसौढी आर्यभट्ट चेतना मंच की ओर से सोमवार को बिहार के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को आर्यभट्ट चेतना मंच की ओर से तारेगना में वेधशाला बनाने के लिए ज्ञापन दिए इसके साथ ही तरेगना रेलवे स्टेशन पर भव्य मूर्ति एवं जीवनी लिखा जाने की मांग की। इसके अलावा तारेगना गांव के किसानों के द्वारा दिये गये जमीन पर वेधशाला बनाने और पैसा दिलाने के लिए आश्वासन दिए, आर्यभट्ट चेतना मंच की ओर से राज्यपाल महोदय से मांग किया कि यथाशीघ्र वेधशाला बनाया जाए स्टेशन पर भव्य मूर्ति का निर्माण हो तथा आर्यभट्ट की जीवनी लिखा जाए इससे पर्यटक लोग मसौढ़ी में काफी लोग आएंगे ज्ञापन देने वाले में आर्यभट्ट चेतना मंच राष्ट्रीय संयोजक डॉ सुनील कुमार गावस्कर, राष्ट्रीय महासचिव मुन्ना पासवान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सह मुखिया चंदन भारती पटना जिला महासचिव महानंद यादव आदी ने ज्ञापन सौंपे।

## दो बाइकों की टक्कर में पांच घायल

### गंभीर हालत में सभी भागलपुर रेफर, कई की स्थिति नाजुक

**हादसा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौसा।** जिले के चौसा थाना अंतर्गत चौसा-उदाकिशुनगंज मुख्य मार्ग पर सोमवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। घोषई गोठ बस्ती के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में पांच बाइक सवार घायल हो गए। इनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को चौसा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉ. अवधेश साफी ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, मायागंज, भागलपुर रेफर कर दिया। घायलों में पूर्णिया जिले के रघुवंश नगर थाना क्षेत्र के बथनाहा निवासी बसंती देवी (30) उनके पति देवन शर्मा (35) और पुत्र सोनेलाल कुमार (20) शामिल हैं। चौसा पूर्वी के डबरु टोला निवासी मोहम्मद यूसुफ के पुत्र मोहम्मद जोहर (30) और उनकी बहन रौनक खातून (20) भी जख्मी हुए हैं। डॉ. अवधेश साफी ने बताया कि मोहम्मद जोहर, बसंती देवी, देवन शर्मा और सोनेलाल कुमार की स्थिति काफी गंभीर है। इसी वजह से उन्हें भागलपुर रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष रवि कुमार पासवान ने जानकारी दी कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की और दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को थाने में सुरक्षित रखवा लिया है। सभी घायलों को आगे के इलाज के लिए भागलपुर भेजा गया है।

### सड़क दुर्घटना में गर्भवती की मौत, इलाज कराकर लौट रही थी घर

**चौसा।** रविवार देर रात चौसा थाना अंतर्गत उदाकिशुनगंज-भटगामा मुख्य मार्ग एसएच-58 पर सहोरा टोला के समीप सड़क पर बने गड्ढे के कारण हुई दुर्घटना में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। बाइक असंतुलित होने से महिला गिर गई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया था लेकिन सिलीगुड़ी ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान चौसा पश्चिमी पंचायत वार्ड संख्या 05 निवासी मो. मुर्ताज की 28 वर्षीय पत्नी नुसरत खातून के रूप में हुई है। वह अपने पति के साथ भागलपुर से चिकित्सक को दिखाकर बाइक से अपने घर लौट रही थीं। यह हादसा सहोरा टोला पेट्रोल पंप के समीप हुआ। आसपास के लोगों और राहगीरों की मदद से नुसरत खातून को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चौसा में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. निर्मल कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें भागलपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से भी उन्हें रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन नुसरत को सिलीगुड़ी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना से परिवार में मातम छा गया है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

## बालिकाओं के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सहरसा।** 17 से 20 नवम्बर 2025 तक मनाए जा रहे विश्व बाल दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आज माध्यमिक राजकीय कन्या विद्यालय, सहरसा में बालिकाओं के बीच कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में खेल भावना, आत्मविश्वास, टीम स्पिरिट तथा नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। प्रतियोगिता में विद्यालय की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व से भी अवगत कराया गया। महिला एवं बाल विकास निगम के काजल चौरसिया, जिला परियोजना प्रबंधक ने बताया कि बालिकाओं को प्रोत्साहित करना, उन्हें सुरक्षित और अनुकूल माहौल प्रदान करना तथा खेलों के माध्यम से आत्मबल बढ़ाना। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस प्रकार की गतिविधियाँ बालिका सशक्तिकरण को बढ़ावा देती हैं और उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागी बालिकाओं को प्रेरित करने हेतु बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं लोगोयुक्त टीशर्ट, टोपी एवं बैग जिला परियोजना प्रबंधक एवं हेडमास्टर एवं अन्य शिक्षक के द्वारा पुरुस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक, केंद्र प्रशासक ग्ट्टए श्रीमती नमीता शंकर, लेखा सहायक ऋचा मिश्रा, रेशमा प्रवीण केस वर्कर, अखिलेश कुमार कम्प्यूटर ज्ञानयुक्त कार्यालय सहायक, संजू पारा लीगल अंशकालिक अधिवक्ता मोहन कुमार, अजय कुमार एवं स्कूल के प्राचार्य सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिका मौजूद रहे।

## डाकघर की बड़ी पहल : महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने के लिए 'महिला सम्मान बचत योजना' से नई उड़ान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**आरा (भोजपुर)।** महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए डाक विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना' को अब भोजपुर जिले के सभी डाकघरों में शुरू कर दिया गया है। डाक अधीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि यह योजना ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है और उन्हें सुरक्षित निवेश के साथ मजबूत वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर रही है।

इस योजना का मकसद महिलाओं में बचत की आदत विकसित करना और उन्हें आर्थिक निर्णय लेने के प्रति जागरूक बनाना है। योजना के तहत महिलाएं दो वर्ष की अवधि के लिए निवेश कर सकती हैं, जिस पर 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर दी जाएगी।

यह ब्याज तिमाही आधार पर चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में जोड़ा जाएगा। योजना में न्यूनतम 1,000 रुपये और अधिकतम 2 लाख रुपये तक निवेश की सुविधा है।

महिलाओं के लिए सबसे बड़ी राहत यह है कि निवेश के एक वर्ष पूरे होने के बाद 40 प्रतिशत राशि आंशिक रूप से निकाली जा सकती है। यह सुविधा आपात स्थितियों के समय महत्वपूर्ण सहारा देती है।

डाक अधीक्षक के अनुसार, यह योजना महिलाओं को बचत की नई दिशा देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बना रही है। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल 2025 से अन्य छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में भी बढ़ोतरी की है, जिसका लाभ किसानों, छोटे व्यापारियों, वरिष्ठ नागरिकों और विशेष रूप से महिलाओं को मिलेगा।

**दो साल में बनेगी 'लखपति महिला'**

यदि कोई महिला इस योजना में अधिकतम 2 लाख रुपये निवेश करती है, तो दो साल में उसे ब्याज सहित लगभग 2 लाख 27 हजार रुपये प्राप्त होंगे। यानी महिलाएं सुरक्षित निवेश के साथ सिर्फ दो वर्ष में 'लखपति' बन सकती हैं। यही वजह है कि यह योजना महिलाओं के बीच एक विश्वसनीय और आकर्षक निवेश विकल्प बन चुकी है। खाता खोलने के लिए महिलाओं को आधार कार्ड, पैन कार्ड जैसे केवाईसी दस्तावेज़ों के साथ पे-इन स्लिप या चेक लेकर निकटतम डाकघर में जाना होगा। नाबालिग लड़कियों के नाम से खाता खोलने की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसे उनके अभिभावक संचालित कर सकते हैं। डाकघर की यह पहल ग्रामीण भारत में महिला सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रही है। आने वाले वर्षों में यह योजना लाखों महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और सशक्तिकरण की नई राह दिखाएगी।

# बिहार में एनडीए की अप्रत्याशित जीत, प्राथमिकता के आधार पर होंगे विकास कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** एनडीए की अप्रत्याशित जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ और सबका विकास तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन का प्रतीक है। यह बात प्रेसवार्ता के दौरान अपने आवास पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कही। श्री सिंह ने कहा कि औरंगाबाद की समझदार और बुद्धिमान जनता ने छह में से पांच सीट एनडीए की झोली में देने का काम किया है। जनादेश का सम्मान करता हूं। देवतुल्य मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इस बार जिले के दो-तीन प्रमुख विकास कार्य होंगे जो वर्षों से लंबित है। उन्होंने कहा कि उत्तर कोयल नहर परियोजना का निर्माण कार्य पूरा होगा ताकि औरंगाबाद और गया जिलों के साथ-साथ झारखंड के कुछ हिस्सों में किसानों को सिंचाई सुविधा मिले। वर्षों के इंतजार के बाद पटना-औरंगाबाद रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा होगा। इसके अलावा पटना से औरंगाबाद-हरिहरगंज फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। पूर्व सांसद श्री सिंह ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है। यह जीत चुनाव का नेतृत्व करने वाले दुनिया के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के विकास पुरुष नीतीश कुमार के जोड़ी की कमाल है। इस जोड़ी ने जनता में विश्वास और उम्मीद पैदा की और कमाल की व्यू रचना की। एनडीए के सभी घटक दलों के नेता केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान एवं राजसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी दलों ने पांडव की भूमिका निभाई। इन सभी के प्रति हम आभारी हैं। यह जीत चुनावी सुनामी की तरह है। इस अप्रत्याशित सफलता की आशा और उम्मीद नहीं थी। किसी को इस परिणाम की उम्मीद नहीं थी। एनडीए को छोड़कर सभी पार्टियों के नेता अपनी सफलता की दावा बढ़ा चढ़ाकर कर रहे थे लेकिन इस सफलता ने उनके बड़बोलेपन को नकार दिया। पूर्व सांसद श्री सिंह ने कहा कि हमलोगों को बड़बोलेपन की आदत नहीं है। जो उम्मीद होती है, उससे कम ही बताते है। इस दौरान हम लोगों ने कहा था कि एनडीए की सरकार बनेगी। 200 सीट पार करेंगे, इसका अनुमान नहीं था। इसके लिए जनता के साथ-साथ कार्यकर्ताओं व शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। विपक्ष ने चुनाव में झूठ फैलाकर जनता को गुमराह किया। चाहे वह वोट चोरी का मामला हो या फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर हो। तमाम झूठ के बावजूद बुद्धिमान जनता ने विपक्ष को नकार दिया। पूर्व सांसद श्री सिंह ने कहा कि यह जीत बिहार में सुशासन आने और सुशासन जारी रहने का संदेश है। साथ ही विपक्ष को आगे से झूठ की राजनीति को लेकर सावधान किया है। उन्होंने कहा कि हमारी किसी से कोई शिकायत नहीं है। इस अप्रत्याशित परिणाम के वावजूद हम समीक्षा करेंगे। जहां कमियां रह गई है, उसे सुधार करेंगे। बिना कोई पूर्वाग्रह के विकास कार्यों पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार से अपेक्षा करता हूं कि जनता की सहूलियत के लिए अधिक से अधिक विकास कार्यों की प्राथमिकता दी जायेगी ताकि जनता को बुनियादी सुविधाएं मिल सके।इस अवसर पर जिला पार्षद रामेश्वर बैठा, भाजपा के वरीय नेता व वार्ड पार्षद अशोक सिंह, मुनींद्र राम, विनोद चंद्रवंशी, भोला सिंह, मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिंह सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर औरंगाबाद में कई पत्रकार सम्मानित

## विधिक सेवा प्राधिकरण ने सराहा मीडिया का योगदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, औरंगाबाद की ओर से व्यवहार न्यायालय स्थित विधिक सेवा सदन में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण औरंगाबाद के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजकुमार ने की, जबकि संचालन प्राधिकरण की सचिव न्यायाधीश तान्या पटेल ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजकुमार वन ने कहा कि औरंगाबाद में विधिक जागरूकता फैलाने तथा लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार में स्थानीय मीडिया का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि मीडिया की निरंतर भागीदारी से समाज में कानूनी विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ी है, जिसके परिणामस्वरूप लोक अदालतों में सुलहनीय वादों का निष्पादन तेजी से हुआ है और दूरदराज के ग्रामीण भी इसका लाभ उठा रहे हैं। निर्धन एवं असहाय लोगों तक विधिक सहायता पहुँचाने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। समारोह में एक दशक से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यक्रमों को निरंतर कवरेज देने वाले जिला विधिज्ञ संघ के अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही सहित अधिकांश प्रमुख प्रिंट मीडिया ब्यूरो चीफों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्रदान करने का कार्य अध्यक्ष राजकुमार और सचिव तान्या पटेल ने संयुक्त रूप से किया। सम्मानित पत्रकारों में कमल किशोर, प्रेमेन्द्र मिश्र, विकास सिंह, सुजीत सिंह, स्नेह रंजन, गणेश प्रसाद, प्रियदर्शी किशोर श्रीवास्तव, साकेत कुमार सहित कई अन्य मीडिया प्रतिनिधि शामिल रहे। मीडिया प्रतिनिधियों ने इस पहल के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वे आगे भी विधिक जागरूकता के प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।

# मुख्यमंत्री से मिले नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद सिंह, क्षेत्र की समस्याओं से करवाया अवगत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर।** रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन व जदयू विधायक प्रमोद कुमार सिंह को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं से भी अवगत करवाया। नव निर्वाचित विधायक श्री सिंह ने बताया कि रफीगंज विधानसभा क्षेत्र की जनता के विकास और उत्थान के सदैव तत्पर रहेंगे जो हमने वादा किया है, उसे शत-प्रतिशत पूरा करने का काम करेंगे। रफीगंज में किसान गरीब नौजवान का राज आया है जिस उम्मीद के साथ जनता ने अपना मत का प्रयोग कर रफीगंज क्षेत्र में बदलाव किया है, विकास के रूप में यह बदलाव लोगों को देखने को मिलेगा। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की स्थिति परिस्थिति से भी अवगत करवाया है। सरकार बनाने के बाद क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के काम करेंगे। विधानसभा क्षेत्र में कोई बड़ी उद्योग लगाने के लिए उद्योगपतियों से मिल प्रयास किया जाएगा ताकि पांच-दस हजार युवाओं को रोजगार मिल सके। उत्तरी कोयल नहर परियोजना को शीघ्र पूरा करा किसानों के खेतों तक पानी पहुंच जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन की जरूरत है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार महिला समेत तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रिसियप थाना क्षेत्र के बभंडीह गांव के पास एनएच-139 पर सोमवार को दो बाइकों के बीच टक्कर में एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में अंबा थाना क्षेत्र के तेलहारा गांव निवासी निवासी 45 साल की मनोरमा देवी, उसका भतीजा बारुण थाना क्षेत्र के मखरा गांव निवासी स्व. सुरेंद्र पासवान के 22 वर्षीय पुत्र डब्लू कुमार पासवान व मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुसनार के रहने वाले सुरेश भगत के पुत्र सोनू कुमार है। सोनू अपने मोपेड बाइक पर सवार होकर हरिहरगंज की ओर से लौट रहा था। वहीं दूसरी बाइक पर सवार डब्लू अपनी बुआ मनोरमा को लेकर उसके घर तेलहारा पहुंचाने ले जा रहा था। मोपेड सवार सोनू अंबा थाना क्षेत्र शिवाला स्थित अपने रिश्तेदार के घर से लौट रहा था। इसी क्रम में दोनों बाइकों के बीच टक्कर हो गई। इसके बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। डब्लू और उसकी बुआ मनोरमा का इलाज अंबा के की निजी क्लीनिक में कराया गया। जबकि सोनू का इलाज कुटुंबा रेफरल अस्पताल में कराया गया है। स्थानीय युवक कजरा सिंह ने घायलों के इलाज में मदद किया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बाइकों को कब्जे में ले लिया।

# प्रसूता की मौत पर निजी अस्पताल सील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज(औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के राजा बागीचा स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल को सोमवार को अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी ने सील कर दिया। यह कार्रवाई एक गर्भवती महिला की मौत के बाद की गई है, जिसमें अस्पताल पर लापरवाही का आरोप है। अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि शुक्रवार को गया जिले के कोच थानांतर्गत कोराप पंचायत के डीहुरी गांव निवासी मिथुन शर्मा की 26 वर्षीय गर्भवती पत्नी पूजा कुमारी की इलाज के दौरान लापरवाही के कारण मौत हो गई थी। मृतका के पति मिथुन शर्मा ने झोला छाप चिकित्सक प्रकाश कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी चार माह की गर्भवती पत्नी को पेट दर्द के इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। डॉक्टर ने भर्ती कर दो इंजेक्शन दिए और पानी चढ़ाया। मिथुन शर्मा के अनुसार जब उनकी पत्नी की तबीयत बिगड़ने लगी तो उन्हें जूस लाने के लिए बाजार भेज दिया गया। वापस आने पर उन्होंने देखा कि डॉक्टर और कंपाउंडर अस्पताल छोड़कर फरार हो चुके थे और उनकी पत्नी बेड पर मृत पड़ी थी। परिजनों और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना रफीगंज थाना को दी। पुलिस ने चिकित्सक की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की,लेकिन वह अभी तक फरार है। थाना प्रभारी शंभू कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अवैध रूप से चल रहे इस अस्पताल को सील किया गया है। डॉक्टर अभी भी फरार है और अस्पताल के दरवाजे को सील कर दिया गया है।

# तिल प्रोसेसिंग फैक्ट्रियों से लोगों को मिल रहा रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार-झारखंड की सीमा से सटे ग्रामीण इलाकों में तिल प्रोसेसिंग फैक्ट्रियों का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। दर्जनों छोटी-बड़ी यूनिट यहां संचालित हो रही है, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है। इन फैक्ट्रियों में तिल की सफाई, धुलाई, सुखाई और पैकिंग का काम बड़े पैमाने पर होता है, जिससे सैकड़ों मजदूरों को रोजगार मिल रहा है। फैक्ट्री संचालकों को भी करोड़ों का कमाई हो रहा है। संचालकों के अनुसार प्रोसेसिंग के लिए आवश्यक कच्चा माल उत्तर प्रदेश के कानपुर, फतेहपुर और आसपास के जिलों से ट्रकों के माध्यम से लाया जाता है। यहां पहुंचने पर तिल को पहले मशीनों से साफ किया जाता है फिर आधुनिक ड्रम वॉशर से धुलाई और भट्ठियों के जरिए सुखाने की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इसके बाद इसे बोरी में पैक कर पटना, गया, नवादा, नालंदा सहित कई जिलों में बड़ी मात्रा में सप्लाई किया जाता है। सर्दियों के मौसम में तिल की डिमांड ज्यादा है। बाजार में तिल के लड्डू, चिक्की और अन्य उत्पादों की खपत बढ़ जाती है। सिमरी गांव के मजदूर संदीप कुमार ने बताया कि उन्हें यहां काम के साथ रहने की सुविधा भी मिलती है। जिसके कारण महीनों तक फैक्ट्रियों में ही रहकर काम करते हैं। प्रति फैक्ट्री औसतन 20-30 मजदूर कार्यरत रहते हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की भी है। जो पैकिंग, छंटाई और तिल सुखाने के कार्य में योगदान दे रही हैं। अगर उन्हें सालों भर यहां काम मिले तो जीविकोपार्जन के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। फैक्ट्री संचालक रवि कुमार का कहना है कि सफाई और धुलाई की प्रक्रिया मशीन से की जाती है। इसके बावजूद पैकिंग, लोडिंग और ट्रांसपोर्टेशन में मानव श्रम की अहम भूमिका बनी हुई है। इससे आसपास के गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। स्थानीय बाजारों में नकदी प्रवाह बढ़ा है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले युवाओं और महिलाओं के लिए यह क्षेत्र आय का स्थिर स्रोत बनकर उभरा है। हालांकि, कुछ इकाइयां अब भी बिना औद्योगिक पंजीकरण के संचालित हो रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इन फैक्ट्रियों को औपचारिक उद्योग संरचना से जोड़ा जाए, तो न केवल रोजगार और बढ़ेगा बल्कि सरकार को राजस्व का लाभ भी मिलेगा। इसके बावजूद सीमावर्ती इलाकों में चल रही ये तिल प्रोसेसिंग फैक्ट्रियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंक रही हैं और लोगों के लिए रोजगार का मजबूत सहारा बन चुकी हैं।

# अनुदानित बीज के लिए किसानों की उमड़ रही भीड़

**ओबरा(नबिटा संवाददाता।** प्रखंड परिसर स्थित कृषि कार्यालय में रबी के बीज का वितरण किया जा रहा है। हर दिन बीज पाने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ रही है। कतारबद्ध होकर किसान अनुदानित बीज का लाभ उठा रहे हैं। सोमवार को सैकड़ों किसान बीज के लिए कृषि कार्यालय पहुंचे थे।

# दशरथ प्रसाद रामनंदन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मन रहा नेशनल फार्मेसी वीक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** आरएनपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में दशरथ प्रसाद रामनंदन कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा नेशनल फार्मेसी वीक 2025 आज से मनाया जा रहा है। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिता 100 मीटर रेस बॉयज में आलोक कुमार बी फार्मा (प्रथम वर्ष) प्रथम, चंदन कुमार बीपी फर्स्ट ईयर द्वितीय और रोशन कुमार बीपी फर्स्ट ईयर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 100 मीटर रेस गर्ल्स में अंजना एएनएम फर्स्ट ईयर की प्रथम, सुमी कुमारी एएनएम फर्स्ट ईयर की द्वितीय और अंशु कुमारी एएनएम प्रथम वर्ष की तृतीय स्थान पर रही। टंग ट्विस्टर प्रतियोगिता में आलोक कुमार बी फार्मा फर्स्ट ईयर प्रथम, रुचि श्रीवास्तव बीपी फर्स्ट ईयर द्वितीय और गंगा नारायणी बी फार्मा फर्स्ट ईयर तृतीय स्थान पर रही रहे। कैरम प्रतियोगिता गर्ल्स में गंगा नारायणी बी फार्मा फर्स्ट ईयर प्रथम, निशा कुमारी बी फार्मा फर्स्ट ईयर द्वितीय और रुचि श्रीवास्तव बीपी फर्स्ट ईयर तृतीय स्थान पर रही। कैरम प्रतियोगिता बॉयज में आलोक कुमार बी फार्मा फर्स्ट ईयर प्रथम, कुमार पल्लव तनुज बी फार्मा फर्स्ट ईयर सेकंड रहे और ऋषि राज बी फार्मा फर्स्ट ईयर तृतीय स्थान पर रहे। फोटोग्राफी में रूपम कुमारी एएनएम फर्स्ट ईयर प्रथम स्थान, निशा कुमारी बी फार्मा फर्स्ट ईयर द्वितीय और रोशन कुमार बीपी फर्स्ट ईयर तृतीय स्थान पर रहे। संस्था के सचिव शंभूनाथ पांडे ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है तथा फार्मेसी, नर्सिंग तथा पैरामेडिकल करने वाले छात्र छात्राओं ने साबित कर दिया कि पाठ्यक्रमों के साथ-साथ इन प्रतियोगिताओं में भी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। मौके पर फार्मेसी प्राचार्य, स्कूल की एडमिनिस्ट्रेटर अपराजिता चौबे, नर्सिंग प्राचार्य रंजू यादव, पैरामेडिकल प्राचार्य कन्हैया, एचआर पूजा सिंह, राजदीप, दीपक, सूरज, हरिवॉशर, पिंकी, पिंकी नर्सिंग, लवकुश, सचिन सिंह आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# दाउदनगर महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर।** दाउदनगर महाविद्यालय के प्रेमचंद सभागार में जैव-एरोसोल, प्रदूषक व विंटर रेस्पिरेटरी एपिडेमिक विषय पर वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो डॉ एमएस इस्लाम ने अध्यक्षता करते हुए सूक्ष्म कणों के एरोसोल में बढ़ने के कारण पौधों पर होने वाले हानिकारक असर पर अपने शोध पत्र के माध्यम से प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान में दिल्ली जैसे महानगरों में सर्दियों में होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं का मनुष्यों के स्वास्थ्य पर हो रहे खतरनाक असर के विषय में भी बताया। महाविद्यालय की छात्रा खुशबू व सन्नी ने अस्थमा तथा प्रदूषण विषय पर अपने वक्तव्य रखे। वनस्पति विज्ञान के डॉ सुमित कुमार मिश्र ने अपने वक्तव्य में शीत ऋतु में प्रदूषण, सूक्ष्म जैविक कणों (बायो-एरोसोल्स) और श्वसन रोगों के बीच जटिल संबंधों को वैज्ञानिक दृष्टि से समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे कम तापमान, तापीय उलटाव और बढ़े हुए पीएम 2.5 स्तर वायरस एवं बैक्टीरिया के प्रसार को बढ़ावा देते हैं। डॉ मिश्र ने अंतरराष्ट्रीय शोधों, वास्तविक आंकड़ों और हालिया मेटा-विश्लेषणों का उपयोग करते हुए यह स्पष्ट किया कि प्रदूषित हवा न केवल सूक्ष्मजीवों के वाहक के रूप में कार्य करती है बल्कि फ़ेफड़ों की प्रतिरक्षा क्षमता को भी कमजोर करती है। उन्होंने बायो-एरोसोल सैंपलिंग तकनीकों, हेपा फिल्ट्रेशन तथा सामुदायिक एवं नीतिगत स्तर पर आवश्यक कदमों पर भी व्यापक चर्चा की। उन्होंने छात्रों को पर्यावरणीय चुनौतियों को जैविक परिप्रेक्ष्य से समझने तथा अनुसंधान एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य में इनके उपयोग को लेकर प्रेरित किया। मंच संचालन डॉ रोजी कांत तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ श्रीनिवास सिंह ने किया। मौके पर पीआरओ डॉ देव प्रकाश के अलावे अन्य शिक्षक- शिक्षिका तथा बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

